✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 06 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 2 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते सीएम सम्राट चौधरी

### मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के लाखों पेंशनधारकों के लिए अच्छी खबर है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिया है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की राशि हर महीने की 10 तारीख तक लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भुगतान में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए और जरूरतमंद लोगों को समय पर लाभ मिलना चाहिए। पटना स्थित लोक सेवक आवास के संकल्प सभागार में आयोजित बैठक में समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचना चाहिए। इसके लिए निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी केंद्रों की निगरानी तकनीकी माध्यमों से की जाए। बच्चों और आंगनबाड़ी कर्मियों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। कुपोषण, स्टंटिंग और वेस्टिंग जैसी समस्याओं को कम करने के लिए विशेष अभियान चलाने और प्रभावी योजनाएं लागू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में परवरिश योजना समेत कई सामाजिक कल्याण योजनाओं के विस्तार पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग योजनाओं के पात्र हैं, उन्हें लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए लाभार्थियों की पहचान और चयन प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने का निर्देश दिया गया। सम्राट चौधरी ने विभाग में लंबे समय से रिक्त पड़े पदों को जल्द भरने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्याप्त कर्मचारियों की उपलब्धता से योजनाओं का संचालन बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाएं बढ़ाने और आधारभूत व्यवस्था को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को साफ संदेश दिया कि योजनाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि गरीब, कमजोर और जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की जिम्मेदारी है। इसलिए सभी योजनाओं को पूरी पारदर्शिता और तय समय सीमा के भीतर लागू किया जाए।



## जेइइ एडवांस्ड में गयाजी के शुभम कुमार बने ऑल इंडिया टॉपर

### सीएम सम्राट चौधरी ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** आईआईटी रुड़की द्वारा जारी जेइइ एडवांस के नतीजों में गया के शुभम कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश में टॉप किया है। दिल्ली जोन के उम्मीदवार शुभम कुमार ने 330 अंक हासिल कर कॉमन रैंक लिस्ट में पहला स्थान प्राप्त किया। शुभम मूल रूप से गया शहर के नादरागंज (ब्राह्मणी घाट) के रहने वाले हैं। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता के बाद गया जिला एक बार फिर पूरे देश में सुर्खियों में आ गया है। परीक्षा परिणाम के अनुसार आईआईटी दिल्ली जोन के कबीर छिल्लर ने 329 अंक प्राप्त कर देश में दूसरा स्थान हासिल किया जबकि जतिन बत्रा 319 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, दिल्ली जोन की ही आरोही पांडे इस परीक्षा में शीर्ष महिला उम्मीदवार रहीं जिन्होंने 280 अंक प्राप्त कर महिला अभ्यर्थियों में पहला स्थान हासिल किया। शुभम कुमार वर्तमान में कोटा में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। वे गया के ब्रिटिश स्कूल गुरुकुल के छात्र रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल करने पर शुभम कुमार को बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि शुभम की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा है। उनकी यह ऐतिहासिक सफलता पूरे बिहार के लिए गर्व का क्षण है और इससे राज्य के विद्यार्थियों को नए लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी।



## संक्षिप्त समाचार

### सासाराम सदर के सीओ निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए रोहतास जिले के सदर अंचल अधिकारी आकाश कुमार रौनियार को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय सारण प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, छपरा निर्धारित किया गया है। हिरासत से मुक्त होने के बाद उन्हें वहीं योगदान देना होगा और नियमित उपस्थिति दर्ज करानी होगी। विभागीय नियमों के अनुसार उन्हें निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

### जदयू की बैठक 21 जून को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जदयू की ओर से 21 जून को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। पटना के कर्पूरी सभागार में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार की अध्यक्षता में यह बैठक होगी। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने इस बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि बैठक का मुख्य एजेंडा राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नीतीश कुमार के निर्वाचन पर राष्ट्रीय परिषद की औपचारिक मुहर लगना है। बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला स्तर के प्रमुख पदाधिकारी, राष्ट्रीय और राज्य परिषद के सदस्य भी मौजूद रहेंगे।

### बस की टक्कर से दो युवकों की मौत

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों युवक एक बाइक से कंप्यूटर क्लास करने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक की एक बस से आमने-सामने की टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान सिवाइपट्टी थाना क्षेत्र के हरहिंया गांव निवासी बैजू पंडित के पुत्र राजन कुमार और मद्येयपुर निवासी कन्हाई पांडेय के पुत्र मनीष कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीत्कार मच गई।

### कुख्यात दवा माफिया गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात दवा माफिया नीरज को हाजीपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पटना सहित कई जिलों में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से नशीली दवाओं के अवैध कारोबार में सक्रिय था। पटना पुलिस की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर नीरज को हाजीपुर से गिरफ्तार किया है।

### डिग्री कॉलेजों में जल्द होगी पार्ट टाइम प्रोफ़ेसरों की नियुक्ति

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के 211 नए डिग्री कॉलेजों में जल्द ही अशंकालिक प्राध्यापकों की नियुक्ति होगी। इनके चयन कार्य तय समय-सीमा में पूरा किया जाएगा और चयन की नई प्रक्रिया अपनाई जाएगी। कक्षाओं के संचालन की तमाम तैयारियां एक जुलाई के पहले पूरी की जाएंगी।

## बिहार में 10 सीओ का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने 10 अंचलाधिकारियों का तबादला कर दिया है जबकि रोहतास के अंचलाधिकारी आकाश कुमार रौनियार को निलंबित कर दिया है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने तीन लाख रुपये की रिश्वत लेते 22 मई को इन्हें गिरफ्तार किया था। विभागीय मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवान ने सोमवार को बताया कि रौनियार को गिरफ्तारी की तिथि से ही निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय सारण के प्रमंडल आयुक्त कार्यालय होगा। जेल से निकलने के बाद वे उसी कार्यालय में अपना योगदान देंगे। विभाग की एक अन्य अधिसूचना में 10 अंचलाधिकारियों का तबादला किया गया है। कुमार हर्ष को विद्यापतिनगर, सीमा रंजन को गोरौल, खुशबू गौतम को सासाराम सदर, पल्लवी कुमारी को बेतिया सदर, प्रीति कुमारी को कदवा, वर्षा रानी को बेनीपुर एवं गरिमा को पुरनहिया का अंचलाधिकारी बनाया गया है। कदवा के अंचलाधिकारी मयंक आशुतोष आनंद, बेनीपुर के अश्वनी कुमार एवं बेतिया सदर के अंचलाधिकारी उमाशंकर को पदस्थापन की प्रतीक्षा में मुख्यालय बुला लिया गया है। डॉ. जायसवाल ने बताया कि रतनी फरीदपुर की अंचलाधिकारी नुजहत के बारे में सोशल मीडिया में प्रसारित वीडियो की जांच होगी। इसके लिए विभाग की ओर से जहानाबाद के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक टीम का गठन किया गया है। वीडियो में डोंगल का दुरुपयोग, गलत ढंग से जमाबंदी कायम करने एवं लेन देन के भी दृश्य हैं।

## एनटीपीसी की कहलगांव परियोजना का होगा विस्तार : रवीन्द्र कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** देश की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादक कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (प्रचालन) रवीन्द्र कुमार ने आज यहां संकेत दिया है कि बिहार का प्रथम एनटीपीसी के कहलगांव परियोजना का विस्तारीकरण शीघ्र होगा। तीसरे फ़ेज के तहत 800 मेगावाट की इकाइयां स्थापित की जाएगी। उन्होंने सोमवार को यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि कहलगांव परियोजना बिहार में एनटीपीसी के सबसे पुराने और पहले विधुत उत्पादन केंद्र है। अभी दो फ़ेज के तहत इस परियोजना की कुल संस्थापित क्षमता 2340 मेगावाट है। यहां पर्याप्त जमीन है और तीसरे फ़ेज के लिए अपार संभावनाएं मौजूद है। साथ ही नई इकाईयों के निर्माण की सभी आवश्यक परिस्थितियां भी अनुकूल है। श्री कुमार ने कहा कि कहलगांव परियोजना में तीसरे फ़ेज के तहत आठ सौ मेगावाट क्षमता वाले संयंत्र की स्थापना के लिए स्थलीय सर्वे का काम पूरा हो चुका है। एनटीपीसी मुख्यालय में बातचीत चल रही है और बहुत जल्द इसकी विधिवत घोषणा होगी। इसके बाद यहां तीसरे फ़ेज के निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा। निदेशक ने बताया कि मौजूदा समय में एनटीपीसी के कोयला एवं गैस आधारित कुल 48 विधुत परियोजनाएं स्थापित हैं। इसके अलावा सोलर से 45 और हवा से 6 परियोजनाओ का परिचालन किया जा रहा है। आज एनटीपीसी अपने सभी परियोजनाओं के जरिए देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए क्षेत्र और समाज में जनकल्याणकारी योजनाओं को तत्परता से क्रियान्वित कर रहा है। मौके पर कहलगांव परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



## विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापकों की होगी प्रोन्नति

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापकों की प्रोन्नति होगी। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने सभी कुलपतियों को निर्देश दिया है कि प्राध्यापकों की प्रोन्नति के सभी पेंडिंग मामले 15 जून से प्रारंभ करते हुए 15 सितंबर तक निपटाएं। इस संबंध में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह के हस्ताक्षर से सोमवार को कुलपतियों को निर्देश पत्र जारी किया गया। इसमें कुलपतियों से कहा गया है कि प्राध्यापकों की प्रोन्नति के पेंडिंग मामलों के निपटारे को प्राथमिकता दें। दरअसल, राज्यपाल सचिवालय को शिकायतें मिल रहीं थीं कि विश्वविद्यालयों द्वारा शिक्षकों की प्रोन्नति के पेंडिंग मामले नहीं निपटाए जा रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए राज्यपाल ने कुलपतियों को प्रोन्नति के सभी पेंडिंग मामले निबटाने का आदेश दिया।

## रिश्वत लेते बिजली एसडीओ समेत दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने सोमवार को सूबे के अलग-अलग स्थानों से रिश्वत लेते बिजली एसडीओ समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बांका के रजौन स्थित विद्युत कार्यालय में सोमवार को निगरानी (विजिलेंस) विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के एसडीओ विजेंद्र कुमार को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस टीम उन्हें अपने साथ पटना ले गई जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। जानकारी के अनुसार धोरैया थाना क्षेत्र निवासी मनोज यादव ने निगरानी विभाग से शिकायत की थी। मनोज यादव के घर में घरेलू बिजली कनेक्शन है और वे अपने घर से ही एक छोटी किराना दुकान का संचालन करते हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि जांच के दौरान एसडीओ विजेंद्र कुमार ने दुकान में व्यावसायिक बिजली कनेक्शन नहीं होने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। आरोप है कि कार्रवाई नहीं करने के बदले उन्होंने पहले दो लाख रुपये रिश्वत की मांग की जिसे बाद में बातचीत के बाद 30 हजार रुपये पर तय किया गया। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने मामले की सत्यता की जांच कराई। आरोप सही पाए जाने पर विजिलेंस विभाग ने डीएसपी सत्येंद्र राम के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर जाल बिछाया। सोमवार शाम करीब 4:30 बजे रजौन विद्युत कार्यालय में जैसे ही शिकायतकर्ता मनोज यादव ने एसडीओ विजेंद्र कुमार को 20 हजार रुपये दिये तभी पहले से मौजूद विजिलेंस टीम ने उन्हें रिश्वत की राशि के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। वहीं पूर्णिया में विजिलेंस की टीम ने के.नगर प्रखंड कार्यालय के राजस्व कर्मचारी रूपक कुमार को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा है। कर्मचारी मोटेशन यानी दाखिल-खारिज कराने के एवज में शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग कर रहा था। गिरफ्तारी प्रखंड परिसर स्थित अभिलेखागार कक्ष से की गई। विजलेंस के डीएसपी राजेंद्र प्रसाद ने खुद इसकी पुष्टि की है। वहीं शिकायतकर्ता का नाम उमेश कुमार महतो है। उमेश श्रीनगर प्रखंड के चनका पंचायत के वार्ड 10 के रहने वाले हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, श्रीनगर चनका पंचायत के निवासी उमेश कुमार महतो ने अपनी पत्नी पुष्पा देवी के नाम पर दर्ज 4 डेसिमल 35 कड़ी जमीन के दाखिल-खारिज के लिए आवेदन दिया था। आरोप है कि इस कार्य के बदले संबंधित राजस्व कर्मचारी रूपक कुमार द्वारा उनसे 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। काफी मान-मनौव्वल और बातचीत के बाद रिश्वत की राशि 12 हजार रुपये में तय हुई। विजिलेंस के डीएसपी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि सोमवार को रूपक कुमार ने शिकायतकर्ता को अंचल कार्यालय बुलाया था। तहत उमेश रिश्वत की रकम लेकर कार्यालय पहुंचे। उस समय राजस्व कर्मचारी अभिलेखागार कक्ष में मौजूद था, जबकि विजिलेंस की टीम सिविल ड्रेस में पहले से वहां तैनात थी। जैसे ही शिकायतकर्ता ने 10 हजार रुपये आरोपी को दिए और उसने रकम अपनी जेब में रखी, टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे रंगे हाथ पकड़ लिया।

## गर्मी की छुट्टियों में भी शिक्षकों को मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के लिए एक बड़ी खबर है। राज्य में सोमवार से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं, जो 20 जून तक चलेंगी लेकिन इस बार शिक्षक छुट्टियों का आनंद लेने के लिए अपने घर या बाहर नहीं जा सकेंगे। शिक्षा विभाग ने एक कड़ा आदेश जारी करते हुए स्पष्ट रूप से कहा है कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान भी सभी शिक्षकों को अपने ड्यूटी वाले क्षेत्र में ही रहना होगा। अगर किसी शिक्षक को किसी आपातकालीन या बहुत जरूरी काम से मुख्यालय छोड़ना पड़ता है तो उन्हें इसके लिए सक्षम अधिकारी से पहले बकायदा अनुमति लेनी होगी। शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को इस संबंध में सख्त निर्देश भेजे हैं। मुख्यालय में शिक्षकों की मौजूदगी अनिवार्य करने के पीछे दो मुख्य कारण बताए जा रहे हैं। पहला कारण बताया जा रहा है कि चूंकि गर्मी की छुट्टियों के दौरान राज्य सरकार के कई महत्वपूर्ण पदों पर भर्ती के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित होने वाली हैं।

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।

## जनोपयोगी योजनाओं को प्राथमिकता के तौर पर करें लागू : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक की और कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवासीय विद्यालयों को आदर्श विद्यालयों के तर्ज पर संचालित करें और राज्य के छात्रावासों में आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि जन उपयोगी योजनाओं को प्राथमिकता के तौर पर लागू करें। वैसी योजनाएं जिनका रिजल्ट संतोषजनक नहीं है उन योजनाओं की समीक्षा कर उनकी कार्य पद्धति में बदलाव लाएं। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत संचालित स्कूलों में शिक्षकों की रिक्तियां को भरने के लिए नियमावली बनाएं तथा उन रिक्तियों पर एक तय समय सीमा के अंदर नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा करें। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के द्वारा संचालित सभी आवासीय विद्यालयों को आदर्श विद्यालयों की तर्ज पर संचालित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश किया कि आवासीय विद्यालयों के परिसरों को आधुनिक मॉडल के अनुरूप बनाएं। इन विद्यालयों में हॉकी, फुटबॉल आर्चरी इत्यादि खेल, मेडिकल सेवा एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन स्कूलों में पठन-पाठन गुणवत्ता पूर्ण हो। सीएम हेमन्त सोरेन ने विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में निर्माणाधीन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्याण विभाग द्वारा राज्य में जितने भी छात्रावास संचालित हो रहे हैं इन छात्रावासों का सर्वे करें। जो छात्रावास क्रियाशील नहीं है उन्हें क्रियाशील करें। ऐसे छात्रावास जो टूटे-फूटे हैं उन्हें रिपेयर करें तथा पानी, बिजली, बेड एवं रसोई के संचालन हेतु कार्य योजना तैयार करें। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि कल्याण विभाग के तहत शहीद ग्राम विकास योजना पर जो कार्य किए जा रहे हैं उन कार्यों को अगले एक साल में पूरा करें। शहीद ग्राम विकास योजना के तहत जो भी गांव चिन्हित है उन ग्रामों का कायाकल्प करें।



# मांग में अचानक वृद्धि के बावजूद बिहार में ईंधन आपूर्ति सामान्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

## घबराकर खरीदारी नहीं करने की अपील

**पटना।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि बिहार सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में ईंधन की मांग में अचानक और तेज वृद्धि के बावजूद पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह निर्बाध बनी हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां उपभोक्ताओं तक ईंधन की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार समन्वित रूप से कार्य कर रही हैं। मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड अपने व्यापक राष्ट्रीय नेटवर्क के माध्यम से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए हुए हैं। टर्मिनल, डिपो, पाइपलाइन, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट और खुदरा बिक्री केंद्रों के जरिए ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आपूर्ति दल, परिवहन नेटवर्क, टर्मिनल संचालन इकाइयां तथा चुनिंदा खुदरा बिक्री केंद्र चौबीसों घंटे कार्यरत हैं, ताकि बाजारों में उत्पादों की सुचारू आवाजाही और समय पर आपूर्ति बनी रहे। तेल विपणन कंपनियां राज्य प्रशासन के साथ भी लगातार समन्वय बनाए हुए हैं। मंत्रालय ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है कि देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। तेल कंपनियां लगातार भंडारण की स्थिति की समीक्षा कर रही हैं और बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए वितरण एवं परिवहन योजनाओं पर विशेष ध्यान दे रही हैं। विज्ञप्ति में सभी उपभोक्ताओं से सामान्य रूप से ईंधन खरीदारी जारी रखने तथा अनावश्यक रूप से घबराकर अधिक मात्रा में खरीदारी करने से बचने की अपील की गई है। साथ ही ईंधन की उपलब्धता संबंधी जानकारी के लिए केवल अधिकृत एजेंसियों और तेल विपणन कंपनियों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करने का आग्रह किया गया है

## कूड़े-कचरे से बनेगी कलाकृति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कला एवं संस्कृति विभाग के अंतर्गत बिहार ललित कला अकादमी के सौजन्य से बच्चों एवं किशोरों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'आठ दिवसीय ग्रीष्मकालीन चाक्षुष कला कार्यशाला 2026' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 3 से 10 जून तक बिहार ललित कला अकादमी के बहुद्देशीय संस्कृतिक परिसर में आयोजित होगी। कार्यशाला रोज सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संचालित की जाएगी। इसमें 08 से 16 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। कार्यशाला के अंतर्गत पेपर मेशी, वेस्ट मेटेरियल क्राफ्ट एवं टेराकोटा जैसी कला विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक ही कला विधा के लिए आवेदन कर सकेगा। चयन प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर की जाएगी।

## आईआईटी-जेईई (एडवांस्ड) में सफल विद्यार्थियों को विधानसभा अध्यक्ष ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित प्रतिष्ठित आईआईटी-जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने विशेष रूप से गया निवासी शुभम कुमार को ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल करने पर बधाई दी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि शुभम कुमार की कठिन मेहनत, अनुशासन, लगन तथा उनके अभिभावकों और शिक्षकों के मार्गदर्शन का उत्कृष्ट परिणाम है। उन्होंने कहा कि आईआईटी-जेईई (एडवांस्ड) जैसी चुनौतीपूर्ण परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और समर्पण के बल पर न केवल अपने परिवार और शिक्षण संस्थान का गौरव बढ़ाया है, बल्कि बिहार और देश का भी मान बढ़ाया है। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि देश की युवा प्रतिभाएं विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता रखती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये छात्र-छात्राएं भविष्य में अपने ज्ञान और कौशल से भारत को आत्मनिर्भर, विकसित और ज्ञान-आधारित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने और देश के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आहवान किया।

## सुमन कल्याणपुर के निधन पर विधानसभा अध्यक्ष ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भारत की सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका सुमन कल्याणपुर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सुमन कल्याणपुर का निधन भारतीय संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने शोक संदेश में कहा कि सुमन कल्याणपुर ने 1960 और 1970 के दशक में अपनी मधुर, सुरीली और भावपूर्ण आवाज के बल पर हिंदी सहित अनेक भारतीय भाषाओं में गायन कर करोड़ों श्रोताओं के दिलों में विशेष स्थान बनाया। उन्होंने हिंदी, मराठी, असमिया, गुजराती, कन्नड़, मैथिली, भोजपुरी, राजस्थानी, बंगाली, ओड़िया और पंजाबी समेत कई भाषाओं में अपनी गायकी का जादू बिखेरा। उन्होंने कहा कि भारतीय संगीत जगत में सुमन कल्याणपुर का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और उनकी मधुर आवाज आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करती रहेगी। विधानसभा अध्यक्ष ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों और उनके असंख्य प्रशंसकों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति दें।

## बिना ज्यादा खाद के बढ़ सकती है किसानों की आमदनी : मंत्री

### मिट्टी की सेहत बचाने के लिए शुरू हुआ खेत बचाओ अभियान , 30 जून तक चलेगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए खेत बचाओ अभियान शुरू किया गया है, जो 30 जून तक चलेगा। सोमवार को मीठापुर स्थित कृषि भवन से राज्य के माननीय कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पटना के सैकड़ों किसानों की मौजूदगी में इसका शुभारंभ किया। इस दौरान कृषि मंत्री सहित सभी किसानों ने संकल्प लिया कि वे अपने खेत का 25 फीसदी, यानी एक चौथाई भूमि पर प्राकृतिक खेती की शुरुआत करेंगे। इस मौके पर कृषि मंत्री ने कहा कि आज नए अध्याय का शुभारंभ हो रहा है। पटना की धरती से एक ऐसी क्रांति का शंखनाद हो रहा है जो हमारे खेतों की तस्वीर और किसानों की तकदीर दोनों को बदलेगा। इस अभियान के तहत रसायनों के जहर से धरती की कोख को बचाना है। प्राकृतिक खेती अपनाकर हमें अपने परिवार को स्वस्थ बनाना है। उन्होंने कहा कि गोबर, गोमूत्र और बीजामृत से जो फसल लहलहाती है, वही थाली में खुशबू और तन-मन में ऊर्ज़ा लाती है। रसायन और उर्वरक खेत में पोषक तत्व घटाते हैं और बीमारियों को बढ़ाते हैं। मिट्टी जांच से यह बात सामने आ रही है कि रसायन और उर्वरकों के अंधाधुंध इस्तेमाल से भयावह स्थिति उत्पन्न हो रही है। मिट्टी में पोषक तत्वों का संतुलन बिगड़ रहा है। खेत बचाओ अभियान न सिर्फ मिट्टी बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। कृषि मंत्री ने कहा कि इस अभियान का मंत्र है सही खाद और सही सलाह। हम मनमर्जी से उर्वरक डालना बंद करें। अपने खेत का मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाएं और जरूरत के अनुसार ही खाद का प्रयोग करें। इससे न सिर्फ खेती की लागत कम होगी, बल्कि किसानों की आय में भी तेजी से वृद्धि होगी। इस मौके पर कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने उदाहरण देते हुए कहा कि जंगल में न खाद डाला जाता है और न पानी, लेकिन प्राकृतिक रुप से पेड़-पौधे की पत्तों से खाद मिलता है और जंगल के पेड़ों में पोषक तत्वों की कोई कमी नहीं होती है। इसलिए जरूरत है कि प्राकृतिक तरीके से खेती हो और उर्वरकों का कम से कम इस्तेमाल किया जाए। इस मौके पर कृषि विभाग और इससे जुड़ें संस्थानों के कृषि वैज्ञानिकों और वरिष्ठ अधिकारियों ने प्राकृतिक खेती और इस अभियान को लेकर हुई तैयारियों को के बारे में विस्तार से बताया।

**हर गांव-पंचायत तक चलेगा अभियान**

इस राष्ट्रीय अभियान को बिहार के प्रत्येक गांव और पंचायत स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए कृषि विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अभियान का मुख्य फोकस कम खाद, सही खाद और सही सलाह के सिद्धांत को हर खेत तक पहुंचाना है जिससे रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग को रोका जा सके और खेती की लागत में कमी आए। अभियान के दौरान राज्यभर में मिट्टी की जांच पर विशेष बल दिया जाएगा।

## दिवाकर और वैष्णवी बांग्लादेश रवाना, दक्षिण एशियन आत्या-पात्या चैंपियनशिप में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** 02 जून से 04 जून तक बांग्लादेश के इस्बारी में आयोजित होने वाली 11वीं दक्षिण एशियन आत्या-पात्या चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बिहार के खिलाड़ी दिवाकर कुमार और वैष्णवी कुमारी भारतीय दल के साथ रवाना हो गए हैं। दोनों खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में होने से बिहार के खेल जगत में खुशी की लहर है। यह दूसरी बार है जब बिहार से किसी खिलाड़ी को आत्या-पात्या में भारतीय दल का हिस्सा बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। संघ के मुख्य कोच तरुण कुमार आजाद ने बताया कि पुडुचेरी में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के सफल समापन के बाद भारतीय टीम बांग्लादेश के लिए रवाना हुई है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद बिहार के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। रवाना होने से पहले दिवाकर कुमार और वैष्णवी कुमारी ने कहा यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि हमें भारतीय टीम का हिस्सा बनने का अवसर मिला। राष्ट्रीय शिविर में भारत के हर कोने से आए खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण लेने का अनुभव बेहद प्रेरणादायक रहा। हम आत्या-पात्या एसोसिएशन ऑफ बिहार के सभी पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों का हृदय से धन्यवाद देते हैं, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से हमें यह अवसर प्राप्त हुआ है। दोनों खिलाड़ियों ने विश्वास जताया कि वे प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर बिहार और देश का नाम रोशन करेंगे। वहीं बिहार के खेल प्रेमियों और आत्या-पात्या परिवार ने भी दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल प्रदर्शन की कामना की है।

## उद्योग मंत्री ने बिहटा स्थित आईसीडी एवं इंटीग्रेटेड इरैडिएशन सेंटर का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** उद्योग सह खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने बिहटा स्थित इनलैंड कंटेनर डिपो एवं बिहटा औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड इरैडिएशन सेंटर का भ्रमण कर वहां संचालित गतिविधियों एवं उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान मंत्री ने आईसीडी बिहटा में कंटेनर हैंडलिंग, माल परिवहन एवं अन्य परिचालन गतिविधियों का अवलोकन किया तथा वहां कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत मंत्री ने बिहटा औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित इंटीग्रेटेड इरैडिएशन सेंटर का निरीक्षण किया। यहां पैक हाउस, कोल्ड स्टोरेज एवं आधुनिक प्रसंस्करण सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो कृषि एवं खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा उनकी भंडारण क्षमता बढ़ाने में सहायक हैं। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने सेंटर में संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया तथा वहां कार्यरत कर्मचारियों से संवाद कर इसकी कार्यप्रणाली और कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन में इसकी भूमिका के संबंध में जानकारी प्राप्त की। यह सेंटर कृषि उत्पादों के बेहतर संरक्षण, प्रसंस्करण एवं निर्यात को बढ़ावा देने के माध्यम से किसानों और कृषि-आधारित उद्यमों के लिए नए अवसर सृजित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

## रक्सौल और तिरुपति के मध्य नई एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रक्सौल और तिरूपति के मध्य 01.06.2026 से एक नई साप्ताहिक ट्रेन 17434/17433 रक्सौल-तिरुपति-रक्सौल एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है । यह नई ट्रेन रक्सौल से प्रत्येक गुरूवार को तथा तिरूपति से प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जाएगी।

इस नई ट्रेन का परिचालन दरभंगा-समस्तीपुर-बरौनी-झाझा-धनबाद-रांची-राउरकेला-बिलासपुर-रायपुर-गोंदिया-सिकंदराबाद के रास्ते किया जाएगा । इस नई ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 03, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी को 05, शयनयान श्रेणी के 10, सामान्य श्रेणी के 04 कोच एवं एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 24 कोच होंगे ।

## शिक्षा, कौशल विकास और सामाजिक सेवा में डॉ. आनंद रंजन झा को मिली राष्ट्रीय पहचान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जंदाहा/वैशाली।** वैशाली जिला के जंदाहा क्षेत्र के निवासी एवं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक-सह-संचालक डॉ. आनंद रंजन झा आज शिक्षा, कौशल विकास और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक चर्चित नाम बन चुके हैं। युवाओं को डिजिटल शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुख मार्गदर्शन देने के उनके प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है। डॉ. झा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए देश एवं विदेश की विभिन्न संस्थाओं द्वारा कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। इनमें प्रमुख रूप से –इंडियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान, भारत के प्रतीक सम्मान, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम बुद्धिमत्ता सम्मान, अंतरराष्ट्रीय शिक्षक उत्कृष्टता सम्मान, भारत रत्न आइकॉनिक अचीवर्स सम्मान, भारत गौरव सम्मान, भारत दूरदर्शी नेतृत्व सम्मान, लीजेंड्स पीस सम्मान, राष्ट्रीय गौरव एवं उत्कृष्टता सम्मान, राष्ट्रीय सेवा सम्मान, राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान, पद्मश्री ग्लोबल अचीवर्स सम्मान, अटल बिहारी वाजपेयी सेवा रत्न सम्मान एवं बिहारी हीरो सम्मान शामिल हैं। डॉ. आनंद रंजन झा को देश के कई प्रमुख राजनीतिक एवं सामाजिक नेताओं से मिलने और सम्मान प्राप्त करने का अवसर भी मिला है। इनमें बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री लखनेंद्र पासवान, मंत्री आलोक मेहता, श्रवण कुमार तथा स्वर्गीय केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान सहित कई गणमान्य हस्तियां शामिल हैं। इसके अलावा बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी, अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल सहित मनोरंजन जगत की कई चर्चित हस्तियों द्वारा भी डॉ. झा को सम्मानित किया जा चुका है। बताया जाता है कि डॉ. झा को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंच से भी लोगों को संबोधित करने का अवसर प्राप्त हुआ जहां उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे – कुशल युवा कार्यक्रम (के.वाई.पी), मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के प्रति युवाओं को जागरूक किया। शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रसिद्ध आईपीएस अधिकारी श्री विकास वैभव द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. आनंद रंजन झा पिछले कई वर्षों से बिहार के युवाओं को डिजिटल शिक्षा एवं कौशल विकास से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में हजारों छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा एवं प्रशिक्षण का लाभ मिला है। समाज के प्रति उनकी सक्रिय भूमिका और युवाओं के भविष्य निर्माण के लिए किए जा रहे प्रयासों की व्यापक सराहना हो रही है।

## गांव-गांव निकली महिलाओं और किशोरियों की रैली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की ओर से गांवों में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। 28 मई से शुरू हुए इस चार दिवसीय अभियान में स्वच्छता एवं माहवारी गरिमा से संबंधित कई गतिविधियां आयोजित की गई। मुख्य रूप से सैनिटरी अपशिष्ट के सुरक्षित पृथक्करण, निपटारा के साथ-साथ किशोरियों एवं महिलाओं के साथ संवाद, स्वच्छता एवं माहवारी गरिमा पर रैलियों का आयोजन हुआ। अभियान के संचालन में लोहिया सवच्छ बिहार अभियान से जुड़े कर्मी, स्वच्छता पर्यवेक्षक, जीविका समूह, पंचायत प्रतिनिधि, विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की सक्रिय सहभागिता रही। बता दे कि हर वर्ष 28 मई को विश्व माहवारी दिवस मनाया जाता है। इसमें महिलाओं और किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता अपनाने और इससे जुड़े मिथकों, रूढ़ियों को दूर करने के साथ माहवारी से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं स्वच्छता गतिविधियों के प्रति जागरूक किया जाता है। राज्य में चलाए गए चार दिवसीय अभियान में ओडीएफ प्लस, माहवारी हितैषी ग्राम पर उन्मुखीकरण कार्यक्रमों के साथ-साथ सैनेटरी अपशिष्ट पृथक्करण, निपटारा आदि को लेकर महिलाओं को जागरूक किया गया। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभियान के चौथे दिन माहवारी स्वच्छता को लेकर सामुदायिक जागरुकता रैली निकाली गई जिसमें जीविका दीदियों के साथ-साथ दूसरी महिला और किशोरियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बिहार जैसे राज्य में अभियान चलाने का उद्देश्य एक प्राकृतिक प्रक्रिया को लेकर महिला और किशोरियों में जागरुकता लाना, इस विषय पर समाज में खुलकर बातचीत करने के लिए प्रेरित करना और स्वास्थ्य के साथ-साथ उनकी गरिमा को सुरक्षित रखना था। अभियान के संचालन में लोहिया सवच्छ बिहार अभियान से जुड़े कर्मी, स्वच्छता पर्यवेक्षक, जीविका समूह, पंचायत प्रतिनिधि, विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

## अब छुट्टियां होंगी और भी क्रिएटिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना ।** बिहार संग्रहालय में गर्मी की छुट्टियों के दौरान बच्चों के लिए पहली बार मुफ्त समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। छह दिनों तक चलने वाला यह कैंप 2 जून से 7 जून तक चलेगा। इसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं कला एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि समर कैंप को दो आयु वर्गों में विभाजित किया गया है। जूनियर ग्रुप में कक्षा 5वीं से 8वीं तक के छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया है, जबकि सीनियर ग्रुप में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को अवसर दिया जा रहा है। यह कैंप पूरी तरह निःशुल्क है। प्रत्येक सत्र में कुल 50 प्रतिभागियों के लिए सीटें निर्धारित की गई हैं। कैंप के दौरान बच्चों को तीन प्रमुख विधाओं 'टेराकोटा कला, मास्क मेकिंग तथा हिंदी एवं अंग्रेजी कहानी लेखन' का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन विषयों की बारीकियां अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा सिखाई जाएंगी, जिससे प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मक क्षमता विकसित करने का अवसर मिलेगा। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को बिहार की समृद्ध कला, संस्कृति और लोक परंपराओं से जोड़ना तथा उनमें सृजनात्मक सोच को बढ़ावा देना है।

## दानापुर मंडल के सेवानिवृत्त 22 रेलकर्मियों का किया गया समापक भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**दानापुर।** सेवानिवृत्त हुए 22 रेलकर्मियों के लिए, दानापुर मंडल के सभागार में समापक भुगतान समारोह आयोजित किया गया। इसमें रेल सेवा से सेवानिवृत्त 22 रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर, विनोद कुमार द्वारा अंगवस्त्र एवं समापक भुगतान दस्तावेजों को देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार द्वारा किया गया जिन्होंने आज के समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर ने अपने संबोधन में उपस्थित सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने समापक भुगतान की राशि को असुरक्षित जगहों पर निवेश ना करें एवं अपने स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखें। सेवानिवृत्त होने वाले रेलकर्मियों को एक्युप्रेशर,होमियोपैथ एवं आयुर्वेदिक डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ तथा दीर्घायु जीवन जीने के तरीके को विस्तारपूर्वक बताया गया। इस मौके पर मंडल के सभी विभागों के अधिकारीगण एवं यूनियन तथा एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर दानापुर मंडल ने चलाया वर्षा जल संचयन एवं ऊर्जा संरक्षण जागरूकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** मंडल में 15 मई से शुरू होकर 05 जून 2026 तक चलने वाले विश्व पर्यावरण दिवस-2026 अभियान के अंतर्गत 31.05.2026 एवं 01.06.2026 को मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं यूनिटों में विशेष अभियान चलाकर यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों को जल संरक्षण एवं ऊर्जा संरक्षण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत ही ऊर्जा एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देना रहा। जल ही जीवन के महत्व को देखते हुए मंडल द्वारा जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न जागरूकता अभियान एवं निरीक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया। वर्षा के जल के संचयन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया तथा जल संसाधनों के संरक्षण के महत्व पर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही मंडल के विभिन्न प्रतिष्ठानों में स्थापित जल पुनर्चक्रण प्रणालियों का निरीक्षण किया गया ताकि उनके प्रभावी एवं सुचारु संचालन को सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त जल स्रोतों की सफाई एवं पुनर्जीवन हेतु विशेष अभियान संचालित किया गया।

## ईंधन संरक्षण हर नागरिक का है कर्तव्य : संजीव चौरसिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईंधन की खपत कम करने और ऊर्ज़ा संरक्षण को बढ़ावा देने की अपील के सम्मान में पटना में ईंधन बचाओ जन-जागरण यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा सामाजिक संस्था मृदुराज फाउंडेशन के 11वें स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी पटना में संस्था के संस्थापक एवं भाजपा नेता राजीव रंजन के आहवान पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था से जुड़े सैकड़ों सदस्यों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने साइकिल यात्रा में भाग लेकर लोगों को ईंधन संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दीघा विधायक एवं सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक डॉ. संजीव चौरसिया ने कहा कि ईंधन संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। वहीं बिहार शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष इरशाद अली आजाद ने कहा कि ऊर्ज़ा बचत और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की जरूरत है। उन्होंने मृदुराज फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की सराहना की और इसे समाजहित में महत्वपूर्ण पहल बताया। मृदुराज फाउंडेशन के संस्थापक राजीव रंजन ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल सामाजिक कार्य करना नहीं, बल्कि लोगों को उन मुद्दों के प्रति जागरूक करना भी है, जिनका सीधा संबंध देश और समाज के भविष्य से है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में ईंधन की बचत को अपनाए, तो इसका सकारात्मक प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण दोनों पर पड़ेगा। साइकिल जुलूस की शुरुआत पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर परिसर से हुई, जो जीपीओ गोलंबर होते हुए डाकबंगला चौराहा तक पहुंचा। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने लोगों से निजी वाहनों का अनावश्यक उपयोग कम करने, छोटी दूरी के लिए साइकिल अथवा पैदल चलने तथा पेट्रोल-डीजल की खपत को कम करने की अपील की। आयोजकों ने कहा कि बढ़ती ईंधन खपत न केवल आर्थिक बोझ बढ़ा रही है, बल्कि पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। ऐसे में जनभागीदारी के माध्यम से जागरूकता फैलाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में संस्था के समन्वयक एवं संयोजक मो. शकील सहित अरुण तिवारी, पप्पू कुमार, शशि भूषण कुमार, मो. गुड्डू, अविनाश राजा, सरस्वती कुमारी, पिंटू कुमार, मनीष कुमार, अमर चौरसिया, दिलीप साव, श्रवण कुमार, मो. जावेद मल्लिक, रीना कुमारी, चंदन गुप्ता, शैलेश ठाकुर, आफताब मल्लिक, मो. महताब, मो. पिंकू आलम, मो. जनी, मुमताज अली, असलाम खान समेत बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा आश्रित हितलाभ का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए. निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में बिहार को-ऑपरेटिव वेवर्स के अंतर्गत गठ्ठ्ए में पंजीकृत बीमित व्यक्ति स्व. रुमेश प्रसाद सिंह जो मोकामा में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी-श्रीमती देवी, को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. रुमेश प्रसाद सिंह की मृत्यु 18-07-2019 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया । पेंशन के रूप में 415.8 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.12474/- आश्रितों को मिलेगा । दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 10,10,394-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई0 एस0 आई0 योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है ।

# रोहतास जिले के पंचायतों में दो जून को आयोजित होगा सहयोग शिविर

## जन समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रशासन पूरी तरह तत्पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी पहल सबका सम्मान-जीवन आसान संकल्प के अंतर्गत आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से रोहतास जिले की विभिन्न पंचायतों में 2 जून 2026 को दूसरा 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने पंचायत क्षेत्र में आयोजित सहयोग शिविर में सुबह 10 बजे से पहुंचकर अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि उनका त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीएम ने बताया कि सहयोग शिविर पंचायत सरकार भवन अथवा निकटवर्ती सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित किए जाएंगे जहां विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे। शिविर में प्राप्त शिकायतों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। डीपीआरओ आशीष रंजन ने बताया कि काराकाट के अमौना पंचायत में जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार शिविर में मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार काराकाट प्रखंड के सोनबरसा पंचायत में बंदोबस्त पदाधिकारी नवीन कुमार, अकोढ़ी गोला के पकरिया पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी निलेश कुमार, बिक्रमगंज के खैरा बुधर में डीसीएलआर संतोष कुमार, चेनारी के मल्हीपुर पंचायत में जिला पंचायती राज पदाधिकारी अमृता ओशो, डिहरी के गंगौली पंचायत में वरीय उप समाहर्ता विनय प्रताप, दिनारा के अकोढ़ा पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज प्रभात कुमार, करगहर के शिवन पंचायत में डीसीएलआर अशोक कुमार, कोचस के कपसिया पंचायत में वरीय उप समाहर्ता विनीता कुमारी, नासरीगंज के धनाव पंचायत में जिला आपूर्ति पदाधिकारी शशि शंकर, नौहट्टा के यदुनाथपुर पंचायत में नगर आयुक्त सासाराम विकास कुमार, नोखा के मौडीहा पंचायत में उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय, राजपुर के बरना पंचायत में डीपीजीआरओ सुभाष कुमार, रोहतास के बकनौरा पंचायत में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, सासाराम के करसेरुआ पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम नेहा कुमारी, शिवसागर के पडुरी पंचायत में वरीय उप समाहर्ता ओम प्रकाश लाल, सूर्यपुरा के शिवोबहार पंचायत में जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं तिलौथू के चितौली पंचायत में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एमडी जफर हसन शिविर में मौजूद रहेंगे।

# 2 जून को नगर निकायों में वार्डवार सहयोग शिविर आयोजित होंगे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** राज्य सरकार के निर्देश पर आम नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों के त्वरित समाधान हेतु प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय मंगलवार को नगर निकायों में वार्डवार सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जिसके तहत जून 2026 का पहला शिविर 2 जून, मंगलवार से शुरू होगा। इस क्रम में विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने सभी अधिकारियों को एसओपी के तहत आवेदनों का समयबद्ध एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इन विशेष शिविरों में बिजली बिल सुधार, नया कनेक्शन, स्मार्ट प्रीपेड मीटर सहायता, मीटर खराबी, बकाया भुगतान, लोड वृद्धि, विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतें और अन्य तकनीकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान होगा। साथ ही उपभोक्ताओं को ऊर्ज़ा संरक्षण, सुरक्षित विद्युत उपयोग, स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लाभ तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना समेत सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। 2 जून को बिक्रमगंज नगर परिषद के वार्ड 01 आंगनबाड़ी केन्द्र, वार्ड 09 उर्दू मध्य विद्यालय, वार्ड 17 कन्या उच्च विद्यालय और वार्ड 25 मध्य विद्यालय गुलजारबाग में शिविर लगेंगे। सासाराम नगर निगम में वार्ड 01 उर्दू मध्य विद्यालय बाराडीह, वार्ड 09 पंचायत भवन बेदा, वार्ड 17 रोहतास कन्या उच्च विद्यालय बौलिया रोड, वार्ड 25 महिला टीचर ट्रेनिंग स्कूल लश्करीगंज बांध, वार्ड 33 उर्दू मध्य विद्यालय शहजलालपीर और वार्ड 41 प्राथमिक विद्यालय बसंतपुर में शिविर आयोजित होंगे। चेनारी के वार्ड 01 मध्य विद्यालय हाटा व वार्ड 09 आंगनबाड़ी केन्द्र भरन्दुआ, नोखा के वार्ड 01 मध्य विद्यालय जबरा, वार्ड 09 सामुदायिक भवन शिवपुर, वार्ड 17 मध्य विद्यालय भलुआहीं व वार्ड 25 प्राथमिक विद्यालय कोन-दोन में शिविर लगेंगे। कोचस में वार्ड 01 प्राथमिक विद्यालय ओझवलिया व वार्ड 09 मध्य विद्यालय परसिया कोचस, दिनारा के वार्ड 01 व 09 तथा कोआथ में वार्ड 01 जगनारायण इंटर स्तरीय विद्यालय व वार्ड 09 सामुदायिक भवन बड़की खलिहान में शिविर होंगे। विद्युत विभाग ने नागरिकों से अपने वार्ड के शिविर में अधिक से अधिक भाग लेकर पारदर्शी व सुलभ सेवाओं का लाभ उठाने और स्थानीय स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान पाने की अपील की है।

# रोहतास में राष्ट्रीय राजमार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाने हेतु जिला प्रशासन सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा, अवैध अतिक्रमण एवं अवैध पार्किंग पर नियंत्रण हेतु एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय एवं परिवहन विभाग के निर्देशों के आलोक में निम्नलिखित प्रमुख निर्णय लिए गए।

**60 दिनों का अल्टीमेटम**

राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे स्थित सभी नई और पुरानी अवैध संरचनाओं को अगले 60 दिनों के भीतर हटाने/ध्वस्तीकरण का सख्त निर्देश दिया गया।

**निगरानी दल का गठन**

सड़क सुरक्षा की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए 'संयुक्त समर्पित राजमार्ग निगरानी दल' का गठन किया गया जो नियमित रूप से निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपेगा।

**सख्त कार्रवाई:** अवैध पार्किंग, अनधिकृत प्रवेश/निकास मार्गों और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर प्रशासन ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी है।

**नियमित समीक्षा:**

टास्क फोर्स हर पखवाड़े समीक्षा बैठक करेगी और सड़क सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेगी।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यातायात व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता, डीएसपी (मुख्यालय/यातायात), डीटीओ, एनएचएआई के प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर को स्वच्छ रखने में नागरिक निभाएं अपनी जिम्मेदारी : विमल कुमार

## बरसात से पहले नालों की सफाई तेज, अतिक्रमणकारियों पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में नगर परिषद के साथ-साथ नागरिकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। नगरवासियों के सहयोग के बिना शहर को साफ-सुथरा रखना कठिन कार्य है। यह बातें डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार ने एक विशेष बातचीत के दौरान कही।

उन्होंने बताया कि नगर परिषद साफ-सफाई को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और बरसात के मौसम को देखते हुए नालों की उड़ाही एवं सफाई का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। लक्ष्य है कि मानसून शुरू होने से पहले सभी प्रमुख नालों की सफाई पूरी कर ली जाए, ताकि जलजमाव की समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

विमल कुमार ने कहा कि कई स्थानों पर नालियों के जाम होने का मुख्य कारण लोगों द्वारा घरों का कूड़ा-कचरा नालियों में फेंकना है। प्लास्टिक की थैलियां और अन्य अपशिष्ट पदार्थ नालों के प्रवाह को बाधित कर देते हैं जिससे बरसात के दौरान पानी गलियों और सड़कों पर फैल जाता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें और शहर को स्वच्छ रखने में नगर परिषद का सहयोग करें। अतिक्रमण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि शहर में जाम की समस्या का एक बड़ा कारण अवैध अतिक्रमण है। नगर परिषद द्वारा बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है तथा फल एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए अलग से वेंडर जोन की व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद यदि कोई व्यक्ति दोबारा अतिक्रमण करता पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित नगर का निर्माण तभी संभव है, जब नगर परिषद और नागरिक मिलकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने सभी नगरवासियों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

# मुखिया जी कैफे एवं स्वीट्स भंडार का उद्घाटन, अशोक सरावगी ने काटा फीता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के भारतीय स्टेट बैंक के नीचे रविवार को मुखिया जी कैफे एवं स्वीट्स भंडार का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी अशोक सरावगी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर सोनू सर्राफ ने मुख्य अतिथि अशोक सरावगी को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय व्यवसायी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में अशोक सरावगी ने कहा कि सोनू शरार्फ ने पहले मोमो की दुकान शुरू की थी और अपनी मेहनत तथा गुणवत्ता के बल पर शहर में पहचान बनाई। अब उन्होंने स्वीट्स भंडार की शुरुआत की है जहां ग्राहकों को अच्छी गुणवत्ता की मिठाइयां उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि आज के युवा स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रहे हैं जिससे देश में बेरोजगारी कम करने में मदद मिल रही है। ऐसे युवाओं से प्रेरणा लेने की जरूरत है जो अपनी मेहनत और लगन से सफलता हासिल कर रहे हैं। उन्होंने सोनू शरार्फ के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह आगे भी इसी तरह सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएं।

कार्यक्रम में विजय शरार्फ, अमित सरावगी, मुन्ना शरार्फ, अनिल पटेल, संजय गुप्ता, बबल कश्यप, प्रेम पांडेय, संजय सोनी, विजय गुप्ता, गौरव शरार्फ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने प्रतिष्ठान का अवलोकन किया और इसके सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में रोहतास की 10 पंचायतें होंगी सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** ग्रामीण विकास, स्वच्छता, जल संरक्षण और जनभागीदारी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली रोहतास जिले की 10 पंचायतों का चयन राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के लिए किया गया है। चयनित पंचायतों के मुखिया एवं प्रतिनिधियों को 3 जून 2026 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया जाएगा। ाज्य के पंचायती राज विभाग के अंतर्गत बिहार राज्य पंचायत संसाधन संस्थान द्वारा आयोजित इस समारोह के लिए रोहतास प्रखंड की तेलकप पंचायत को जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त हुआ है। जिले की चयनित पंचायतों के प्रतिनिधियों को समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। परियोजना निदेशक नवीन कुमार सिंह द्वारा जारी पत्र के अनुसार समारोह में शामिल होने वाले सभी प्रतिनिधियों को 2 जून की सुबह 8 बजे तक नई दिल्ली पहुंचना अनिवार्य होगा। प्रतिभागियों की यात्रा, आवास एवं अन्य व्यवस्थाओं का समन्वय बिहार राज्य पंचायत संसाधन संस्थान द्वारा किया जाएगा।

**जिले की 10 पंचायतों को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान**

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए चयनित पंचायतों में रोहतास प्रखंड की तेलकप एवं समूहता, कोचस प्रखंड की चिताव, काराकाट प्रखंड की किरही, काराकाट एवं चिकसिल, नोखा प्रखंड की कुरी, अकोढ़ीगोला प्रखंड की बरांव, दावथ प्रखंड की गींधा पंचायत सहित जिले की कुल 10 पंचायतें शामिल हैं। इन पंचायतों के मुखियाओं को सम्मान ग्रहण करने के लिए निमंत्रण भेजा गया है।

**तेलकप पंचायत को मिला राष्ट्रीय स्तर पर गौरव**

रोहतास जिले की तेलकप पंचायत की मुखिया अनीता देवी के नेतृत्व में पंचायत ने विकास, स्वच्छता, जल संरक्षण, जनभागीदारी और सतत विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। इसी उपलब्धि के आधार पर पंचायत को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार के तहत राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी का माहौल है।

**जोगेंद्र सिंह को भी मिला सम्मान का निमंत्रण**

मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष जोगेंद्र सिंह को उनकी दोनों पंचायतों में किए गए उत्कृष्ट विकास कार्यों के लिए सम्मान समारोह में आमंत्रित किया गया है। वर्तमान में वे चिकसिल पंचायत के निर्वाचित मुखिया हैं तथा काराकाट पंचायत के मुखिया पद की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित यह सम्मान समारोह पंचायत प्रतिनिधियों के उत्कृष्ट कार्यों को पहचान दिलाने के साथ-साथ ग्रामीण विकास, सुशासन, जनभागीदारी और सतत विकास लक्ष्यों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# बिक्रमगंज में जनता दरबार, 62 मामलों की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहताह)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज ने आज अपने कार्यालय कक्ष में सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें अनुमंडल क्षेत्र के आम नागरिक अपनी समस्याएं लेकर उपस्थित हुए। जनता दरबार में कुल 62 परिवादी पहुंचे जिनमें सबसे अधिक 43 मामले भूमि विवाद से संबंधित थे। इसके अलावा राशन कार्ड से जुड़े 12 मामले और अन्य श्रेणी के 7 मामले भी सामने आए। सभी परिवादियों ने अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और त्वरित समाधान की मांग की। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी आवेदन पत्रों को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित कार्यालयों तथा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों पर तय समय-सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो। इस पहल का उद्देश्य आम लोगों को सुलभ न्याय दिलाना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आसान बनाना है। जनता दरबार में उपस्थित लोगों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की। अनुमंडल प्रशासन ने बताया कि सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत नियमित रूप से ऐसे जनता दरबार आयोजित किए जाएंगे जिससे शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हो सके।


## कार्यालय – जिला ग्रामीण विकास शाखा, पलामू (मनरेगा)

Phone No. 06562-295137 Email. ID - ddc-pal@nic.in

**आम सूचना**

पलामू जिला के सभी मनरेगा हड़ताली कर्मी को सूचित किया जाता है कि आयुक्त, महात्मा गांधी नरेगा, झारखण्ड राँची का पत्रांक (N) 623 दिनांक 29.05.2026 द्वारा मनरेगा अंतर्गत कार्यरत क्षेत्रीय कर्मियों के हड़ताल से अविलंब वापस सेवा में लौटने का निदेश प्राप्त है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों द्वारा काम की मांग के आधार पर 15 दिनों के अंदर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान है। पलामू जिला में मनरेगा अंतर्गत कार्यरत मनरेगा कर्मियों के दिनांक 09.03.2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से मनरेगा योजना के क्रियान्वयन एवं ग्रामीणों को ससमय रोजगार उपलब्ध कराने में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

अतः सभी मनरेगा कर्मी को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 04.06.2026** तक अनिवार्य रूप से अपने–अपने पद की सेवा में संबंधित प्रखण्ड में योगदान करना सुनिश्चित करेंगे। वैसे कर्मी जो दिनांक 04.06.2026 तक सेवा में योगदान नहीं करते हैं उनके विरूद्ध नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, पलामू

PR 381196 (Palamu)26-27*D



## न्यायालय उप समाहर्त्ता भूमि सुधार सदर मेदिनीनगर, पलामू।

**नोटिस**

**करेक्सन ऑफ डिमाण्ड वाद सं0–57/25–26**

1. अर्जुन यादव,नन्हक यादव,सकेन्द्र यादव तीनो पिता–स्व0 पूरण यादव
2. ब्रहमदेव यादव पिता स्व0 टिटु यादव
3. प्रगास यादव, येता यादव दोनो पिता–स्व0 महेश यादव
4. बलेसर यादव पिता स्व0 तिबर यादव
5. रामजी यादव एवं चरकु यादव दोनो पिता स्व0 जुगेश्वर यादव

सभी ग्राम–ताल,पो0–उदयपुरा,थाना–तरहसी,जिला–पलामू,झारखण्ड।

बनाम

1. काशी यादव,भुनेश्वर यादव दोनो पिता बिटल यादव,
2. दुर्गी यादव पिता स्व0 मोहन यादव
3. नन्दु यादव पिता झाखर यादव
4. राजेन्द्र यादव,पिता स्व0 शितल यादव
5. भोला यादव पिता स्व0 रामेश्वर यादव
6. सुरजदेव यादव एवं लालदेव यादव दोनो पिता स्व0 बाबुई महतो

सभी ग्राम–ताल,पो0–उदयपुर,थाना–तरहसी,जिला–पलामू,झारखण्ड।

एतद द्वारा सूचित करना है कि अपीलार्थी/आवेदक ने मेरे न्यायालय में उपर्युक्त विविध वाद दायर किया है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है तथा आपको दिनांक – 27.01.2026 को सूचना निर्गत की गयी जिसकी सुनवायी की तिथि 19.02.2026 निर्धारित थी परन्तु उपरोक्त वाद में निर्धारित तिथि को आप उपस्थित नहीं हुये। वाद में अगली तिथि दिनांक 18.06.2026 निर्धारित है।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन में मेरे न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब दें/अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने पर एकतरफा सुनवाई करते हुए निर्णय लिया जा सकता है। बाद में कोई सुनवाई नहीं होगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

उप समाहर्त्ता,
भूमि सुधार सदर मेदिनीनगर।

PR 381225 (District) 26-27 (D)


# दारेखाप में डीपीएल सीजन-2 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राजपुर थाना क्षेत्र के दारेखाप गांव में ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित डीपीएल (दारेखाप प्रीमियर लीग) सीजन-2 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जदयू नेता एवं नागरिक आयोग के सदस्य अमरेश चौधरी, जदयू के वरिष्ठ नेता, चर्चित चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा उपस्थित रहे। इस अवसर पर जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जिला पार्षद अजय सिंह, पूर्व मुखिया बबन चौधरी, अमरेश चौधरी, श्यामलाल चौधरी, संदीप, बृज कुमार चौधरी, मोहन चौधरी, मिथिलेश चौधरी, रंगनाथ त्रिपाठी तथा छोटेलाल पांडे सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है।

# बांस काटने को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प, वीडियो वायरल, पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट थाना क्षेत्र के धर्मागत परासी गांव में 31 मई को बांस काटने और महिलाओं के बीच गाली-गलौज से शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक संघर्ष में बदल गया, जिसमें महिलाओं और बच्चों समेत कई लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव में बांस काटने को लेकर दो पड़ोसी पक्षों में कहासुनी हुई, जो महिलाओं के बीच गाली-गलौज तक पहुंच गई और फिर दोनों ओर से दर्जनों ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने भिड़ गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पुरुष और महिलाएं एक-दूसरे पर बेरहमी से लाठियां बरसाते नजर आ रहे हैं। पीड़ित पक्ष के कुमार जनमेजय ने आरोप लगाया कि आशुतोष कुमार, देव नारायण प्रसाद समेत अन्य लोगों ने घर में घुसकर महिलाओं, लड़कियों और बच्चों पर हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान कपड़े फाड़े गए, गला दबाने की कोशिश की गई और गले से चेन भी छीन ली गई। मारपीट में जूही कुमारी को गंभीर चोटें आई हैं, उनके सिर में गहरी चोट, कान का पर्दा फटने के साथ हाथ-पैरों में भी फ्रैक्चर हुआ है। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सासाराम सदर अस्पताल रेफर किया गया है। काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने इसे गोतिया विवाद बताया है।


पर्यटन मंत्रालय MINISTRY OF TOURISM

# INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT BODHGAYA

(AN AUTONOMOUS BODY UNDER MINISTRY OF TOURISM GOVT OF INDIA & DEPT OF TOURISM GOVT OF BIHAR)

NCHMCT | BIHAR TOURISM

## DEGREE & DIPLOMA IN HOTEL MANAGEMENT



| 3 Years B.Sc. in Hotel Management | 1½ Year Diploma in F & B Service | 1½ Year Diploma in Food Production |
|---|---|---|
| Fee:Rs.3,50,000/- Approx. | Fee:Rs.60,000/- Approx. | Fee:Rs.82,000/- Approx. |

DRCC Facility Available (बिहार सरकार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड) for Hotel Management Degree Course
Degree Awarded by JNU,New Delhi
100 % Job Assistance (देश एवं विदेश के विभिन्न पांच सितारा होटलों, एयर लाइन्स, क्रूज लाइन्स सहित सरकारी एवं अर्धसरकारी विभागों में नौकरी की सुविधा)

हेल्पलाइन नंबर : +91-8987276070, +91-9608271879, 0631-2952143
पता - गया - डोभी रोड, बोधगया - 824234
वेबसाइट : www.ihmbodhgaya.com
ई-मेल : ihmbodhgaya@gmail.com
आयु सीमा की कोई बाध्यता नहीं है

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं : संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**नवादा।** बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री सह नवादा जिला प्रभारी मंत्री एवं जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) के अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन की अध्यक्षता में सोमवार को डीआरडीए सभागार में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक का उद्देश्य जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा, पूर्व बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की स्थिति का आकलन तथा जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों पर आवश्यक निर्णय लेना था। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने प्रभारी मंत्री को पौधा भेंट कर स्वागत किया। इसके उपरांत निदेशक, डीआरडीए द्वारा पीपीटी के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का विभागवार प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। समीक्षा के क्रम में कृषि विभाग द्वारा किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज एवं उर्वरक उपलब्ध कराने, बीज वितरण की व्यवस्था तथा उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने हेतु की गई कार्रवाई की जानकारी दी गई। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले बीजों की गुणवत्ता जांच के उपरांत ही किसानों के बीच वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि उर्वरक की कालाबाजारी एवं अनियमितताओं पर नियंत्रण हेतु जिले में अब तक 236 छापेमारियां की गई हैं तथा अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। श्रम अधीक्षक ने बताया कि दुर्घटना अनुदान योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सत्यापन एवं जांच कर निष्पादन किया जाता है। लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान विभिन्न आहर-पईन एवं सिंचाई योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गई। कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, नवादा ने बताया कि विभाग के अंतर्गत कई योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। साथ ही बेलधा आहर-पईन सिंचाई योजना के जीर्णोद्धार कार्य की अद्यतन स्थिति से भी बैठक को अवगत कराया गया। सभी विभागों के अनुपालन प्रतिवेदनों एवं योजनाओं की समीक्षा के उपरांत जनप्रतिनिधियों एवं 20-सूत्री समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न जनहित के मुद्दों, स्थानीय समस्याओं एवं विकास कार्यों से संबंधित प्रश्न उठाए गए तथा सुझाव प्रस्तुत किए गए।

हिसुआ विधायक अनिल सिंह ने किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा कृषि विभाग की कार्यप्रणाली से संबंधित विषयों को उठाया। इस पर जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई तथा किसानों के हित में विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई से अवगत कराया गया। जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी ने प्रजातंत्र चौक स्थित पुराने भवनों में संचालित दुकानों के जीर्णोद्धार की आवश्यकता पर ध्यान आकृष्ट कराया तथा दुकानदारों की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही प्राप्त शिकायतों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करते हुए जवाबदेही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर 20-सूत्री समिति के उपाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी एवं अनिल मेहता, नवादा विधायक विभा देवी, गोविंदपुर विधायक विनीता मेहता, विधायक, वारिसलीगंज अनिता, विधायक हिसुआ अनिल सिंह, रजौली विधायक विमल राजवंशी, विधान पार्षद, नीरज कुमार, विधान पार्षद अशोक कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, नवादा नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी कुमारी, हिसुआ नगर परिषद अध्यक्ष पूजा कुमारी, पूर्व अध्यक्ष शोभा देवी सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं 20-सूत्री समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## पूरे जिले में आयोजित हुई जनसुनवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में समाहरणालय सभाकक्ष में वरीय उपसमाहर्ता मनोज चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 15 शिकायतें दर्ज कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान वरीय उपसमाहर्ता द्वारा कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। वरीय उपसमाहर्ता द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** पीएम मोदी के मन की बात का 134वां प्रसारण भजपा कार्यकर्ताओं ने सुना। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया अत्यंत प्रेरणादायक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात के संबोधन में बिहार के सत्तू और जर्दालू आम की विशेषता पर चर्चा करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पी एम मोदी का आभार जताते हुए कहा कि इससे बिहार के किसानों एवं स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात के 134वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए बिहार के सत्तू एवं जर्दालू आम की विशेष रूप से चर्चा करते हुए लोगों को भीषण गर्मी से बचने के लिए कई उपाय बताए। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के अनुसार जो स्वंय भी नालंदा विधानसभा के एक बूथ पर लोगों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए उन्होंने बताया कि इस बार नालंदा जिला में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनता का पी एम मोदी के मन की बात सुनने के लिए विशेष रूचि और उत्साह देखने को मिला, भाजपा के रिपोर्ट के अनुसार जिलेभर में 1800 से अधिक बूथों पर इस मासिक कार्यक्रम को सुना गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री जनता से सीधे जुड़कर संवाद करते हैं। देश और समाज के लिए अपना उत्कृष्ट योगदान करने वाले गुमनाम समाजसेवियों को देश और दुनिया के सामने लाकर उसकी चर्चा करते हैं, जिससे देशवासियों को देश और समाज के लिए सकारात्मक योगदान हेतू प्रेरणा मिलती है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने नालंदा जिला के प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ताओं को आभार जताया जिन्होंने इस कार्यक्रम को अपने अपने बूथों पर संपन्न कराने में योगदान दिया।

## रजौली में लोजपा (रामविलास) के अनुमंडल कार्यालय का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** रजौली अनुमंडल मुख्यालय के पार बाध स्थित बालाजी मैरेज हॉल में सोमवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अनुमंडलीय स्तरीय कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। रजौली विधायक विमल राजवंशी एवं युवा लोजपा (आर) के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मगध प्रमंडल प्रभारी राजन नायक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रजौली प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र पासवान ने की। मौके पर लोजपा (आर) के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, गोविंदपुर विधायक विनीता मेहता, युवा लोजपा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू, संसदीय दल के जिलाध्यक्ष अभिमन्यु कुमार, जिला उपाध्यक्ष आरपी साहू, प्रदेश सचिव प्रो. विष्णुदेव पासवान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मो. तस्लीमुद्दीन, सिरदला प्रखंड अध्यक्ष दिलीप पासवान, मेसकौर प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र पासवान, युवा प्रकोष्ठ के रजौली प्रखंड अध्यक्ष रितेश कुमार एवं सिरदला प्रखंड अध्यक्ष संजीत कुमार मौजूद रहे।

## जून माह में जिलेभर में आयोजित होंगे एम्बुलेटरी वाहन पशु चिकित्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले के पशुपालकों को उनके निकटस्थ क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण पशु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा पशुपालन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला पशुपालन पदाधिकारी, नवादा द्वारा जून 2026 माह के लिए एम्बुलेटरी वाहन पशु चिकित्सा शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम की कार्ययोजना जारी की गई है। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में निर्धारित तिथियों पर विशेष पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, रोगों की पहचान एवं उपचार, टीकाकरण संबंधी परामर्श, पशुपालन प्रबंधन की जानकारी तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के अंतर्गत 4 जून 2026 से 23 जून 2026 तक जिले के नारदीगंज, पकरीबरावां, रजौली, सिरदला, नवादा सदर, रोह, काशीचक, गोविंदपुर, कौआकोल, मेसकौर एवं वारिसलीगंज प्रखंडों के चयनित पंचायतों एवं गांवों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक शिविर में नामित पशु चिकित्सा पदाधिकारी एवं सहयोगी कर्मी उपस्थित रहकर पशुपालकों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

**शिविरों की निर्धारित तिथियां एवं स्थान निम्नवत हैं :**

- 04.06.2026 – प्रखंड नारदीगंज, चिकित्सालय नारदीगंज, ग्राम पेश, पंचायत धनियामा।
- 05.06.2026 – प्रखंड पकरीबरावां, चिकित्सालय मड़वागुलनी, ग्राम अटारी, पंचायत गुलनी।
- 06.06.2026 – प्रखंड रजौली, चिकित्सालय अंधरवारी, ग्राम मुरहेना, पंचायत दोपट्टा।
- 08.06.2026 – प्रखंड सिरदला, चिकित्सालय सिरदला, ग्राम कशियाडीह, पंचायत बांधी।
- 09.06.2026 – प्रखंड नवादा सदर, चिकित्सालय झिकटौरा, ग्राम अषाढ़ी, पंचायत झुनाठी।
- 10.06.2026 – प्रखंड रोह, चिकित्सालय रोह, ग्राम समरीगढ़, पंचायत समरीगढ़।
- 11.06.2026 – प्रखंड काशीचक, चिकित्सालय वाजिदपुर, ग्राम वहरी बिगहा, पंचायत पार्वती।
- 13.06.2026 – प्रखंड नवादा सदर, चिकित्सालय ओढ़नपुर, ग्राम पनसला, पंचायत खराँट।
- 15.06.2026 – प्रखंड गोविंदपुर, चिकित्सालय गोविंदपुर, ग्राम विशुनपुर, पंचायत विशुनपुर।
- 18.06.2026 – प्रखंड कौआकोल, चिकित्सालय बरौन भुआंलटाड़, ग्राम देवनगढ़, पंचायत देवनगढ़।
- 20.06.2026 – प्रखंड मेसकौर, चिकित्सालय मेसकौर, ग्राम गंगावारा, पंचायत मेसकौर।
- 22.06.2026 – प्रखंड वारिसलीगंज, चिकित्सालय दोसुत, ग्राम मिल्की पर, पंचायत मंजौर।
- 23.06.2026 – प्रखंड कौआकोल, चिकित्सालय फुलडीह, ग्राम चहल, पंचायत पांडेगंगोट।

जिला पशुपालन पदाधिकारी ने सभी संबंधित शिविर प्रभारियों को निर्देश दिया है कि शिविर की सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पशुपालकों को पूर्व से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि अधिकाधिक पशुपालक इस सुविधा का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि एम्बुलेटरी वाहन के साथ विभागीय कर्मी भी उपस्थित रहेंगे तथा शिविर स्थल पर समय पर पहुंचकर आवश्यक सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने जिले के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर आयोजित शिविरों में अपने पशुओं को लेकर आएं तथा पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण, रोग नियंत्रण एवं उन्नत पशुपालन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही इस महत्वपूर्ण सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं।

## जिले के सभी खराब चापाकल होंगे दुरुस्त : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिहारशरीफ।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को समीक्षा बैठक आयोजित कर जिलेभर में 2 जून से "विशेष चापाकल मरम्मती अभियान" शुरू करने का निर्देश दिया गया। अभियान के तहत 15 जून तक सभी खराब एवं मरम्मती योग्य चापाकलों को दुरुस्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) के अधिकारियों ने बताया कि बिहारशरीफ प्रमंडल अंतर्गत कुल 14,297 चापाकल स्थापित हैं, जिनमें 1,434 मरम्मती योग्य और 113 पूर्ण रूप से खराब चिह्नित किए गए हैं। इनमें से 829 चापाकलों की मरम्मत की जा चुकी है, जबकि 605 की मरम्मत अभी शेष है। वहीं हिलसा प्रमंडल में कुल 9,624 चापाकलों में से 1,444 मरम्मती योग्य तथा 212 पूर्ण रूप से खराब पाए गए हैं। यहां 902 चापाकलों की मरम्मत पूरी हो चुकी है, जबकि 542 चापाकलों को अभी दुरुस्त किया जाना है। जिला पदाधिकारी ने दोनों प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं को वार्डवार सर्वे कर सभी खराब चापाकलों की अद्यतन सूची तैयार करने तथा विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत मरम्मती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पूरी तरह से खराब चापाकलों को उखाड़कर सुरक्षित भंडारण करने को कहा गया। डीएम ने निर्देश दिया कि 12 से अधिक पंचायतों वाले प्रखंडों में पांच-पांच मरम्मती दल तथा अन्य प्रखंडों में कम से कम तीन-तीन मरम्मती दल तैनात किए जाएं, ताकि तय समय सीमा के भीतर कार्य पूरा हो सके।

## नलिन कुमार का शव पहुंचते ही मचा कोहराम

**नारदीगंज (नवादा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के डोहरा गांव में बीटेक छात्र नलिन कुमार का शव पहुंचते ही कोहराम मच गया। मृतक नलिन कुमार डोहरा पंचायत के उप मुखिया सह डोहरा निवासी नीलम देवी व उनके पति पूर्व उप मुखिया संजय कुमार का 26 वर्षीय छोटा पुत्र था। मृतक का शव दिल्ली से एम्बुलेंस से सोमवार की दोपहर में डोहरा गांव पहुंचते ही उसके पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। बताया गया कि नई दिल्ली स्थित साकेत के सैदुलअजाईब में पांच मंजिला इमारत से गिरने से नलिन कुमार की मौत हो गई थी। स्वजन ने बताया नलिन बीटेक की पढ़ाई पूरी कर ली थी। अब उसे जॉब लगना था। वह दिल्ली में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था।

## जिला प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन का हिसुआ में स्वागत



**हिसुआ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा में आयोजित 20 सूत्री कार्यक्रम की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने जा रहे जिला प्रभारी एवं 20 सूत्री कार्यक्रम मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन का हिसुआ में स्वागत किया गया। मंत्री संतोष कुमार सुमन के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया तथा जोरदार स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनके नेतृत्व और जनसेवा कार्यों की सराहना की। हिसुआ 20 सूत्री सदस्य एवं भाजपा जिला कार्यक्रम समिति सदस्य पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि मंत्री के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह था। उन्होंने कहा कि भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने संगठन की मजबूती और एकजुटता का परिचय दिया है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का आभार भी व्यक्त किया। पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि 20 सूत्री कार्यक्रम सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है।

## जनता की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करें : डीएम

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जन शिकायतों के त्वरित निष्पादन, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, सहयोग शिविर और मलमास मेला 2026 की तैयारियों समेत विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन संबंधी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में चिन्हित मृत व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड डेटाबेस से हटाने के लिए प्राप्त 29,742 आवेदनों में से 9,700 आवेदन सही पाए गए, जबकि 20,042 आवेदन निरस्त करने योग्य थे। सभी पात्र मामलों में मृत व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड डेटाबेस से हटा दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले की छोटी नदियों, नहरों, आहर-पइन की गाद उड़ाही, अतिक्रमण हटाने तथा जमींदारी बांधों के सुदृढ़ीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए।

## 1151 महिलाओं की कलश यात्रा से दहपर में गूंजा सनातन का जयघोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिहारशरीफ।** नूरसराय प्रखंड के दहपर हाई स्कूल मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ का शुभारंभ रविवार को 1151 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। धार्मिक आस्था, भक्ति और उत्साह से सराबोर इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। कलश यात्रा में शामिल महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भगवान के जयकारों के साथ नगर भ्रमण किया, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। मघड़ा स्थित शीतला माता मंदिर से निकली विशाल कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल दहपर हाई स्कूल मैदान पहुंची। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। महिलाओं की बड़ी भागीदारी और भक्तों के उत्साह ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता एवं प्रसिद्ध कथावाचक श्याम शुभम जी महाराज का श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं और जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को संस्कार, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। कथा के माध्यम से लोगों को सनातन धर्म के मूल्यों और भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं से अवगत कराया जाएगा। कथावाचक श्याम शुभम जी महाराज ने बताया कि 1 जून से 7 जून तक प्रतिदिन संध्या 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक कथा का आयोजन होगा। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, धर्म, भक्ति और मानव जीवन के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर पहुंचकर कथा श्रवण करने और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने की अपील की है। सात दिवसीय इस धार्मिक आयोजन का समापन 8 जून को भव्य महाभंडारे के साथ होगा।

## एक नजर

### ट्रैक्टर-बाइक की सीधी टक्कर में युवक घायल

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कौआकोल-रोह मुख्य पथ पर चोंगवा मोड़ के पास रविवार देर शाम बाइक और ट्रैक्टर के बीच हुई सीधी टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बरियारपुर गांव निवासी महेंद्र यादव के पुत्र नवीन कुमार के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कौआकोल थाना की गश्ती टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को अपने वाहन से तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल पहुंचाया। पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### कौआकोल में बैंकर्स कमिटी की बैठक

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को प्रखंड कार्यालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में बैंकर्स कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों एवं संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा की गई। बीडीओ ने बैंक अधिकारियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम,मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), स्वयं सहायता समूहों को ऋण वितरण तथा अन्य लाभकारी योजनाओं के लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए। इसके लिए बैंक और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। बैठक में ऋण वितरण की स्थिति, लंबित आवेदनों, वित्तीय समावेशन तथा बैंकिंग सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बीडीओ ने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों से सरकारी योजनाओं के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने तथा आम लोगों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने का आह्वान किया। बैठक में विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### 8 जून से 13 जून तक विशेष ऋण वसूली शिविर का आयोजन

**नवादा / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट माइनॉरिटीज फाइनेंशियल कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना के निर्देश के आलोक में मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, एनएमडीएफसी टर्म लोन योजना एवं शिक्षा ऋण योजना के अंतर्गत वितरित ऋणों की प्रभावी वसूली, ऋण धारकों को भुगतान संबंधी सुविधा उपलब्ध कराने तथा समय पर ऋण अदायगी के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, नवादा द्वारा 8 जून 2026 से 13 जून 2026 तक विशेष ऋण वसूली शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, नवादा ने बताया कि नवादा जिले के अंतर्गत उक्त योजनाओं से लाभान्वित सभी ऋण धारकों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी बकायादार ऋणियों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि के दौरान जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, नवादा में आयोजित विशेष शिविर में उपस्थित होकर अपने बकाया ऋण की राशि जमा करें तथा भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक अथवा विधिक कार्रवाई से बचें। उन्होंने बताया कि निर्धारित समयावधि के भीतर ऋण की अदायगी नहीं किए जाने की स्थिति में बकाया राशि पर नियमानुसार ब्याज एवं दंडात्मक ब्याज देय होगा। साथ ही, लगातार चूक करने वाले ऋणियों के विरुद्ध आवश्यकतानुसार दीवानी एवं फौजदारी कार्रवाई भी की जा सकती है।

### शिक्षा समर कैंप का आयोजन

**नगरनौसा (नालंदा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड संसाधन केंद्र के तत्वाधान में शिक्षा सेवक समर कैंप महादलित के वैसे कमजोर बच्चों जो अनुच्छेद एवं कहानी पढ़ना नहीं जानते हैं बैसे 15 बच्चों को स्तर वृद्धि हेतु केंद्र का संचालन करना है इसके लिए वर्ग 5 एवं 6 वर्ग के छात्र-छात्राओं का चयन करना है और नियमित रूप से 7:00 से 9:00 तक केंद्र संचालन करना है इसके लिए एक दिवसीय उन्मुख कारण का आयोजन किया गया है।इस दौरान सम्बोधन करते हुए के आर पी नगरनौसा के द्वारा शिक्षा सेवक को उत्साह बढ़ाते हुए केंद्र संसाधन के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ केआर पी के द्वारा नव साक्षर महिलाओं को प्रमाण पत्र दिया गया। प्रथम संस्थापक के जिला समन्वयक प्रतिभा कुमारी द्वारा प्रशिक्षण में बेहतर गुणवत्ता दिया गया। जिससे शिक्षा सेवक में काफी उत्साह देखा गया। प्रखंड संसाधन केंद्र के लेखपाल गौरव कुमार द्वारा संयुक्त रूप से प्रशिक्षण को उद्घाटन किया गया। और लेखपाल द्वारा उत्साह बढ़ाते हुए शिक्षा सेवक को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा सेवक लक्ष्मण कुमार द्वारा सभी शिक्षा सेवक को अपने समाज के कमजोर बच्चों एवं समाज का सुदृढ़ बनाने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें निम्नलिखित शिक्षा सेबक का नाम इस प्रकार है लक्ष्मण कुमार उत्क्रमित मध्य विद्यालय अशरफपुर, जयनंदन चौधरी प्राथमिक विद्यालय मुसहरी, नीतीश कुमार प्राथमिक विद्यालय मोहिउद्दीनपुर, रंजीत कुमार प्राथमिक विद्यालय गिलानीचक, सुनीता कुमारी, उर्मिला कुमारी, कुमारी किरण सिन्हा इत्यादि ने भाग लिया।

### सेवानिवृत्ति पर दी गयी विदाई



**नवादा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) के लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल, नवादा स्टेशन रोड कार्यालय में सोमवार को पम्प ऑपरेटर अरविंद कुमार सिंह के सेवानिवृत्ति अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सरोज सिंह ने किया, जबकि अध्यक्षता नीलेश मिश्रा ने की। श्री सिंह ने 1 दिसंबर 2006 को विभाग में अपनी सेवा प्रारंभ की थी तथा 31 मई 2026 को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर सहायक अभियंता मनीष कुमार ने कहा कि अरविंद सिंह विभाग के अत्यंत समर्पित एवं जिम्मेदार कर्मी रहे हैं। उनकी कमी विभाग को हमेशा महसूस होगी। वहीं कनीय अभियंता रंजीत कुमार ने कहा कि अरविंद सिंह ने अपने लंबे सेवाकाल में अनुशासन, समयपालन और कर्मठता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। वे न केवल एक कुशल कर्मचारी थे बल्कि सहकर्मियों के सुख-दुख में सहभागी रहने वाले संवेदनशील व्यक्ति भी हैं। विभाग उनके योगदान को सदैव याद रखेगा। समारोह में हिसुआ के जेई विकास कुमार, प्रधान लिपिक लोक स्वास्थ्य प्रमंडल गया विकास कुमार टिड्डा, प्रधान लिपिक पंकज कुमार, संतोष कुमार, सौरव कुमार, बिपिन कुमार, शशिशेखर भट्ट, नीलेश मिश्रा, लाल्टूस कुमार, अजीत कुमार सिन्हा, गुलाब, नन्द सिंह, अश्विन सिंह, सुरेंद्र कुमार, नवल सिंह सहित विभाग के अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने अरविंद सिंह के सुखद, स्वस्थ एवं सम्मानपूर्ण सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएं दी।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**मुख्य सामग्री प्रबंधक/बिक्री,** पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा पूर्व प्रकाशित **पूर्व रेलवे के जून, 2026 महीने के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम** के संबंध में पूर्व प्रकाशित अधिसूचना के संदर्भ में संशोधन। **जमालपुर डिपो** के जून, 2026 महीने के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया गया है:

| मंडल | वर्तमान तारीख | संशोधित तारीख |
|---|---|---|
| जमालपुर | 12.06.2026 | 16.06.2026 |

पूर्ववर्ती अधिसूचना के अनुसार अन्य डिपो एवं मंडलों के नीलामी कार्यक्रम अपरिवर्तित रहेंगे।

(STORES-16/2026-27) मुख्य सामग्री प्रबंधक/बिक्री

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# गया के समग्र विकास एवं किसानों की सिंचाई व्यवस्था को लेकर डॉ. प्रेम कुमार ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को गयाजी स्थित मगध आयुक्त कार्यालय में गया टाउन क्षेत्र एवं गया जिला से संबंधित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं, जनसुविधाओं तथा प्रशासनिक विषयों की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में मगध आयुक्त सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शहर के विकास, यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, अतिक्रमण मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन विकास तथा किसानों के लिए सिंचाई सुविधाओं के विस्तार सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. प्रेम कुमार ने सभी संबंधित विभागों को जनहित से जुड़ी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गया एक ऐतिहासिक, धार्मिक एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी है। इसके अनुरूप शहर की आधारभूत संरचना, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था एवं पर्यावरणीय संतुलन को बेहतर बनाना आवश्यक है। उन्होंने फल्गु नदी के दोनों तटों को अतिक्रमण मुक्त कराने, नदी में गिर रहे गंदे पानी को रोकने तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की स्थापना की दिशा में शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में मानपुर गौरक्षणी बस स्टैंड को बाजार क्षेत्र से बाहर स्थानांतरित कर नए बस स्टैंड के निर्माण, शहर को जाममुक्त बनाने, विभिन्न स्थानों पर ओवरब्रिज एवं रेलवे ओवरब्रिज निर्माण, प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण, गांधी मैदान एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा सीसीटीवी एवं ट्रैफिक निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने विशेष रूप से किसानों की सिंचाई व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए जिले में संचालित सिंचाई परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इमामगंज प्रखंड क्षेत्र में 2690 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कोठी पईन सिंचाई परियोजना पर कार्य प्रगति पर है। परियोजना के अंतर्गत कोठी वियर एवं हेड रेगुलेटर का निर्माण, सुरक्षा कार्य, सीसी ब्लॉक एवं बोल्डर पिचिंग, कोठी पईन का पुनर्स्थापन, विभिन्न स्थलों पर आउटलेट, इनलेट, फॉल एवं बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण तथा आधुनिक एसकाडा प्रणाली की स्थापना का कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि परियोजना का लगभग 51 प्रतिशत भौतिक कार्य पूर्ण हो चुका है। शीट पाइलिंग, डी-वॉटरिंग, स्पिलवे, विंग वॉल, पियर फाउंडेशन, राफ्ट निर्माण, तटबंध निर्माण तथा पुल निर्माण से संबंधित कई कार्य प्रगति पर हैं। परियोजना पूर्ण होने पर इमामगंज प्रखंड के कोशमाही, देवरिया, बराकला, नीमा, अकौना, टेटरिया, डुमरी, यमुना, पांति, लावा बर, बसतपुर, मंजीयावां सहित अनेक गांवों के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। बैठक में यह भी बताया गया कि परियोजना के पूर्ण होने से भू-जल स्तर में वृद्धि होगी, आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ प्रबंधन को मजबूती मिलेगी तथा मत्स्य पालन एवं पर्यटन की संभावनाओं का भी विस्तार होगा। इस पर संतोष व्यक्त करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को परियोजना को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

# बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के नए कार्यालय के लिए भूमि आवंटन का अनुरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष रणवीर नन्दन ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी, पटना से सटी खाली सरकारी जमीन को बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के नए कार्यालय के निर्माण हेतु आवंटित करने का आग्रह किया। रणवीर नन्दन ने मुख्यमंत्री को बताया कि परिषद के कार्यों के विस्तार तथा धार्मिक संस्थाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए एक स्वतंत्र और सुव्यवस्थित कार्यालय भवन की आवश्यकता है। इसके लिए गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी के समीप उपलब्ध सरकारी भूमि उपयुक्त स्थान हो सकती है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के नए कार्यालय के निर्माण की दिशा में उम्मीदें बढ़ गई हैं। इस अवसर पर रणवीर नन्दन ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निकट भविष्य में बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद का नया कार्यालय अस्तित्व में आएगा, जिससे परिषद की प्रशासनिक एवं धार्मिक गतिविधियों के संचालन में और अधिक सुविधा होगी। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति साधुवाद और धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनीं आमजनों की समस्याएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 100 से अधिक आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा और ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी का अभिनंदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गया।** शहर के हंगरीला होटल में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा तथा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी का गया के प्रमुख भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना वर्ष 1980 में हुई थी। उस समय पार्टी का विस्तार सीमित था, लेकिन कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और समर्पण के बल पर आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जहां एक साधारण कार्यकर्ता को भी उसकी मेहनत और क्षमता के आधार पर महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा जाता है। संगठन में कार्य करने वालों को सम्मान और अवसर मिलने से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश महामंत्री का दायित्व मिलने के बाद वे जनता और कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि पार्टी के विस्तार और संगठन को मजबूत बनाने के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के सिद्धांतों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गया पश्चिमी जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने की। आयोजन की जिम्मेदारी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने निभाई। समारोह में राजेश चौधरी, युगेश कुमार, राजेश कुमार सिंह, अनिरुद्ध कुमार दांगी, विनोद दांगी, अजय कुमार तन्य, वेंकटेश शर्मा, प्रशांत कुमार, अशोक कुमार सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डा. प्रवीण कुमार अग्रवाल बने मगध मेडिकल कॉलेज के प्रभारी अधीक्षक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** शहर के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डा के के सिन्हा रविवार को सेवानिवृत हो गये। उनके सेवानिवृत होने के बाद नये मेडिकल अधीक्षक का नया कोई नोटिफेशन विभाग की ओर से नहीं आया है। ऐसे में उन्होंने मेडिकल अधीक्षक का पदभार वर्तमान उपाधीक्षक डा प्रवीण कुमार अग्रवाल को सौंपा दिया हूं। अब अगले आदेश तक डा. प्रवीण कुमार अग्रवाल प्रभारी अधीक्षक के रूप में कार्य करेंगे। डा प्रवीण कुमार अग्रवाल ने बताया कि सरकार की ओर से अभी तक नया कोई नोटिफिकेशन नहीं आया है। ऐसे में अस्पताल को सुचारू रूप से चलाने के लिए निर्वतमान अधीक्षक ने सेवानिवृत होने पर पदभार उन्हें सौंपा है जिसका दायित्व व अगले आदेश तक निभायेंगे। उन्होंने कहा कि यहा आये हुये मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिले। यहां के चिकित्सक व पारा मेडिकल स्टाफ उनसे सही से बात करें और उनका सही से इलाज हो वह स्वस्थ होकर यहां से जाये। यही हमारी प्राथमिकता है। सेवानिवृत होने पर डा. के के सिन्हा भावुक हो गये। वहीं अस्पताल के कर्मी भी उन्हे विदा करते समय भावुक दिखें।

# ग्लोबल डे ऑफ पेरेंट्स पर माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त कर मनाया जश्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** ग्लोबल डे ऑफ पेरेंट्स के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अपने माता-पिता का चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा इस विशेष दिवस को श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने समाज के लोगों से भी माता-पिता के प्रति सम्मान, सेवा और समर्पण की भावना बनाए रखने का आहवान किया। डॉ. मिश्रा ने कहा कि माता-पिता हमारे जीवन के प्रथम गुरु होते हैं। उनके त्याग, तपस्या, प्रेम और संस्कारों के कारण ही हम जीवन में आगे बढ़ पाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब भौतिकता और व्यस्तता का दौर बढ़ता जा रहा है, तब माता-पिता के प्रति सम्मान और उनके साथ समय बिताना पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हमें अपने माता-पिता का स्नेह, मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त होता है। उनके अनुभव और सीख जीवन की कठिन परिस्थितियों में सही दिशा दिखाने का कार्य करते हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि ग्लोबल डे ऑफ पेरेंट्स केवल एक दिवस नहीं, बल्कि माता-पिता के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस दिन प्रत्येक व्यक्ति को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह अपने माता-पिता की सेवा करेगा, उनका सम्मान करेगा तथा उनके बताए आदर्शों और मूल्यों का पालन करेगा। अपने माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए उन्होंने कहा कि उनके जीवन में मिली सभी उपलब्धियों के पीछे माता-पिता के संस्कार, मार्गदर्शन और आशीर्वाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे अपने माता-पिता का सम्मान करें, उनके साथ समय बिताएं तथा अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी अपने माता-पिता के प्रति सम्मान व्यक्त किया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय जीवन और दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम का वातावरण भावनात्मक और प्रेरणादायी रहा, जहां परिवार और संस्कारों के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

# इस्माइलपुर-प्रधाना लिंक पथ हसनपुर-बरई की हालत बदहाल

## ग्रामीणों ने निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग उठाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के इसमाइलपुर-प्रधाना मुख्य मार्ग से जुड़ने वाले हसनपुर-बरई लिंक पथ की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग प्रशासन और संबंधित विभाग से की। ग्रामीण राम विलास यादव, दीपक कुमार, अवधेश यादव सहित अन्य लोगों ने बताया कि इस मार्ग की दुर्दशा को लेकर पिछले वर्ष 5 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय दैनिक नवबिहार टाइम्स में समाचार प्रकाशित हुआ था। इसके बाद सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा बार-बार जल्द काम शुरू करने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं दिख रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हसनपुर गांव के मोड़ से पइन तक लगभग 250 मीटर सड़क अत्यंत खराब स्थिति में है। साथ ही पइन पर पुल निर्माण की भी आवश्यकता है, जिससे बरसात के दिनों में आवागमन सुगम हो सके। इस मार्ग से बरई, राजा बिगहा, इटवां, नारायणपुर, कैथी, खैरापर, हसनपुर, घोंघीमठ, कंचनपुर, बसंतपुर, महमूदपुर और मुबारकपुर समेत दर्जनों गांवों के सैकड़ों लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। इसी रास्ते से लोग गुरारू बाजार, इस्माइलपुर रेलवे स्टेशन, रफीगंज, आंती बाजार, ददरेजी तथा कोंच बाजार आते-जाते हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से अविलंब सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने तथा पइन पर पुल निर्माण कराने की मांग की है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून तक चलेगा 'स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु' अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के अवसर पर कोंच प्रखंड की सभी पंचायतों में 1 से 5 जून तक चलाए जाने वाले स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु विशेष अभियान की सफलता को लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ विपुल भारद्वाज ने की जबकि संचालन प्रखंड समन्वयक अमित कुमार ने किया। बैठक में बीडीओ ने कहा कि यह अभियान स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं पर्यवेक्षकों से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। प्रखंड समन्वयक अमित कुमार ने बताया कि अभियान के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक कचरा नियंत्रण, पौधारोपण, श्रमदान और स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा को बढ़ावा देकर कचरे को आय के साधन में बदलने पर भी जोर दिया जाएगा। बैठक में पंचायत स्तर पर विभिन्न स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों के सफल आयोजन के निर्देश दिए गए।

# ब्रह्माकुमारीज ने विद्यार्थियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के पूर्व सप्ताह के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज के सिविल लाइन सेवाकेंद्र द्वारा रसलपुर मिडिल हाई प्लस टू स्कूल में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को तंबाकू, शराब और ड्रग्स जैसे नशों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बी के सुमन बहन ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को तंबाकू, शराब एवं ड्रग्स जैसे नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशामुक्त जीवन ही स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। इस अवसर पर बी के लक्ष्मी बहन ने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए जागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने का आहवान किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने भी नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।


## S.G.G.S. COLLEGE, PATNACITY.

**Patliputra University, Patna (Bihar)**

**INVITING TENDER NOTICE**

Invited sealed short tenders from the eligible university registered contractors/ of appropriate class of University for the work listed under.

| Sl. No. | Name of works | Estimated cost | Completion time | Amount of Bank Receipt/Cash for cost of tender documents (Rs) 5000.00 | Amount of Earnest Money 2.0% for issue of tender form (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 3rd Floor New Building | 48,70,810-00 | 6 Months | | 2% Tender Amount of |

**Time Schedule**

a) Last Date for purchase of tender of Documents may be obtained from Account Section till 2 pm during working hours of the college from 02-06-2026 to 13-06-2026.

b) Submission of tender papers till 2 pm in the office, or registered post till 17-06-2026.

c) Opening of tender by the college and within as per requirement days from the last.

**Condition of Contract:-**

DD/TD/Should be made in the favor of Principal S.G.G.S. COLLEGE, Patnacity. Tender is open only to the eligible and experienced contractors/ firms of Appropriate Class Registered with University.

The intending tender/contractors should apply in writing for issue of tender documents. The application would invariably be signed by the contractor himself/herself the tender.

Undesigned has every right to cancel the tender without assigning any reason.

**Principal**
**S.G.G.S. COLLEGE**
**Patnacity.**



## DEO CHAND COLLEGE, HAJIPUR, VAISHALI
## BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR BIHAR UNIVERSITY.
## INVITING TENDER NOTICE

Invited sealed short tenders from the eligible university registered contractors/ of appropriate class of University for the work listed under.

| Sl. No. | Name of works | Estimated cost | Completion time | Amount of Bank Receipt/Cash for cost of tender documents (Rs) | Amount of Earnest Money. 2.0% for issue of tender form (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 . | Construction of Proposed Class room 1 Staircase & Bathroom work | 49,61,176-00 | 6 Months | **5000.00** | 2% Tender Amount of |
| 2 . | Construction of Proposed Class room 2, 3 & 4 work | 46,22,177-00 | 6 Months | **5000.00** | 2% Tender Amount of |
| 3 . | Construction of Proposed Class room 5 Staircase & Bathroom work | 47,14,269-00 | 6 Months | **5000.00** | 2% Tender Amount of |

**Time Schedule**

a) Last Date for purchase of tender of Documents may be obtained from Account Section till 2 pm during working hours of the college from 02-06-2026 to 14-06-2026.

b) Submission of tender papers till 2 pm in the office, or registered post till 20-06-2026.

c) Opening of tender by the college and within as per requirement days from the last.

**Condition of Contract:-**

DD/TD/Should be made in the favor of Principal Deo Chand College, Hajipur, Vaishali, Tender is open only to the eligible and experienced contractors/firms of Appropriate Class Registered with University.

The intending tender/contractors should apply in writing for issue of tender documents. The application would invariably be signed by the contractor himself/herself the tender.

Undesigned has every right to cancel the tender without assigning any reason.

**Principal, Deo Chand College, Hajipur Vaishali**

संपादकीय

# जाति तोड़ो देश जोड़ो

र देश, समाज या धर्म का विभिन्न समुदाय में विभक्त होना कोई अचरज की बात नहीं, अपितु स्वाभाविक है। यह मनुष्य का जन्मजात नैसर्गिक गुण है। लेकिन समय की मांग पर एक होना उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। अनेकता में एकता ही किसी राष्ट्र की विशेषता है। ऐसा न कर पाने की दशा पतन का मार्ग प्रशस्त करती है। इतिहास ने इस तथ्य को समय समय पर हम सबको समझाया और जो इस तथ्य एवं सत्य को समझ गया वही सफल हो सका।




राणा सांगा और बाबर में भयानक युद्ध चरम पर था। उन दिनों युद्ध नियमों का पालन करते हुए लड़ाई केवल दिन के समय सूर्यास्त तक ही की जाती थी। सूर्यास्त के साथ युद्ध थम जाता था एवं सैनिक अपने डेरे में प्रस्थान कर लेते थे। एक दिन संध्याकाल में बाबर जब टहल रहे थे तो उन्हें राणा के कैंप में अनेक जगहों से धुंआ आसमान की ओर उठता दिखाई दिया। उन्हें लगा शायद आग लग गई है और अपने सेवक से पूरी बात पता करके आने को कहा।

गुप्तचर पूरी बात पता करके तुरंत लौटे और अपने सम्राट को यह शुभ समाचार सुनाया था कि जहांपनाह सारे सैनिक हिन्दु हैं और एक जगह एक साथ बैठकर खाना नहीं खाते। अपनी अपनी जाति के अनुसार खेमों में बंटे हैं और एक दूसरे का छुआ भी नहीं खाते।

यह सुनते ही बाबर प्रसन्न हो गया और अपने सेनापति मीर बांकी को बुलाकर कहा - अब हमारी फतह को कोई नहीं रोक सकता। भला वे हमसे क्या लड़ेंगे जो सैनिक एक साथ मिल बैठकर खाना भी नहीं खा सकते। समय के साथ यह बात सत्य सिद्ध हुई। अनेक वीर सैनिकों से सुसज्जित परमवीर राणा सांगा की सेना काल कवलित हो गई। राजा हार गया तथा देश में मुगल साम्राज्य का आगाज़ हुआ। बात का संदर्भ स्पष्ट है। हम आज भी विभिन्न सम्प्रदाय, जाति, उपजाति एवं समुदायों में विभाजित हैं। अपनी सामूहिक शक्ति का हमें भान ही नहीं है। सनातन दर्शन की सबसे बड़ी संदेशवाहक धर्मग्रंथ गीता में भी प्रतिभा के आधार पर कर्म के चुनाव की सुविधा प्रतिपादित है। कर्म और केवल कर्म। जाति व्यवस्था का कहीं कोई संदर्भ नहीं।

चतुर-वर्ण्यं मया सृष्टम् गुण-कर्म-विभागशः
तस्य कर्तारम् अपि माम् विद्याकर्तारम् अव्ययम्

(मैंने गुणों और कर्मों के विभाजन के अनुसार चारों वर्णों की रचना की है। यद्यपि मैं उनका सृष्टिकर्ता हूँ, फिर भी यह जान लो कि मैं न तो कार्य करता हूँ और न ही बदलता हूँ) आज़ादी उपरांत के कालखण्ड में जाति से मुक्ति का आव्हान प्रखर राष्ट्रवादी राजनेता डॉ. राममनोहर लोहिया द्वारा किया गया था अपने 'जाति तोड़ो' अभियान के माध्यम से, न कि किसी पारंपरिक धर्म की ध्वजा का दम्भ भरनेवाली किसी भी संस्था या समुदाय द्वारा। कुल मिलाकर आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी समस्या ज्यों की त्यों है। यही कारण है हमसे अनेक वर्षों बाद आजाद देश हमसे कई गुना आगे निकल गए हैं और हम आज भी तमाम तथाकथित प्रगति के बावजूद विभक्ति के जाल में उलझे हुए हैं।

# भारत ने श्रमिकों, किसानों, एमएसएमई के लिए खाड़ी देश में अवसरों के द्वार खोले



**श्री पीयूष गोयल**

1 जून से लागू हो रहा भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस मिशन की एक निर्णायक उपलब्धि है, जिसका लक्ष्य नए बाजार खोलने और रोजगार सृजन को गति देने के जरिये भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के लिए वैश्विक समृद्धि के मार्ग बनाना है।

भारत और ओमान के बीच गहरे आर्थिक संबंध हैं और लोगों के आपसी संबंध प्रगाढ़ हैं। ओमान में लगभग 7 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें वे व्यापारी परिवार भी शामिल हैं, जिनकी जड़ें 200-300 साल पुरानी हैं। ओमान से भारत को भेजी जाने वाली वार्षिक धनराशि लगभग 2 बिलियन डॉलर है, जबकि देश में 6,000 से अधिक भारतीय उद्यम कार्यरत हैं।

दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से सुदृढ़ करता है। यह तुरंत ही ओमान में 98त्न टैरिफ लाइनों के लिए 100 प्रतिशत शुल्क मुक्त बाजार पहुंच की सुविधा देता है, जिसमें 99.38 प्रतिशत निर्यात शामिल है।

यह सीईपीए से पहले की प्रणाली की तुलना में एक उल्लेखनीय सुधार को दर्शाता है। पहले की प्रणाली में केवल 15.3 प्रतिशत भारतीय निर्यात ओमान में शून्य शुल्क के साथ प्रवेश कर सकते थे। भारत की ऐसी वस्तुएं, जिन पर वर्तमान में ओमान में 5 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है और जिनकी कीमत लगभग 3.64 बिलियन डॉलर के निर्यात के बराबर है, अब काफी अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगी।

भारत के एमएसएमई क्षेत्र के लिए, यह समझौता परिवर्तनकारी हो सकता है, क्योंकि सीईपीए से लाभान्वित होने वाले कई क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों की प्रमुखता है। लोहा और इस्पात, वस्त्र, चमड़ा, वाहन कल-पुर्जे और औद्योगिक उपकरण जैसे कुछ क्षेत्रों में एमएसएमई को बड़े अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर मिलने की उम्मीद है, जिससे उत्पादन, निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

बढ़ती वैश्विक अस्थिरता के युग में, सीईपीए भारतीय निर्यातकों को, जो आर्थिक मंदी और बढ़ते व्यापार बाधाओं का सामना कर रहे हैं, अपने बाजारों को विविध बनाने और परंपरागत बाजारों पर निर्भरता कम करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

रोज़गार सृजन ङ्क यह व्यापार समझौता श्रम-गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, खाद्य प्रसंस्करण, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण और कुछ इंजीनियरिंग क्षेत्रों को लाभ पहुँचाता है, जो भारत के प्रमुख रोजगार प्रदाता हैं।

ओमान को होने वाले वस्त्र निर्यात में वृद्धि से उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और तिरुपुर, सूरत, लुधियाना, पानीपत, कोयंबटूर, करूर, भदोही, मुरादाबाद, जयपुर और अहमदाबाद जैसे प्रमुख क्लस्टर में रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। भारत भर के कारीगर और बुनकर भी अपने उत्पादों की उच्च अंतरराष्टीय मांग से लाभान्वित होंगे।

भारत भर में, विशेष रूप से तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में, साथ ही महाराष्ट, पंजाब, कर्नाटक और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों समेत चमड़ा और जूता के प्रमुख केंद्रों में भी रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

रत्न और आभूषण क्षेत्र एक अन्य उदाहरण है, जो दिखाता है कि सीईपीए रोजगार वृद्धि को किस प्रकार तेज करेगा।



भारत के पास पहले से ही कटे और पॉलिश किए हुए हीरे, सोने और चांदी के आभूषण तथा हस्तनिर्मित आभूषण उत्पादन में मजबूत क्षमताएं हैं। शुल्क बाधाओं के हटने से, भारतीय निर्यातकों को यूरोपीय और एशियाई प्रतिस्पर्धियों पर निर्णायक बढ़त मिलेगी। उद्योग जगत का अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में ओमान को होने वाला निर्यात बढ़ कर 150 मिलियन डॉलर तक हो सकता है। इससे पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट, राजस्थान और गुजरात के आभूषण निर्माण केन्द्रों में महत्वपूर्ण रोजगार संभावनाएं सृजित होने की उम्मीद है।

किसान और मछुआरे - घरेलू किसानों और संवेदनशील कृषि हितों की सुरक्षा के लिए, भारत ने गेहूं, चावल, मक्का, मोटे अनाज, डेयरी, फल, सब्जियां, खाद्य तेल, तिलहन, चाय, कॉफी और शहद जैसे प्रमुख उत्पादों पर कोई टैरीफ छूट नहीं दी है।

घी, शहद, मीठे बिस्कुट, अंडे और कुछ मिष्ठान्न उत्पादों में भारत को प्रतिद्वंद्वियों पर प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा, जिससे देश के कृषि उत्पादों की मांग बढ़ेगी और ग्रामीण आय में वृद्धि होगी।

यह समझौता भारत के राष्टीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) प्रमाणन की स्वीकृति और मान्यता भी प्रदान करता है, जो भारतीय किसानों को ओमान में, जो एक प्रमुख खाद्य आयातक है, जैविक उत्पाद बेचने के लिए विशाल अवसर देगा।

समुद्री उत्पादों में भी विशाल संभावनाएँ हैं, जिनका अब तक उपयोग नहीं हो पाया है। 2022 और 2024 के बीच ओमान का समुद्री उत्पादों का आयात लगभग 119 मिलियन डॉलर था। भारत से आयात केवल 7.75 मिलियन डॉलर था, जिससे भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात जैसे झींगा और जमे हुए कटलफिश के लिए विशाल अवसर मौजूद हैं। श्रम-गहन समुद्री उत्पाद उद्योग मछली पकड़ने, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, शीत-श्रृंखला लॉजिस्टिक्स और निर्यात संचालन में अतिरिक्त नौकरियाँ उत्पन्न कर सकता है।

दवा और पारंपरिक चिकित्सा - यूएसएफडीए, ईएमए, यूके एमएचआरए और टीजीए जैसे नियामकों द्वारा अनुमोदित भारतीय दवाएं 90 दिनों के भीतर ओमान में स्वचालित विपणन प्राधिकार प्राप्त करेंगी – जो भारतीय फार्मा निर्यातकों के लिए एक बड़ी सफलता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि सीईपीए भारत की पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं के लिए अवसर पैदा करता है। यह पारंपरिक चिकित्सा में संयुक्त अनुसंधान की व्यवस्था करता है।

सेवाएँ और आवागमन - समझौते का एक और महत्वपूर्ण पहलू सेवा और आवागमन में निहित है। ओमान ने भारत के लिए विशिष्ट निर्यात क्षेत्रों में व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएँ व्यक्त की है, जिनमें पेशेवर सेवाएँ, कंप्यूटर और आईटी सेवाएँ, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, अनुसंधान और विकास तथा पर्यावरण सेवाएँ शामिल हैं। लेखा, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, निर्माण, शिक्षा और परामर्श जैसे क्षेत्रों में भारतीय पेशेवरों को बेहतर बाज़ार पहुँच से लाभ मिलने की उम्मीद है।

महत्त्वपूर्ण रूप से, ओमान ने भारतीय पेशेवरों और श्रमिकों के लिए आवागमन प्रतिबद्धताओं में वृद्धि पर सहमति व्यक्त की है। अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित कर्मियों और संविदा सेवा प्रदाताओं को चार साल तक रहने की अनुमति दी जाएगी, जबकि व्यवसाय आगंतुकों और स्वतंत्र पेशेवरों को आसान अस्थायी प्रवेश की सुविधा मिलेगी। इसने अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित कर्मियों के लिए ऊपरी-सीमा को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है।

विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की मोदी सरकार की पहल प्रत्येक भारतीय के जीवन को बेहतर बनाने के प्रधानमंत्री के मिशन का हिस्सा है।

ओमान के साथ समझौता याद दिलाता है कि व्यापार; विकास, रोजगार सृजन और साझा समृद्धि का एक शक्तिशाली उपकरण है। एक विभाजित और संरक्षणवादी दुनिया में, पीएम मोदी स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि एक नया, आत्मविश्वासी भारत पीछे नहीं हटेगा। यह साझेदारियों, प्रतिस्पर्धा और वैश्विक सहभागिता के माध्यम से आगे बढ़ेगा।

**(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं।)**

अध्यात्म

## किसी भी परेशानी का हल करने से पहले यह समझें कि उसकी असली वजह क्या है

लोक कथा के मुताबिक, एक दिन एक शिष्य अपने गुरु के पास गया। उसने विनम्रता से कहा, 'गुरुजी, मैं जीवन में कामयाब बनना चाहता हूं। कृपया मुझे सफलता का रास्ता बताइए।' गुरु मुस्कुराए और बोले, 'मैं तुम्हें सफलता का रहस्य जरूर बताऊंगा, लेकिन पहले तुम मेरी बकरी को खूंटे से बांध दो।'

इतना कहकर गुरुजी ने बकरी की रस्सी शिष्य के हाथ में दे दी। वह बकरी बहुत शरारती थी और अपने मालिक के अलावा किसी की बात नहीं मानती थी। जैसे ही लड़के ने रस्सी पकड़ी, बकरी जोर-जोर से उछलने लगी। लड़का उसे पकड़ने की कोशिश करता, लेकिन वह बार-बार भाग जाती। काफी देर तक मेहनत करने के बाद भी वह बकरी को खूंटे से नहीं बांध पाया। कुछ समय बाद शिष्य ने सोच-विचार। उसने समझा कि केवल ताकत लगाने से काम नहीं बनेगा। तब उसने चतुराई दिखाई। पहले उसने बकरी को शांत किया और उसके पैरों को रस्सी से बांध दिया। अब बकरी भाग नहीं सकती थी। इसके बाद उसने आराम से उसे खूंटे से बांध दिया। यह देखकर गुरुजी बहुत खुश हुए। उन्होंने कहा, 'तुमने अपनी बुद्धि का सही उपयोग किया है। जीवन में हर समस्या भी इसी बकरी की तरह होती है। यदि हम केवल ऊपर-ऊपर से समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे, तो सफलता नहीं मिलेगी, लेकिन अगर हम समस्या की जड़ को पहचान लें, तो उसका समाधान आसान हो जाता है। गुरुजी की बात लड़के को समझ आ गई। उसने जाना कि सफलता केवल मेहनत से नहीं मिलती, बल्कि सही दिशा में सोचने और समझदारी से काम करने से मिलती है।

**सीख :** किसी भी परेशानी का हल निकालने से पहले यह समझें कि असली कारण क्या है। मुश्किल समय में शांत दिमाग सबसे बड़ा हथियार होता है। इसलिए घबराएं नहीं, धैर्य से काम लें। समझदारी भी जरूरी है – सही दिशा में किया गया काम जल्दी सफलता दिलाता है। मेहनत के साथ ही समझदारी से काम करें। हर समस्या का समाधान तुरंत नहीं मिलता। धैर्य से सोचने पर रास्ता मिल जाता है। कठिनाइयां हमें मजबूत और समझदार बनाती हैं। कठिनाइयों को अवसर की तरह समझें और सकारात्मक सोच के साथ उससे सीखने की कोशिश करें। जल्दबाजी में लिया गया फैसला नुकसान पहुंचा सकता है, इसलिए धैर्य न छोड़ें। सकारात्मक सोच इंसान को हर हाल में आगे बढ़ने की ताकत देती है। समय की कीमत समझने वाला व्यक्ति जीवन में जल्दी सफल होता है।

गलती मानकर उसे सुधारना ही असली समझदारी है। जो व्यक्ति सीखना बंद कर देता है, उसकी तरक्की भी रुक जाती है।

# क्या एआई मानवता के महाविनाश का कारण बनेगी?

**निश्चित रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, बैंकिंग, व्यापार, प्रशासन और संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। रोगों के निदान से लेकर वित्तीय प्रबंधन तक और शिक्षा से लेकर अनुसंधान तक, इसकी उपयोगिता निर्विवाद है। लेकिन हर तकनीकी क्रांति अपने साथ संकट भी लाती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं रह गई है, बल्कि वह मानव सभ्यता के भविष्य का निर्णायक मोड़ बनती जा रही है। जिस गति से यह तकनीक विकसित हुई है, उसने दुनिया को आश्चर्यचकित भी किया है और चिंतित भी।**

अभी तक विज्ञान और तकनीक मनुष्य के हाथों में उपकरण थे, किंतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता पहली ऐसी शक्ति है जो निर्णय लेने, सीखने, विश्लेषण करने और सृजन करने की क्षमता के साथ स्वयं को निरंतर विकसित कर रही है। यही कारण है कि विश्व के प्रमुख धर्मगुरु, वैज्ञानिक और नीति-निर्माता इसके खतरों को लेकर गंभीर चेतावनियां दे रहे हैं। हाल ही में वर्तमान पोप लियो चौदहवें द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संदर्भ में व्यक्त की गई चिंताएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि युद्ध को नैतिक नहीं बनाया जा सकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध प्रणाली मानवता के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। यह चेतावनी केवल धार्मिक दृष्टि नहीं, बल्कि मानवीय अस्तित्व की रक्षा का प्रश्न है। दुनिया को इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

पोप ने सामाजिक और वैश्विक मुद्दों पर जारी अपने आधिकारिक संदेश में एआई को मानवता के समक्ष उभरती सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बताया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीकी परिवर्तन का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि यह युद्ध, राजनीति, अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना को प्रभावित करने वाली शक्ति बनती जा रही है। उन्होंने दुनिया को चेताया कि तकनीक का उद्देश्य मनुष्य पर प्रभुत्व स्थापित करना नहीं, बल्कि उसकी सेवा करना होना चाहिए। उनका संदेश मानव-केंद्रित विकास की अवधारणा को बल देता है, जिसमें विज्ञान और तकनीक को नैतिकता, मानवीय गरिमा और करुणा के अधीन रखा जाए। पोप की यह चेतावनी केवल धार्मिक दृष्टिकोण नहीं है, बल्कि एक वैश्विक मानवीय आह्वान है कि एआई की अंधी दौड़ में मानवता, संवेदना और नैतिकता का क्षरण न होने दिया जाए। आज जब महाशक्तियां एआई के माध्यम से प्रभाव और नियंत्रण की प्रतिस्पर्धा में लगी हैं, तब पोप का यह संदेश विश्व समुदाय को संयम, उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है।

पोप ने स्पष्ट कहा कि कोई भी एल्गोरिद्म युद्ध को नैतिक नहीं बना सकता और तकनीक को मानव विवेक का विकल्प नहीं बनने दिया जा सकता। पोप ने चर्च के सामाजिक सरोकारों से जुड़े अपने इस आधिकारिक पत्र में पहली बार एआई को प्रमुख विषय बनाया, जो इस बात का संकेत है कि इसका प्रभाव केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मानव जीवन, समाज और वैश्विक व्यवस्था को व्यापक रूप से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से एआई आधारित स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि इस तकनीक को पूर्णतः मानवीय नियंत्रण में नहीं रखा गया तो यह युद्ध, शोषण और दासता के नए रूपों को जन्म दे सकती है। पोप ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को निरस्त्र करने का आह्वान करते हुए उसका आशय तकनीक का विरोध नहीं, बल्कि उसके अनियंत्रित और अमानवीय उपयोग पर रोक लगाना बताया। उनका कहना था कि युद्ध और शांति से जुड़े निर्णय अंततः नैतिकता, करुणा और विवेक पर आधारित होने चाहिए, उन्हें मशीनों के हवाले नहीं किया जा सकता। आज जब अमेरिका, चीन और अन्य महाशक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की होड़ में लगी हैं और युद्ध तकनीकों में इसका उपयोग बढ़ रहा है, तब पोप का यह संदेश मानवता के लिए एक नैतिक दिशा-सूचक के रूप में सामने आया है कि तकनीक मनुष्य की सेवक बने, स्वामी नहीं; और विकास का केंद्र मानव गरिमा, संवेदना तथा विश्वशांति ही रहे।

निश्चित रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, बैंकिंग, व्यापार, प्रशासन और संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। रोगों के निदान से लेकर वित्तीय प्रबंधन तक और शिक्षा से लेकर अनुसंधान तक, इसकी उपयोगिता निर्विवाद है। लेकिन हर तकनीकी क्रांति अपने साथ संकट भी लाती है। आज वही संकट स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। सबसे बड़ा संकट रोजगार का है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने लाखों लोगों के कार्यों को प्रतिस्थापित करना शुरू कर दिया है। ग्राहक सेवा, लेखन, अनुवाद, लेखांकन, सूचना प्रबंधन, प्रोग्रामिंग और कार्यालयी कार्यों में मनुष्य की आवश्यकता तेजी से घट रही है। मशीनें कम लागत, अधिक गति और निरंतर कार्य क्षमता के कारण मनुष्य का स्थान ले रही हैं। इससे केवल बेरोजगारी नहीं बढ़ेगी, बल्कि सामाजिक असंतुलन और आर्थिक विषमता भी गहराएगी। जिन देशों और कंपनियों के पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नियंत्रण होगा, आर्थिक शक्ति भी उन्हीं के हाथों में केंद्रित हो जाएगी। इससे विश्व व्यवस्था में असमानता का नया स्वरूप उभरेगा।

इससे भी अधिक गंभीर प्रश्न वैश्विक सुरक्षा का है। आज अमेरिका, चीन और अन्य महाशक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की होड़ में लगी हुई हैं। यह प्रतिस्पर्धा केवल तकनीकी श्रेष्ठता तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक प्रभुत्व का नया संघर्ष बन चुकी है। जैसे कभी परमाणु हथियारों और घातक अस्त्र-शस्त्रों के माध्यम से शक्ति संतुलन स्थापित हुआ था, वैसे ही अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य की सामरिक शक्ति बन रही है। स्वायत्त हथियार प्रणाली, बुद्धिमान ड्रोन और बिना मानवीय हस्तक्षेप के निर्णय लेने वाली युद्ध तकनीकें मानवता के लिए भयावह संकेत हैं। यदि युद्ध का निर्णय मशीनों के हाथों में चला गया तो संवेदना, विवेक और नैतिकता समाप्त हो जाएगी। मशीनों के लिए मानव जीवन केवल आंकड़े होंगे। ऐसी स्थिति महाविनाश की संभावना को जन्म दे सकती है। पोप की यह चेतावनी इसी संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है कि युद्ध का अंतिम निर्णय मानव विवेक के अधीन रहना चाहिए। साइबर सुरक्षा भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण नई चुनौतियों से घिर गई है। बैंकिंग व्यवस्था, विद्युत तंत्र, रक्षा नेटवर्क और संचार प्रणाली आज डिजिटल माध्यमों पर निर्भर हैं। एआई आधारित साइबर हमले किसी भी राष्ट्र को कुछ घंटों में अस्थिर कर सकते हैं। झूठे संदेश, भ्रामक वीडियो, कृत्रिम चित्र और आवाजों के माध्यम से सामाजिक तनाव उत्पन्न किए जा सकते हैं। सत्य और असत्य का अंतर मिटने लगा है। यह सूचना तंत्र और लोकतंत्र दोनों के लिए गंभीर संकट है। एआई का एक और चिंताजनक पक्ष है- मानवीय नियंत्रण का कमजोर पड़ना। वैज्ञानिक समुदाय का एक वर्ग मानता है कि भविष्य में ऐसी बुद्धिमत्ता विकसित हो सकती है जो मनुष्य की क्षमता से कई गुना आगे निकल जाए। यदि ऐसा हुआ तो नियंत्रण का प्रश्न सबसे बड़ा संकट बनेगा। यह केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का प्रश्न होगा।

भारत के लिए यह विषय और अधिक महत्वपूर्ण है। भारत युवा शक्ति, विशाल जनसंख्या और तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था वाला देश है। यदि एआई को बिना स्पष्ट नीति और नियंत्रण के बढ़ने दिया गया तो रोजगार, शिक्षा और सामाजिक संरचना पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। भारत को विकास और नियंत्रण दोनों के बीच संतुलन बनाना होगा। एआई को रोकना समाधान नहीं है, लेकिन इसे मानवीय मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के अधीन रखना अनिवार्य है। भारत को ऐसी राष्टीय नीति बनानी होगी जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग मानव कल्याण, शिक्षा, चिकित्सा और आर्थिक विकास के लिए हो, लेकिन रोजगार संरक्षण, डेटा सुरक्षा, नैतिक मानदंड और युद्ध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही वैश्विक स्तर पर भी एआई के उपयोग हेतु साझा नियम और अंतरराष्टीय संधियां आवश्यक हैं। आज सबसे बड़ा प्रश्न तकनीक का नहीं, मानवता का है। क्या मनुष्य अपनी बनाई हुई शक्ति पर नियंत्रण बनाए रख सकेगा? क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव जीवन को समृद्ध बनाएगी या उसे नियंत्रित करेगी?

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में आज आपका उत्साह और ऊर्जा का स्तर काफी ऊंचा रहेगा, जिससे आप पेंडिंग कामों को तेजी से निपटाने में सफल रहेंगे।

**वृषभ**
कार्यस्थल पर आज आपकी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रैक्टिकल सोच आपके सीनियर्स और सहकर्मियों द्वारा सराही जाएगी।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए बहुत उत्पादक रहने वाला है। आपके इन्नोवेटिव आइडियाज और बेहतरीन कम्युनिकेशन स्किल्स आपको मीटिंग्स और प्रेजेंटेशन में सबसे अलग खड़ा करेंगे।

**कर्क**
प्रोफेशनल स्तर पर आज आपकी क्रिएटिव आइडियाज आपके सहकर्मियों और प्रबंधकों का ध्यान आकर्षित करेंगी।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में आज आपकी अद्भुत नेतृत्व क्षमता और स्पष्ट दृष्टिकोण आपको मुश्किल कार्यों को भी आसानी से करने में मदद करेगा।

**कन्या**
करियर के लिहाज से आज कई महत्वपूर्ण ग्रह आपकी व्यावसायिक प्रगति और सफलता का संकेत दे रहे हैं। कार्यस्थल पर आपकी बारीकियों को पकड़ने की कला और प्रशासनिक कौशल सीनियर्स को प्रभावित करेंगे।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में आज आपका बड़ा नजरिया और इनोवेटिव विचारों की जमकर तारीफ की जाएगी। लंबी अवधि के प्रोजेक्ट्स की रिसर्च, रूपरेखा तैयार करने और प्लानिंग के लिए आज का दिन बहुत अनुकूल है।

**वृश्चिक**
आज काम के दबाव या तनावपूर्ण परिस्थितियों में भी बेहतर प्रदर्शन करने की आपकी क्षमता खुलकर सामने आएगी। आपके बॉस और उच्च अधिकारी आपकी इस प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स और भरोसेमंद स्वभाव की सराहना करेंगे।

**धनु**
आज टीमवर्क, ग्रुप एक्टिविटीज और प्रोजेक्ट्स के माध्यम से आपको बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। आपके नए और अनूठे विचार आपको सहकर्मियों और क्लाइंट्स के बीच बेहद लोकप्रिय और विश्वसनीय बनाएंगे।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में आज आपका समर्पण, अनुशासन और शार्प एनालिटिकल स्किल्स आपको सबसे कठिन कार्यों को पूरी सटीकता से निपटाने में मदद करेंगे।

**कुंभ**
व्यावसायिक मोर्चे पर आपकी कड़ी मेहनत, दूरदर्शिता और व्यावहारिक रणनीतियां आपको महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स को अत्यधिक कुशलता से संभालने में मदद करेंगी।

**मीन**
प्रोफेशनल स्तर पर आपके स्पष्ट बातचीत का तरीका और निरंतर प्रयास आपको पेंडिंग कार्यों को बड़ी आसानी से पूरा करने में मदद करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा में डूबे 8 वर्षीय किशोर का शव बरामद

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना क्षेत्र के निषाद घाट नया कसहा दियारा में रविवार को गंगा स्नान के दौरान डूबे 8 वर्षीय किशोर का शव सोमवार को बरामद कर लिया गया। एसडीआरएफ और मराँची थाना पुलिस के संयुक्त अभियान में शव को गहरे पानी से निकाला गया।मृतक की पहचान धनंजय कुमार उर्फ बिल्ला, उम्र 8 वर्ष, पिता पप्पू निषाद लवकी बिंदटोली, सिमरिया घाट निवासी के रूप में की गई है।रविवार को धनंजय अपने दोस्तों के साथ निषाद घाट पर स्नान कर रहा था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया।सूचना मिलते ही मराँची थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। सोमवार को टीम ने शव को नदी से बाहर निकाला।मराँची थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि एसडीआरएफ की मदद से शव को बरामद किया गया। शव का पोस्टमार्टम अनुमंडल अस्पताल, बाढ़ में कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।



### समाजसेवी विज्ञानी पाठक का निधन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पंडारक, पुलिस कॉलोनी निवासी समाजसेवी विज्ञानी पाठक का गत दिन निधन हो गया। वह 64 वर्ष की थी। वह विगत साल भर से कैंसर रोग से पीड़ित थी। इधर एक सप्ताह पहले अधिक तबीयत खराब होने के कारण उन्हें पटना एम्स में भर्ती कराया गया था। उन्होंने गत दिन अस्पताल में ही अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार दीघा के जनार्दन घाट पर किया गया। जहां उनके एकमात्र पुत्र रवि शेखर ने उन्हें मुखाग्नि दी। उन्होंने अपने पीछे पति चंद्रशेखर पाठक (सामाजिक कार्यकर्ता) के अलावे दो पुत्री, एक पुत्रवधू, नाती, नतनी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इस मौके पर नगर के सैकड़ो गणमान्य लोगों के अलावे बिहार के चर्चित डॉक्टर, बैंक के पदाधिकारी, खेल संघ से जुड़े कई खिलाड़ी, नगर के कई पत्रकार के अलावा कई बुद्धिजीवी लोग उपस्थित थे।

### गिरिजा कुवंर हाई स्कूल से 3 पंखे चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी स्कूलों के पंखे इन दिनों चोरों के निशाने पर हैं। लगातार स्कूलों से चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में मसौढ़ी के श्रीमती गिरिजा कुवंर हाई स्कूल में बीते शाम अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने स्कूल की ग्रिल काटकर कमरे में प्रवेश किया। चोर तीन कमरों से तीन पंखे खोलकर ले गए। इतना ही नहीं, समरसेबल के तार भी काट लिए और ग्रिल की छड़ भी काटकर साथ ले गए। बताया जा रहा है कि चोरी कर भाग रहे चोरों का फोटो लेने पर गार्ड को जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस मामले में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक अफशा साबिर ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मसौढ़ी थाने में आवेदन दिया है। उन्होंने पुलिस से जल्द कार्रवाई की गुहार लगाई है। गौरतलब है कि मसौढी क्षेत्र के कई स्कूलों से पंखे और अन्य सामान की चोरी हो चुकी है। वहींधनरूआ के पभेडा मिडिल स्कूल से भी 24 पंखे चोरी हुए थे। लगातार हो रही इन घटनाओं से स्कूल प्रबंधन परेशान है।




### 9 दिवसीय श्री रामचरितमानस महायज्ञ शुरू

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के तिनेरी गांव में 9 दिवसीय श्री रामचरित महायज्ञ को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में करीब 1000 महिला श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश रखकर भाग लिया। श्रद्धालु तिनेरी गांव से पुनपुन स्थित आदि गंगा पहुंचे और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी की। इसके बाद सभी श्रद्धालु जल लेकर पुनः तिनेरी गांव स्थित यज्ञ स्थल पहुंचे, जहां मंडप प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आयोजकों ने बताया कि यह महायज्ञ 9 दिनों तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन शाम में श्री राम कथा का आयोजन होगा। कथा वाचक श्री श्री 1008 श्री प्रपन्नाचार्य जी महाराज होंगे। कलश यात्रा और महायज्ञ की शुरूआत से पूरे तिनेरी गांव में भक्तिमय माहौल है। गांव में जगह-जगह जय श्रीराम के नारे गूंज रहे हैं। श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।



### ट्रैक्टर से कुचलकर 9 वर्षीय बालक की मौत

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के भगजोगा गांव में खेत की जुताई के दौरान ट्रैक्टर से कुचलकर एक 9 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भगजोगा गांव निवासी उमेश यादव के 9 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार की खेत में ट्रैक्टर से जुताई के दौरान कुचल जाने से मौत हो गई। बताया जाता है कि बालक खेत के समीप मौजूद था, तभी यह हादसा हो गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पालीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही, लेकिन परिजन इसके लिए तैयार नहीं हुए। इस संबंध में समाचार लिखे जाने तक परिजनों द्वारा पालीगंज थाना में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया था। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। बालक की असामयिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### रात्री में चलती ट्रेन में चेन पुलिंग रोकने को लेकर तारेगना जीआरपी पुलिस सतर्क,रात में सघन चेकिंग अभियान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रात में चलती ट्रेनों में बेवजह चेन पुलिंग की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए तारेगना रेलवे प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। तारेगना राजकीय रेलवे पुलिस यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों के समय पालन को लेकर देर रात तक प्लेटफार्मों और पटरियों पर गहन गश्त कर रही है।: इस समस्या से निपटने के लिए जीआरपी और आरपीएफ की टीमें रात के समय संवेदनशील खंडों, यार्ड और स्टेशनों पर औचक निरीक्षण कर रही हैं। तारेगना जीआरपी थाना अध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि लगातार किउल से लेकर नदौल तक सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। थाना अध्यक्ष के मुताबिक रात में कई एक्सप्रेस ट्रेनों में चेन पुलिंग की शिकायत मिलती है। लगातार पुनपुन और नदौल में ऐसी शिकायतें मिल रही थीं। इसी को देखते हुए देर रात तक संवेदनशील जगहों पर निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। चलती ट्रेन में बेवजह वैक्यूम काटना यानी चेन पुलिंग भारतीय रेल नियमों के तहत गंभीर अपराध है।

# ढलाई के पांच दिन बाद ही सड़क में पड़ी दरारें

## तिनेरी के बसौर गांव में पीसीसी कार्य में अनियमितता का आरोप



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत मसौढ़ी प्रखंड के तिनेरी पंचायत स्थित बसौर गांव में कराए जा रहे पीसीसी ढलाई एवं नाली निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता सामने आई है। ढलाई के महज 5 दिन बाद ही सड़क पर कई जगह दरारें आ गई हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। स्थानीय निवासी अनिल यादव, विनय यादव, दीपक कुमार, मनीष कुमार, गणेश यादव समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। ढलाई में सीमेंट, गिट्टी, बालू के मिश्रण में मानक का पालन नहीं किया गया, जिसके कारण नई सड़क जगह-जगह से टूटने लगी है। गांव के अनिल यादव ने स्थानीय प्रशासन से जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार 'क्वालिटी पर नो कॉम्प्रोमाइज' की बात करती है, लेकिन ठेकेदार घटिया मटेरियल इस्तेमाल कर रहे हैं। इसकी सूचना स्थानीय विधायक को भी दी गई है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर समय रहते जांच नहीं हुई तो सरकारी राशि की बबार्दी होगी और सड़क कुछ ही महीनों में पूरी तरह जर्जर हो जाएगी। लोगों ने उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई और सड़क की दोबारा गुणवत्तापूर्ण ढलाई की मांग की है।

# मोकामा फोरलेन पर भीषण हादसा, झारखंड के सर्वेयर की मौत, पत्नी-बेटा घायल

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह थाना क्षेत्र के औंटा-सिमरिया सिक्स लेन पर सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में झारखंड के एक सरकारी कर्मी की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए।मृतक की पहचान राजेश कुमार जायसवाल के रूप में हुई है, जो झारखंड के पलामू में सर्वेयर के पद पर कार्यरत थे। उनका आवास रांची के रातू रोड में है। मृतक के पुत्र शुभम कुमार ने बताया कि पूरा परिवार अपने पैतृक निवास मधेपुरा से रांची लौट रहा था। मोकामा और हाथीदह के बीच अचानक कार का बायां टायर फट गया। टायर फटते ही कार अनियंत्रित होकर कई बार पलटी खा गई।कार चला रहे राजेश कुमार जायसवाल की मौके पर ही गंभीर हालत हो गई। कार में सवार उनकी पत्नी पूनम देवी और पुत्र शुभम कुमार भी जख्मी हो गए।घटना की सूचना मिलते ही हाथीदह के प्रभारी थानाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद वर्मा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तीनों घायलों को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरांची पहुंचाया। वहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने राजेश कुमार जायसवाल को मृत घोषित कर दिया। पूनम देवी और शुभम कुमार का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत खतरे से बाहर है।


मृतक का फाइल फोटो।

# सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा ने किया भगवानगंज थाना का औचक निरीक्षण

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सहायक पुलिस अधीक्षक मसौढ़ी-01 कोमल मीणा ने सोमवार को भगवानगंज थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली की बारीकी से समीक्षा की। मौके पर थानाध्यक्ष सुजीत कुमार समेत सभी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।एएसपी कोमल मीणा ने थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, उउळठर, सिरिस्ता कार्यों तथा लंबित कांडों के अनुसंधान की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अभिलेखों का रखरखाव, हाजत की साफ-सफाई और मालखाने में रखे सामानों की स्थिति भी देखी। निरीक्षण के बाद एएसपी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी कार्यों और कांडों के अनुसंधान को समय पर निष्पादित करने के सख्त निर्देश दिए। लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने को कहा।कोमल मीणा ने थाने में पारदर्शी व्यवस्था बनाए रखने, फरियादियों से शालीन व्यवहार करने और विधि-व्यवस्था संधारण में तत्परता बरतने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रम का एसडीएम ने किया निरीक्षण





**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) विक्रम का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था, दवा वितरण, ओपीडी संचालन तथा मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। एसडीएम ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, पंजीकरण काउंटर, दवा भंडार एवं अन्य विभागों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने तथा मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली तथा उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एसडीएम ने कहा कि आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। अस्पताल प्रबंधन को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने तथा मरीजों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

**स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा**

# दौलतपुर में श्रवण श्रुति कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान

## नवाब आलम के जुड़वां बेटों के ऑपरेशन के लिए परिजनों को किया प्रेरित

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के दौलतपुर पंचायत में शुक्रवार को श्रवण श्रुति कार्यक्रम के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जन्म से या अन्य कारणों से सुनने-बोलने में असमर्थ बच्चों की पहचान कर उनका समय पर इलाज कराना है। अभियान के दौरान दौलतपुर गांव निवासी नवाब आलम के घर पहुंची मेडिकल टीम ने उनके दो जुड़वां बेटों की जांच की। जांच में दोनों बच्चे श्रवण बाधित पाए गए। टीम में शामिल स्वास्थ्य कर्मियों ने परिजनों को बताया कि शुरूआती उम्र में ऑपरेशन व स्पीच थेरेपी से बच्चे सामान्य जीवन जी सकते हैं। टीम ने नवाब आलम और उनके परिवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि सरकार की योजना के तहत 0 से 18 वर्ष तक के श्रवण बाधित बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन और कॉक्लियर इम्प्लांट कराया जाता है। ऑपरेशन के बाद स्पीच थेरेपी की सुविधा भी मुफ्त दी जाती है।जागरूकता के बाद नवाब आलम ने दोनों बेटों का इलाज कराने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में अब तक इलाज नहीं करा पाए थे। स्वास्थ्य टीम ने बच्चों के कागजात तैयार कर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से पंचायत स्तर पर श्रवण बाधित बच्चों की स्क्रीनिंग लगातार की जा रही है। आशा कार्यकर्ता और एएनएम घर-घर जाकर ऐसे बच्चों को चिन्हित कर रही हैं ताकि उन्हें समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके। मौके पर सीडीपीओ अनिता कुमारी, मेडिकल टीम में डॉ आनंद, डॉ इरफान एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल रहे हैं।



**गांव-गांव में चल रही श्रवण बाधित बच्चों की स्क्रीनिंग**

### गंगाचक स्वास्थ्य उपकेंद्र देर से खुलने पर सीएचओ का एक दिन का वेतन कटा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के गंगाचक स्वास्थ्य उपकेंद्र को लेट खोलने पर बड़ी कार्रवाई हुई है। जांच में केंद्र सुबह 9 बजे की जगह 11 बजे तक बंद मिला, जिसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. रामानुज ने वहां की सीएचओ रेणु देवी का एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया है।मसौढ़ी स्वास्थ्य चिकित्सा प्रभारी ने सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों को समय पर खोलने और मरीजों का इलाज करने की चेतावनी दी थी। इसी बीच एक ग्रामीण ने गंगाचक उपकेंद्र देर से खुलने की शिकायत की। शिकायत पर जांच की गई तो सुबह 11 बजे तक केंद्र बंद था और मरीज बाहर इंतजार कर रहे थे। डॉ. रामानुज ने बताया कि लापरवाही बरतने वाली एएनएम और सीएचओ पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों को निर्देश दिया गया है कि केंद्र समय पर खुलें और समय पर ही बंद हों।

# धनरूआ में अपहृत छात्र की बरामदगी के बाद कोर्ट में बयान

## बोला- बाइक सवारों ने अगवा कर जबरन कराई शादी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीते 30 मई को कोचिंग जा रहे 12वीं के छात्र के अपहरण मामले में पुलिस ने छात्र को बरामद कर सोमवार को न्यायालय में कलमबंद बयान दर्ज कराया। अपहृत छात्र चंदन कुमार ने कोर्ट को बताया कि दो बाइक पर आए करीब 8 लोगों ने उसे अगवा कर जबरन शादी करा दी। दरअसल मामला 30 मई की सुबह करीब 8 बजे का है। नुसरतपुर निवासी गणेश प्रसाद की पत्नी किरण देवी ने थाने में दर्ज शिकायत में बताया था कि उनका बेटा चंदन कुमार कोचिंग जा रहा था, तभी दो बाइक पर सवार 8 लोगों ने उसे अगवा कर लिया। बरामदगी के बाद चंदन कुमार ने न्यायालय में दिए बयान में कहा, "सुबह 8 बजे क्लास करने जा रहा था, तभी दो बाइक पर 8 लोग आए और जबरन बिठाकर लक्षुबिगहा गांव ले गए। एक-दो घंटे बाद बैठक कर कराय परशुराय ले गए। इसी दौरान मैंने अपने फोन से पापा को खबर कर दी। फोन से बात करते देख लोगों ने मोबाइल छीनकर सिम कार्ड निकाल फेंका। करीब 3 बजे भवानी बिगहा ले जाकर एक लड़की से जबरन मेरी शादी करा दी। चंदन ने बताया कि शादी के बाद जब आरोपी उसे पभेडा लेकर पहुंचे, तभी पुलिस ने उसे बरामद कर लिया और थाने ले आई। चंदन ने कोर्ट को बताया कि वह चार आरोपियों को नाम से जानता है, जबकि चार अज्ञात हैं। पहचाने गए आरोपियों में लड़की के पिता कलेंद्र यादव, चाचा रविंदर यादव, भाई सोनू कुमार और एक अन्य युवक सोनू कुमार शामिल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कोर्ट के आदेश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। नामजद और अज्ञात आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# सर्पदंश से किशोरी की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज प्रखंड अंतर्गत जमहारू इमामगंज पंचायत के ब्रह्मपुर गांव में सर्पदंश से एक किशोरी की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्रह्मपुर गांव निवासी अर्जुन बिंद की 16 वर्षीय पुत्री रिया कुमारी रविवार की रात भोजन करने के बाद अपने मिट्टी के बने घर में सो रही थी। इसी दौरान मध्य रात्रि में एक विषैले सर्प ने उसे डंस लिया। डंसने के बाद तबीयत बिगड़ने पर किशोरी ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजन उसे बचाने का प्रयास करते, इससे पहले ही सर्प का जहर पूरे शरीर में फैल गया और वह बेहोश हो गई। आनन-फानन में परिजनों ने उसकी जान बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और उसकी मौत हो गई। किशोरी की मौत के बाद परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। सोमवार सुबह ग्रामीणों एवं परिजनों ने घटना की सूचना इमामगंज थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज भेज दिया गया। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# मेंटर्स एडुसर्व ने जे.ई.ई. एडवांस्ड में दिया ऑल इंडिया रैंक 1

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईस्टर्न इंडिया के प्रतिष्ठित एवं अग्रणी कोचिंग संस्थान मेंटर्स एडुसर्व ने इतिहास रचते हुए जे.ई.ई एडवांस्ड 2026 में दिया ऑल इंडिया रैंक 1। संस्थान के शुभम कुमार ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल किया। जे.ई.ई. एडवांस्ड के घोषित परिणाम में आशा के अनुरूप मेंटर्स एडुसर्व के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रर्दशन रहा। शुभम कुमार बिहार में गया जिला के रहने वाले हैं। शुभम ने मेंटर्स एडुसर्व के स्कॉलरशिप परीक्षा, मी-सेट में स्टेट रैंक-3 हासिल किया था। उन्होंने फिर संस्थान के द्विवर्षीय रेगुलर ऑनलाइन क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकन लिया। इस प्रोग्राम में उन्हें एक्सपेट शिक्षकों द्वारा लाइव इंटरैक्टिव क्लासेज दी गई। लाइव क्लासेज के साथ-साथ उन्हें स्टडी मटेरियल, ऑनलाइन डाउट, ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज की सुविधाएं भी दी गई। इसके अलावा उन्हें संस्थान के गया सेंटर पे ऑफलाइन सपोर्ट भी दिया गया। संस्थान के निदेशक श्री आनंद कुमार जायसवाल ने शुभम की सफलता का श्रेय उसके कठिन परिश्रम, मेंटर्स की टीम के अनुभवी शिक्षकों द्वारा की गई जी तोड़ परिश्रम, मेंटर्स की उच्च स्तरीय शिक्षण प्रणाली एवं उसके अभिभावकों को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी, शिक्षक और अभिवावकों का जब बेहतरीन गठजोड़ होता है तो ही इस तरह के रिजल्ट होते हैं। मेंटर्स एडुसर्व द्वारा घोषित परिणामों में गुणवत्ता है एवं परिणामों की विश्वसनीयता मेंटर्स एडुसर्व की पहचान है।

# मसौढ़ी नगर परिषद में आज से जन शिकायत समाधान के लिए सहयोग शिविर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश पर नगर परिषद मसौढ़ी क्षेत्र में जन शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए जून से सितंबर 2026 तक सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसको लेकर नगर परिषद कार्यालय ने तिथिवार रोस्टर जारी कर दिया है। सभी शिविर सुबह 11 बजे से शुरू होंगे। आज यानी मंगलवार को सम्राट अशोक भवन, ब्लॉक रोड में वार्ड 1, 2, 24, 25, 26 के लिए। पदाधिकारी- कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन। होगे इसके अलावा आगामी 16 जून को शनिदेव मंदिर, समुदायिक भवन, पुरानी बाजार में वार्ड 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18 के लिए। पदाधिकारी- नगर प्रबंधक शेखर कुमार प्रसाद, आगामी 07 जुलाई 2026 को पेंशनर भवन, पटेल नगर में वार्ड 3, 4, 5, 6, 19, 20 के लिए। पदाधिकारी- APSWMO अमित कुमार भगत। आगामी 21 जुलाई को विवाह भवन, श्रीनगर में वार्ड 27, 28, 29, 30, 31 के लिए। पदाधिकारी- ATPS श्वेता सिन्हा। 04 अगस्त को सामुदायिक भवन बरनी में वार्ड 32, 33 के लिए। पदाधिकारी- APSWMO अमित कुमार भगत,18 अगस्त को सामुदायिक भवन, हॉसाडीह में वार्ड 34, 7, 8 के लिए। पदाधिकारी- नगर प्रबंधक शेखर कुमार प्रसाद, 01 सितंबर सामुदायिक भवन, डीह मसौढ़ी में वार्ड 9, 10, 11 के लिए। पदाधिकारी- कनीय अभियंता मोहित कुमार एवं 15 सितंबर सामुदायिक भवन, रहमतगंज में वार्ड 21, 22, 23 के लिए। पदाधिकारी- अळढर श्वेता सिन्हा आदी में दिए गए निर्देश के आलोक में आयोजित किए जा रहे हैं। हर शिविर में आईटी सहयोगी, कार्यालय सहायक और तसीलदार समेत अन्य कर्मी भी मौजूद रहेंगे। नगर परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और स्थल पर पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराएं।

**जून से सितंबर तक का रोस्टर जारी**

# श्री राम के संबन्ध में जो भी भ्रम है उसे दूर किया जाना चाहिए : राज्यपाल

## साहित्य सम्मेलन में शोध आधारित पुस्तक 'रामायण परिपथ बिहार' का हुआ लोकार्पण

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भगवान श्री राम के संबंध में अब भी कुछ लोग भ्रम उत्पन्न करने की चेष्टा करते हैं, उसे दूर किया जाना चाहिए। श्री राम की कथा कोई गल्प नहीं, कोई मनगढ़ंत कहानी नहीं है। श्री राम भारत की संस्कृति और अस्मिता को परिभाषित करने वाले एक अत्यंत लुभावन और ऐतिहासिक पात्र हैं, जिनसे संपूर्ण भारतीय समाज ही नहीं, पूरा विश्व शताब्दियों से प्रेरणा प्राप्त करता रहा है। यह बातें सोमवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों के शोध-कर्ता लेखक और पत्रकार रवि संगम की पुस्तक 'रामायण परिपथ बिहार' का लोकार्पण करते हुए, नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव ने कही। उन्होंने कहा कि लोकार्पित पुस्तक से श्री राम के संबंध में अनेक भ्रमों का निवारण होता है। रामायण-सर्किट की अवधारणा में मेरा भी योगदान रहा है। आज राम-जानकी-पथ का निर्माण हो रहा है। यह हमारे मन की पुरानी इच्छा थी। अयोध्या के राज कुमार को 'श्री राम' बनने के लिए उन्हें अपने पार्श्व में माता सीता को रखना ही होगा। समारोह के मुख्यअतिथि और राज्य उपभोक्ता आयोग, बिहार के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार ने कहा कि लोकार्पित पुस्तक के लेखक रवि संगम ने बहुत श्रम कर इस पुस्तक का लेखन किया है। यह पुस्तक समाज की दशा और दिशा बदलने वाली है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि 'राम-कथा' कोई कोरा गल्प या मनगढ़ंत कहानी नहीं है, जो कुछ लोग भ्रमवश ऐसा कहते है। अपितु श्री राम एक महान और ऐतिहासिक पात्र हैं, जिनसे केवल भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व प्रेरणा ग्रहण करता है। दस वर्षों के लम्बे और गहन शोध के पश्चात लिखी गयी यह पुस्तक, न केवल श्री राम की ऐतिहासिकता को प्रमाणित करती है, बल्कि उनका जीवन ईसा पूर्व पाँच हजार एक सौ चौदहवें वर्ष में दस जनवरी को दिन में बारह बजे हुआ था, इसका वैज्ञानिक तथ्य प्रस्तुत करती है। पुस्तक में बिहार के उन सभी दिव्य-स्थलों की खोज की गयी है, जहाँ-जहाँ श्री राम के चरण पड़े। उन स्थलों की धार्मिक-आध्यात्मिक महिमा के साथ, उसके ऐतिहासिक-पुरातात्विक महत्त्व की भी पड़ताल की गयी है। भारत और लंका के बीच बनाए गए विश्व-विश्रुत 'राम-सेतु' समेत अनेक राम-कालीन विषयों पर तथ्यपूर्ण सामग्री भी पुस्तक में उपलब्ध है। यह पुस्तक शोध के विद्यार्थियों, सुबुद्ध पाठकों और धार्मिक-आध्यात्मिक पर्यटन के लिए उत्सुक पर्यटकों के लिए अत्यंत उपयोगी और महत्त्वपूर्ण है। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन इसका प्रकाशन कर गौरवान्वित अनुभव कर्ता है और लेखक के श्रम-साध्य इस उपलब्धि के लिए बधाई देता है।



## संक्षिप्त समाचार

### गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल से लाई गई सुखा गांजा को दरपा पुलिस ने पकड़ कर गांजा सहित एक मोटरसाइकिल बरामद की है, दरपा थाना प्रभारी अनिश कुमार ने अपने पुलिस जवानों के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे कि उसी वक्त टीबीएस एक्स एल मोटरसाइकिल पर लदी एक किलो सात सौ साठ ग्राम गांजा लिए दो तस्कर चेकिंग के दौरान पकड़ा गया, पकड़े गए



आरोपी दरपा थाना क्षेत्र के गमहरिया कलां गांव के स्व समसुल अंसारी के पुत्र नाजिर अंसारी व फतुआ गांव निवासी गोरख राउत के पुत्र हिरा राउत को अपने हिरासत में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

### प्रखंड प्रमुख की चुनाव की घोषणा 10 जून को

**हरसिद्धि (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड प्रमुख चुनाव की तिथि निर्धारित कर दी गई है यह चुनाव आगामी 10 जून को कराया जाएगा जिला पदाधिकारी सौरभ जुड़वाल के निर्देश पर अरेराज के अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होगी प्रशासन ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई है डीएम द्वारा जारी आदेश के अनुसार मोतिहारी के पी जी आरो को इस चुनाव का प्रेरक्षक नियुक्त किया गया है जो पूरे चुनाव को निगरानी करेंगे साथी निर्देश दिया गया है कि 2 जून तक सभी पंचायत समिति सदस्यों को चुनाव की तिथि की सूचना अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जाए ताकि किसी प्रकार की असमंजस की स्थिति न बने यह चुनाव राज निर्वाचन आयोग पटना के संयुक्त निर्वाचन आयुक्त के निर्देश के आलोक में कराया जा रहा है।

### चार महिला चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरसिद्धि (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अरेराज मंदिर के आसपास श्रद्धालुओं के जेवरात चोरी करने वाले चार महिलाओ के गिरोह को पुलिस ने दबोच लिया उन महिलाओं के पास से सोने के 29 पीस जेवरात बरामद किया गया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर उन चार महिलाओं को पुलिस ने



अपने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है उक्त महिलाओं की पहचान बेगूसराय जिले के तीन और घोड़ासहन के एक चोर गिरोह शामिल है जानकारी हरसिद्धि थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने दिया।

### ट्रैक्टर पलटने से घायल चालक की इलाज के दौरान मौत

**कुरसेला /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसएच-77 पर बल्थी महेशपुर चौक के समीप रविवार को ट्रैक्टर पलटने से गंभीर रूप से घायल चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान कोशकीपुर निवासी मंटू सिंह (47) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया था। जिससे चालक मंटू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया था। हायर सेंटर में इलाज के दौरान उनकी



मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं हादसे को लेकर क्षेत्र में शोक का माहौल है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि उन्हें इस तरह की किसी घटना की सूचना नहीं मिली है। मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। सूचना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### प्रभारी मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार का स्वागत

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व मंत्री जिला प्रभारी मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार के कटिहार आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने कटिहार रेलवे स्टेशन पर अभिनंदन व स्वागत किया। जिलाध्यक्ष मनोज राय ने प्रभारी मंत्री प्रमोद कुमार का अंग वस्त्र एवं पुष्प लेकर स्वागत किया।स्वागत के क्रम में प्रभारी मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन के अनुभवी साथियों, प्रेरणास्रोत वरिष्ठजनों एवं कर्मनिष्ठ कार्यकताओं का आत्मीय स्नेह और विश्वास निरंतर नई प्रेरणा



प्रदान करता है। आप सभी का अपनापन एवं शुभेच्छा सार्वजनिक जीवन में दायित्वों के निर्वहन हेतु संकल्प को और अधिक दृढ़ बनाती है। इस अवसर पर प्राणपुर विधायक निशा सिंह , कोढ़ा विधायक कविता पासवान,प्रदेश मंत्री सीमा झा, जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, सौरभ कुमार मालाकार , जिला उपाध्यक्ष शोभा जयसवाल, प्रवक्ता महेंद्र झा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रियंका सिंह, नगर अध्यक्ष राजेश शर्मा,उमेश पासवान,मजदूर नेत विकास सिंह, बुलबुल सिंह, रुचि देवी, विजय सिंह राम यादव, दिवेश सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने प्रभारी मंत्री प्रमोद कुमार का अभिनंदन पुष्प अंग वस्त्र देकर किया।

### समर कैंप में बच्चों को कराया गया अध्यात्मिक दर्शन

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रीना कला केंद्र द्वारा आयोजित डांस एवं ड्राइंग समर कैंप के बच्चों को आध्यात्मिकता और सामाजिक मूल्यों से जोड़ने के उद्देश्य से कोल कालिका मंदिर का शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण कराया गया। बच्चों ने न केवल धार्मिक स्थल का दर्शन किया, बल्कि भारतीय परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत की भी जानकारी प्राप्त की। रीना कला केंद्र के निदेशक निशांत सर के नेतृत्व में आयोजित इस भ्रमण में लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों के साथ कई अभिभावक भी मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षक



राजदीप, दीपक, जतिन, रणवीर, सनी और धीरज सहित कुल 10 शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंदिर परिसर पहुंचकर बच्चों ने विधिवत पूजा-अर्चना की तथा मंदिर के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व की जानकारी हासिल की।बच्चों ने सामूहिक रूप से समय बिताया और अनुशासन, सहयोग तथा सांस्कृतिक मूल्यों को नजदीक से समझने का अवसर प्राप्त किया। भ्रमण को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह और खुशी देखने को मिली। मौके पर शिक्षक निशांत कुमार ने बताया कि समर कैंप केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि बच्चों के मानसिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास का भी महत्वपूर्ण मंच है। इसी सोच के तहत समय-समय पर ऐसे शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### कोढ़ा में कांग्रेस ने संगठन विस्तार का दिया मंत्र

**कोढ़ा /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के आगामी 4 जून को कोढ़ा आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में भटवारा स्थित कांग्रेस की पूर्व विधायक एवं पार्टी की राष्ट्रीय सचिव पूनम पासवान के आवासीय परिसर में प्रखंड स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन सृजन अभियान को गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचाने के साथ प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत एवं कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस



अध्यक्ष अमरजीत यादव ने की। इस अवसर पर एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव डॉ. विपिन कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष मीनाक्षी श्वेता तथा पूर्व जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सौरभ कुमार सहित कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा जनसंपर्क अभियान को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। साथ ही 4 जून को प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उसे भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सफलता का आधार है। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभाते हुए पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाना होगा।

# विकास कार्यों में तेजी लाएं, जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान करें : मंत्री श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में विकास कार्यों को गति देने तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निष्पादन को लेकर जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) की बैठक सोमवार को समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह पूर्वी चंपारण के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार ने की। बैठक में प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा सभी विभाग निर्धारित समय सीमा में अपने लक्ष्यों को पूरा करें। उन्होंने आम नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। मंत्री ने निर्देश दिया कि महात्मा गांधी से जुड़े पूर्वी चंपारण के सभी स्थलों को चिन्हित कर उनके विकास के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया जाए। साथ ही पंचायत सरकार भवनों को शीघ्र हस्तगत कर वहां विभागीय कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। बैठक में सम्राट अशोक भवन के लिए भूमि उपलब्ध कराने, रामगढ़वा में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने तथा बाबा सोमेश्वर नाथ मंदिर परिसर के विकास एवं वहां तक बेहतर संपर्क मार्ग उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने जिले में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण विकास, नगर विकास, आवास, स्वच्छता एवं अन्य योजनाओं में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। उन्होंने बताया कि मोतिहारी में चार सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) निर्माणाधीन हैं तथा बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिले की 394 पंचायतों में से 307 खेल मैदानों का निर्माण पूरा हो चुका है। मनरेगा के तहत 1.16 करोड़ से अधिक मानव दिवस सृजित किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 99.87 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है, जबकि अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों का निर्माण भी तेजी से चल रहा है। बैठक में विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं और विकास संबंधी मांगें रखीं। इनमें मोतिहारी को सैटेलाइट सिटी बनाने, सड़कों के किनारे फ्लैंक निर्माण, गंडक तटबंध के सुदृढ़ीकरण, औद्योगिक क्षेत्र के विकास, सड़क रखरखाव, विद्युत शवदाह गृह निर्माण तथा अतिक्रमण हटाने जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अगली 20 सूत्री बैठक से पूर्व सभी प्रस्तावों एवं मांगों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने लोगों से सहयोग शिविरों में अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने की अपील करते हुए कहा कि सरकार हर नागरिक की समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में सांसद, विधायक, विधान पार्षद, जिला परिषद अध्यक्ष, 20 सूत्री समिति के सदस्य, पुलिस अधीक्षक, जिला स्तरीय अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में अपर समाहर्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रेलवे ने निकाली गई जागरूकता रैली

**जमालपुर (मुंगेर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर रेलवे मुख्य अस्पताल जमालपुर से जागरूकता



रैली निकाली गई। रेल अस्पताल से निकल गई रैली रेल कॉलोनी का भ्रमण करते हुए कारखाना परिसर पहुंचा। रैली के मुख्य अतिथि पूर्व रेलवे के असिस्टेंट चीफ मेडिकल डायरेक्टर डॉ पार्थ सारथी मित्रा ने कहा तंबाकू सेवन के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति रेल कर्मियों को जागरूक करने को लेकर रैली,नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव से बच सके।इधर रेलवे मुख्य अस्पताल के सीएमएस डॉ जेके प्रसाद ने रैली एवं कार्यक्रम को व्यवस्थित करने को लेकर पूरी तरह अपनी टीम के साथ एक्टिव दिखे। रैली को सफल बनाने को लेकर भारत स्काउट एंड गाइड के कार्यकर्ता बैनर पोस्टर के माध्यम से तंबाकू निषेध संबंधी नारे को रेलवे इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों के सहयोग से लगवाए जा रहे थे।तख्तियां पर तंबाकू को ना कहें स्वास्थ्य को हां कहें, तंबाकू छोड़ें स्वस्थ जीवन जोड़ें, तंबाकू का जो सेवन करेगा वह अपने जीवन से खुद खिलवाड़ करेगा और समझदारी से काम लो तंबाकू की शुरूआत मत करो, तंबाकू की आदत कैंसर को दावत और तंबाकू छोड़ो जीवन जोड़ो जैसे स्लोगन लिखे गए थे।विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर कारखाना के महादेवी वर्मा हिंदी पुस्तकालय परिसर में कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

## हत्या ममले में 12 घंटे के अंदर हत्या की घटना का किया उद्भेदन

**बारसोई /कटिहार/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक प्रेमिका के चक्कर में दूसरे प्रेमी ने अख्तरुल का चाकू मारकर हत्या किया। हत्या करने वाले दो युवक पुलिस की हत्थे चढे.। महज 12 घंटे के अंदर बारसोई पुलिस हत्या मामले में बड़ी खुलासा की तथा हत्या करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बारसोई इलाके में एक 14 साल के बच्चे की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई है। बच्चा शाम को बाजार से अपने घर लौट रहा था, तभी रास्ते में कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और उस पर



हमला कर दिया। इस घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। यह पूरी घटना बारसोई प्रखंड के पटोलबाड़ी गांव की है। कल शाम करीब 8 बजे, 14 साल का मोहम्मद अख्तरुल पास के ही रंगामटिया हाट बाजार गया हुआ था। बाजार से काम निपटाकर जब वह वापस अपने घर आ रहा था, तभी रास्ते में यह खौफनाक वारदात हुई।अख्तरुल अपने घर से सिर्फ एक किलोमीटर दूर था, तभी बीच सड़क पर कुछ अपराधियों ने उसे रोक लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, बदमाशों ने उस पर चाकू से कई वार किए और उसे वहीं छोड़कर भाग गए।अख्तरुल की मौके पर ही मौत हो गई। मोहम्मद शफीकुल पिता का कहना है कि हमारा बेटा तीन महीने पहले पास के ही 'एक्सीलेंट कोचिंग सेंटर' में पढ़ता था। वहाँ उसका किसी लड़के से झगड़ा हुआ था, जो बात हमें अब पता चल रही है। हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। वही इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने कहा कि रविवार की रात को ही एफएसएल की टीम एवं स्क्वाड डॉग घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया । उनकी मदद से दो युवक की गिरफ्तारी हुई है।

## राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिलाध्यक्ष चुनाव में उमाकांत आनंद निर्विरोध चुने गये

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के जैन अतिथि भवन विनोदपुर में राष्ट्रीय लोक मोर्चा का जिलाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें उमाकांत आनंद को पुनः जिला अध्यक्ष के रुप में निर्विरोध चुना गया। इस दौरान जिला निर्वाचन प्रवेक्षक नीरज मेहता और जिला निर्वाचन पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह मौजूद रहे ।मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राजीव कुमार जायसवाल उपस्थित थे। उमाकांत



आनंद को पुनः निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुने जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल बन गया एवं सभी ने श्री आनंद को माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। उमाकांत आनंद ने कहा जिस भरोसा और उम्मीद से मुझे पुनः जिला अध्यक्ष के रुप में चुना इसके लिए मैं सभी पंचायत अध्यक्ष, क्रियाशील सदस्य, प्रखंड अध्यक्ष को धन्यवाद देता हूं। और मैं संगठन को कटिहार में मजबूत करने का काम करूंगा साथ ही अपने नेता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का काम करूंगा। इस अवसर पर प्रदेश सचिव उपेंद्र सुमन,पिंकू कुमार, प्रदेश महासचिव सुभाष सिंह, कटिहार महिला जिला अध्यक्ष पुतुल देवी, कटिहार प्रखंड अध्यक्ष सुबोध कुशवाहा, मनसाही अध्यक्ष संजय सिंह,युवा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष मेहता, दयानंद कुशवाहा,उदय सिंह,युवा नेता अंकित सिंह, नागमणि कुशवाहा, जितेंद्र सिंह,सोहन कुशवाहा,सहदेव कुशवाहा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोतिहारी में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के केसरिया थाना क्षेत्र के फुलतकिया गांव में सोमवार की सुबह एक युवक का शव आम के बगीचे में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फुलतकिया स्कूल के समीप स्थित एक आम बगीचे में पेड़ से लटका युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान फुलतकिया गांव निवासी अमर पासवान के 24 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार सन्नी शनिवार की रात भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। रविवार सुबह ग्रामीणों ने उसका शव बगीचे में पेड़ से लटका देखा और इसकी सूचना परिवार तथा पुलिस को दी। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। मृतक के पिता अमर पासवान ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका व्यक्त की है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। सूचना मिलने पर केसरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। अंचल इंस्पेक्टर निक्कू कुमार और थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) टीम को जांच में लगाया गया है। टीम घटनास्थल से विभिन्न साक्ष्य एकत्र कर मामले की जांच कर रही है।

## केंद्रीय विवि के कुलपति ने दलाई लामा से की भेंट, आगमन का दिया आमंत्रण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार स्थित महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने 14वें दलाई लामा से सौजन्य भेंट कर उन्हें विश्वविद्यालय परिसर, मोतिहारी के भ्रमण हेतु आमंत्रित किया। विश्वविद्यालय की ओर से जारी की गई जानकारी के अनुसार यह प्रेरणादायी मुलाकात शांति, करुणा, मानवता, सह-अस्तित्व और नैतिक मूल्यों के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ये वही आदर्श हैं जिनका अनुसरण महात्मा गांधी और परम पावन दलाई लामा ने अपने जीवन एवं विचारों के माध्यम से किया है। भेंट के दौरान कुलपति प्रो. श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, भावी योजनाओं, नवाचारों तथा भारतीय ज्ञान परंपरा और वैश्विक उत्कृष्टता के समन्वय की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

## जनता की समस्याओं का समाधान पहली प्राथमिकता : तारिक अनवर

### काढ़ागोला स्टेशन के कायाकल्प कार्य का किया निरीक्षण

**बरारी/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सांसद तारिक अनवर ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर आम लोगों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों के साथ संवाद स्थापित कर क्षेत्र की विकास योजनाओं और जनसुविधाओं की जानकारी ली। सांसद ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना उनकी पहली प्राथमिकता है और इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं। अपने दौरे की शुरूआत सांसद ने हसनगंज प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से की, जहां उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और मांगों की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने बरारी विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण किया और आमजन से सीधे संवाद कर क्षेत्र की जमीनी हकीकत को समझने का प्रयास किया।दौरे के दौरान सांसद तारिक अनवर कांग्रेस





के वरिष्ठ नेता रहे दिवंगत अजीत सरपंच के आवास भी पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वहीं, हाल ही में सिक्किम में हुए हादसे में जान गंवाने वाले बरारी क्षेत्र के दो मजदूरों के परिजनों से मिलकर उन्होंने गहरी संवेदना व्यक्त की। सांसद ने पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों से बातचीत करने का आश्वासन भी दिया। इसके अलावा सांसद ने कटिहार -बरौनी रेलखंड के महत्वपूर्ण स्टेशन काढ़ागोला पहुंचकर स्टेशन के पुनर्विकास एवं कायाकल्प कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और मौजूद अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ तेजी से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। सांसद तारिक अनवर ने कहा कि कटिहार-बरौनी रेलखंड के महत्वपूर्ण स्टेशन सेमापुर, काढ़ागोला और कुसेर्ला के आधुनिकीकरण एवं कायाकल्प को लेकर उन्होंने पूर्व में मांग उठाई थी।

## मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स की 27 वीं कार्यकारिणी की पांचवीं बैठक सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैंबर ऑफ कॉमर्स की 27 वीं कार्यकारिणी की पांचवीं बैठक कार्यकारिणी सदस्य अनिल अग्रवाल के निजी आवास पर चैंबर अध्यक्ष महेश सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत विशिष्ट आमंत्रित सदस्यों चंदन कुमार, केशव जैन एवं राजेश जालान का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत एवं परिचय कराते हुए हुई। महासचिव आलोक कुमार ने गत बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट एवं चैंबर की हालिया गतिविधियों की विस्तृत जानकारी सभा के समक्ष प्रस्तुत की। वहीं कोषाध्यक्ष अनिल बोहरा ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में अध्यक्ष महेश सिन्हा ने कहा कि मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स सदैव व्यवसायियों के हितों के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी वर्ष भर उनके हित में कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल की सर्वोच्च प्राथमिकता चैंबर भवन का निर्माण है, जिसके लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। बैठक में आगामी 3 जून को नगर निगम के सहयोग से आयोजित होने वाले ट्रेड लाइसेंस शिविर को सफल बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगले दो दिनों तक नगर निगम क्षेत्र में माइकिंग के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## पोखर में डूबने से 4 वर्षीय मासूम की मौत

**हसनगंज /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के कालसर पंचायत के ऋषि टोल गोदैया गांव में एक दर्दनाक हादसे में पोखर में डूबने से 4 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद



पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जबकि मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार ऋषि टोल गोदैया निवासी मानिकचंद ऋषि का पुत्र अजीत कुमार (4) गांव के कुछ अन्य बच्चों के साथ घर के समीप स्थित पोखर में स्नान करने गया था। स्नान के दौरान वह खेलते-खेलते गहरे पानी में चला गया और डूब गया। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। जिसके बाद उसकी खोजबीन शुरू की गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन एवं ग्रामीण पोखर की ओर दौड़े। खोजबीन के दौरान मासूम का शव पोखर के बीच पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों की मदद से बच्चे को बाहर निकालकर घर लाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद मृतक की मां सहित परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

# जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक में प्रभारी मंत्री ने दिए निर्देश

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विकास भवन सभागार में सुबे के खान एवं भूतत्व विभाग-सह-कला एवं संस्कृति विभाग बिहार सरकार सह-जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में "जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति जिला 20 सूत्री की समीक्षात्मक बैठक एवं जिला आपदा बाढ़ सुखाड़ राहत अनुश्रवण -सह- निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई।जिसमें जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं तथा जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के प्रगति की समीक्षा की गयी।बैठक का संचालन अपर समाहर्ता सह प्रभारी जिला पदाधिकारी डा.बिनोद कुमार ने की। बैठक के दौरान शिक्षा,ग्रामीण विकास, नगर विकास, पेयजल, सड़क निर्माण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, सामाजिक सुरक्षा,





महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों की उपलब्धियों एवं कार्य प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गयी। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 1965 विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 5,81,145 छात्र-छात्राएँ अध्ययनरत हैं तथा छात्र-शिक्षक अनुपात 37.78 है। शिक्षक उपस्थिति प्रतिशत 90.63 दर्ज किया गया है। साथ ही विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों का शत-प्रतिशत वितरण कर दिया गया है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की ओर से बताया गया कि मई 2026 तक कुल 6,28,086 राशन कार्डधारियों को

### बाढ, शिक्षा, नल जल, समाजिक सुरक्षा पर विशेष फोकस

खाद्यान्न उपलब्ध करा दिया गया। जो कुल लाभार्थियों का 83.36 प्रतिशत है। वहीं मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत अधिकांश विद्यालयों में खाद्यान्न आपूर्ति की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित है। जल जीवन हरियाली एवं पेयजल योजनाओं के अंतर्गत जिले के सभी लक्षित घरों तक नल-जल सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य पूर्णता की ओर है। कुल 5,23,889 घरों को पेयजल सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के अंतर्गत जिले में 33,580 सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन का लक्ष्य निर्धारित था, जिसमें 98.95 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गयी है। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं अन्य योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न सड़कों एवं पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कई योजनाएँ पूर्ण हो चुकी हैं तथा शेष कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है। मनरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 71.82 लाख मानव दिवस सृजित किये गये, जो लक्ष्य का 93.87 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 90.20 प्रतिशत आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। नगर निगम क्षेत्र में चल रहे स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज योजना, अमृत 2.0 जलापूर्ति योजना एवं शवदाह गृह निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गयी। संबंधित कार्य एजेंसियों को योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुँचाना सुनिश्चित करें तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करें। जिला आपदा बाढ़, सुखाड़ राहत अनुश्रवण -सह- निगरानी समिति की बैठक में बताया गया कि संभावित बाढ़-2026 को लेकर जिला प्रशासन पूर्णतः सतर्क, व्यापक तैयारियां पूरी कर चुकी है।

# समाज सेवा और मानव कल्याण ही आर्य समाज का मूल उद्देश्य : विधायक

## तेयाप में आर्य समाज भवन एवं यज्ञशाला का शिलान्यास



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)**। गोह प्रखंड के तेयाप गांव में सोमवार को आर्य समाज भवन एवं यज्ञशाला के निर्माण कार्य का शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोह विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमरेंद्र कुशवाहा के द्वारा शिलान्यास के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बर्मिंघम निवासी डॉ. उमेश यादव ने की। इस अवसर पर प्रातःकाल पंडित नंदकिशोर शास्त्री के ब्रह्मत्व में वैदिक यज्ञ-हवन संपन्न हुआ, जिसके मुख्य यजमान विधायक अमरेंद्र कुशवाहा रहे। यज्ञ में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर आहुतियां अर्पित कीं। यज्ञोपरांत विधायक ने ओ३म् ध्वजारोहण कर आर्य समाज भवन एवं यज्ञशाला का शिलान्यास किया। मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दयानिधि शास्त्री द्वारा प्रस्तुत भजनों से हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि विधायक अमरेंद्र कुशवाहा का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मान किया गया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने वर्ष 1875 में आर्य समाज की स्थापना ऐसे समय में की थी, जब समाज में अनेक कुरीतियां, अंधविश्वास और सामाजिक बुराइयां व्याप्त थीं। उन्होंने कहा कि आर्य समाज का मूल उद्देश्य मानवता की सेवा और संसार का उपकार करना है। स्वामी दयानंद ने जाति-प्रथा, दहेज-प्रथा, भ्रूण हत्या, बाल विवाह, मद्यपान तथा मांस भक्षण जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ व्यापक जनजागरण चलाया और वेदों के सच्चे संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। विधायक ने लोगों से आर्य समाज की विचारधारा को अपनाने तथा समाज सुधार के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने भवन निर्माण कार्य में तन, मन और धन से हरसंभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। संपूर्ण कार्यक्रम पंडित मुनारिक आर्य के मार्गदर्शन एवं पंडित शैलेश शास्त्री के संचालन में संपन्न हुआ। समारोह में अजय यादव, करण आर्य, विकास यादव, मुकेश वर्मा, अनिल कुमार, नंदन कुमार, राजद प्रवक्ता सत्येंद्र यादव, बैजनाथ सिंह, कृष्ण प्रसाद वर्मा, नागेंद्र शास्त्री, अरविंद शास्त्री, सिकंदर शास्त्री, विनोद सिंह, शशिकांत शास्त्री, सुभाष प्रसाद वर्मा, प्रो. विश्वजीत विद्यालंकर, सत्योम शास्त्री सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आर्य समाज के संरक्षक मोहन शास्त्री ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# ऑल इंडिया प्रतियोगिता परीक्षा में डॉ. आकांक्षा कुमारी ने हासिल किया सातवां स्थान



**हसपुरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। हसपुरा बाजार के कनाप रोड मोहल्ला निवासी एवं महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य अरविंद कुमार सिन्हा के पुत्रवधू डॉ. आकांक्षा कुमारी ने मेडिकल क्षेत्र की प्रतिष्ठित ऑल इंडिया प्रतियोगिता परीक्षा में सातवां स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आकांक्षा कुमारी ने डीएम (डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन) सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आयोजित अखिल भारतीय स्तर की प्रवेश परीक्षा में यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। एम्स में इस पाठ्यक्रम की मात्र 22 सीटों के लिए देशभर के प्रतिभाशाली चिकित्सकों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। ऐसे में सातवां स्थान प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम की जानकारी मिलते ही उनके पति डॉ. बसंत कुमार सहित परिवार के अन्य सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्वजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. आकांक्षा कुमारी मूल रूप से दाउदनगर प्रखंड की कनाप पंचायत अंतर्गत छकुविगहा गांव की निवासी हैं। उन्होंने रांची स्थित रिम्स से शिशु रोग विभाग में एमडी की उपाधि प्राप्त की है।

## एक नजर

### औरंगाबाद का नाम आदित्य नगर करने के लिए एमएलसी दिलीप सिंह को सौंपा ज्ञापन

**औरंगाबाद**। देश दुनिया में विख्यात प्राचीनतम सूर्य देव की मंदिर जो हमारी संस्कृति की प्रतिनिधित्व करती है। जिसके नाम पर जिला औरंगाबाद का नाम बदलकर आदित्य नगर करने की अभियान केशव लोकमंच ने विगत छह माह से शुरू किया। पुरी कानूनी और संवैधानिक प्रक्रियाओं के तहत जिला से केंद्र तक सक्षम कार्यालय और मंत्रालयों में दस्तावेज संचिकास्त कराया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अब विधानसभा और विधान परिषद जैसे सदन के पटल पर नाम परिवर्तन का प्रस्ताव पारित हो इसके लिए सभी प्रतिनिधियों के ज्ञापन सौंपने के क्रम में आज विधान परिषद दिलीप कुमार सिंह को आदित्य नगर प्रस्ताव का ज्ञापन सौंपा गया। यह विरासत और संस्कृति की संरक्षण, संवर्धन और अपनी संस्कृति को पुनर्स्थापित करने की एक मुहिम है। यह सामान्य जनमानस की जिज्ञासा और आकांक्षा रही है। विधान परिषद श्री सिंह ने मगही भाषा में सारे दस्तावेजों के जिला से केंद्र तक पहुंचाने की बात सुनाकर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा सौभाग्य और गौरव की बात कुछ नहीं हो सकती कि देश और दुनिया में विख्यात सूर्य देव जो संपूर्ण दुनिया को आलोकित करते हैं उनके नाम पर हमारे शहर और जिला का नाम आदित्य नगर हो। हम एकरा खातिर जरूर जो भी बन तक आवाज़ उठाएब, हमर संस्कृति के पहचान के बात हे इकरा खातिर जरूर आवाज़ उठाएंब। इस शुभ घड़ी में केशव लोक मंच के कार्य समिति सदस्य अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह श्री कमलेश कुमार सिंह श्री भानु प्रताप सिंह श्री मृत्युंजय कुमार सिंह और अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सामूहिक मानसिक जाप ध्यान गायत्री हवन यज्ञ का आयोजन

**औरंगाबाद**। सूर्य नगरी राम लक्ष्मण जानकी गायत्री मंदिर देव के प्रांगण में नौ बजे से 10 बजे तक सामुहिक मानसिक जाप ध्यान गायत्री हवन यज्ञ का आयोजन प्रत्येक रविवार को आयोजित की जा रही है। मनुष्य में देवत्व और धरती पर स्वर्ग की स्थापना, शांति, भाईचारा, अमन चैन कायम करने हेतु सत्य संकल्प पूर्ण हो। उद्देश्य से ध्यान चितन अपने जीवन में लागू हो, चितन चरित्र आचरण में सुधार प्राणियों में सद्भावना विश्व का कल्याण हो रहि पद चिन्हों पर चलने का प्रयास कार्यक्रम आयोजित है। सभी धर्मावलंबियों से आग्रह है कि आयोजन में शामिल होकर जीवन को धन्य बनाएं। इस मौके पर राम लक्षुमण जानकी गायत्री ट्रस्ट के अध्यक्ष श्यामता प्रसाद यादव, महिला मंडल अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अपिश्वर सिह, बसंत प्रसाद गुप्ता, व्यवस्थापक रामसेवक जायसवाल, अमरेंद्र चौरसिया, बलिद्र मेहता, मंजू पाठक, राखी कुमारी, शांति देवी, गीता देवी, सावित्री देवी सहित सैंकड़ों भाई बहनों ने भाग ले रहे हैं।

### शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज पौथु पथ के तेमुडा गांव के पास गश्ती के दौरान 45 लीटर महुआ देशी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। वहीं इलेक्ट्रिक स्कूटी को जब्त कर थाना लाया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि युवक की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के शारदा विगहा निवासी सुशील कुमार के रूप में की गई है। जब्त शराब, स्कूटी एवं गिरफ्तार को थाना लाया गया और सुशील कुमार को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया।

### तुमड़िया बाबा की पुण्यतिथि पर स्मारक निर्माण का शिलान्यास

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की हसपुरा इकाई की ओर से वरिष्ठ वामपंथी नेता एवं किसान आंदोलन के अग्रणी योद्धा रहे कॉमरेड खड़गधारी मिश्र उर्फ 'तुमड़िया बाबा' की पुण्यतिथि पर सोमवार को पांडेय बिगहा गांव में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके स्मारक निर्माण के लिए भूमि पूजन एवं शिलान्यास भी किया गया।

# निर्माणाधीन नाला के कार्य में गुणवत्ता पर जोर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। नगर परिषद औरंगाबाद अंतर्गत टिकरी मोहल्ला में निर्माणाधीन नाला का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से एवं समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नाला निर्माण का उद्देश्य क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है, इसलिए कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि निर्माणाधीन नाला का पानी किसी अन्य स्थान पर नहीं छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग द्वारा अदरी नदी के समीप निर्मित नाला से इसे जोड़ा जाए, ताकि पानी का सुचारु एवं स्थायी निकास सुनिश्चित हो सके तथा भविष्य में जलजमाव की समस्या उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने तथा कार्य में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा एवं बेहतर शहरी आधारभूत संरचना के विकास के लिए सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद औरंगाबाद एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## स्कूटी और बाइक की आमने-सामने टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चतरा मोड़-सुंदरगंज मार्ग स्थित सिलाड़ मोड़ के समीप स्कूटी और बाइक की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। घायलों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से दो की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के पुनाबार गांव निवासी अनुज सिंह तथा दुधार गांव निवासी मयंक मिश्रा के रूप में हुई है। वहीं तीसरे घायल युवक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुज सिंह और मयंक मिश्रा स्कूटी से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सुंदरगंज की ओर से पल्सर बाइक पर सवार होकर आ रहे एक युवक से उनकी सीधी टक्कर हो गई। पुलिस को उसके पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला। घटना के बाद सदर अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# 'स्वच्छ गांव-सुरक्षित जलवायु' का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड रफीगंज की ग्राम पंचायत कोटवारा में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर "स्वच्छ गांव-सुरक्षित जलवायु अभियान" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना था। अभियान का संचालन स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिल कुमार ने किया। उन्होंने ग्रामीणों को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के 4R सिद्धांत रिड्यूस , रीयूज रिसाइकिल और रिकवर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक कचरे को कम करके तथा उसके पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देकर पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। साथ ही जल संरक्षण, स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में सामुदायिक सहभागिता की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को अपने घरों और गांव के आसपास स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने तथा कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से न केवल गांव का समग्र विकास संभव है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण भी सुनिश्चित किया जा सकता है।

अभियान की सफलता में प्रखंड के सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर बीना कुमारी, धनवंती कुमारी, रामकुमार यादव, नीरज पाठक, मोहम्मद मूसा, दीपक कुमार, रविंद्र कुमार, रविंद्र शर्मा, रामेश्वर चौधरी, मोहम्मद नौशाद, नारायण कुमार, मोहम्मद मेराज, मृत्युंजय कुमार, अजय कुमार, कपिल देव राम, अरविंद कुमार, संटु कुमार, मदन कुमार, पंकज चौधरी एवं रणधीर कुमार सहित कई कर्मी उपस्थित रहे। इसके अलावा विकास मित्र इंदु कुमारी, जीविका सीएम फूल कुमारी देवी, जीविका दीदियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# धूमधाम से मनाई गई हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर के ब्लॉक मोड़ स्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन में हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लेकर महान योद्धा पृथ्वीराज चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह के दौरान ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सत्येंद्र नगर निवासी राम प्रवेश सिंह ने ट्रस्ट द्वारा समाजहित में किए जा रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों से सुझाव भी आमंत्रित किए, ताकि ट्रस्ट भविष्य में और अधिक प्रभावी ढंग से जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ा सके। अपने संबोधन में राम प्रवेश सिंह ने नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता तथा रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष सतीश सिंह द्वारा समय-समय पर मिले सहयोग की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह, ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो. शिवपूजन सिंह तथा साहित्यकार सुरेंद्र मिश्रा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं भाजपा की जिला मंत्री सुमन अग्रवाल ने भी समारोह में भाग लिया और ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर सभी अतिथियों का फूल-माला, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह को संस्था में उनके विशेष योगदान एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्य अतिथि गोपाल नारायण सिंह द्वारा अंगवस्त्र, पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शहर के अनेक समाजसेवी, शिक्षाविद, बुद्धिजीवी एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने पृथ्वीराज चौहान के शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रप्रेम को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

# देव में धूमधाम से मनाया गया लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। देव के निजी हॉल में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि विधायक नागेंद्र रावत पाल ने समाज के मान सम्मान को बढ़ाया। सभी वक्ता अपने अपने विचार दिए। पाल समाज से एकमात्र विधायक ने कहा कि हमारा समाज बहुत ही कठिन कार्य कर अपना जीवन यापन करते है। कहा कि पाल समाज के जो लोग भेड़ पालन करते हैं। अगर किसी भी भेड़ की मौत हो जाती है तो उन्हें मुआवजा दी जाए। सभी वक्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को रखा। इस मौके पर बिहार राज्य पाल महासंघ के अध्यक्ष राजरूप पाल, चंद्रमोहन पाल, संतोष पाल, जगदेव पाल, विजय पाल, दिनेश पाल, राजेश पाल, अंजीत पाल, गुड्डू पाल, पंकज पाल, विनोद पाल, संतोष यादव, रामबली चंद्रवंशी, धनंजय पाल, रमेश पाल, डा. अनिल पाल सहित मौजूद रहे।

बिहार सरकार

कार्यालय–नगर परिषद् दाउदनगर (औरंगाबाद)

नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत आपातकालीन स्थिति में योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए संवेदकों का सूचीबद्ध करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

RFP NO-02/2026-27

Official Mail ID-nagarparishad.daudnagar@gmail.com,

प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग का पत्रांक–04/सड़क–16–38/2025–5564 न0वि0 एवं आ0वि0 दिनांक–19.05.2026 के आलोक में दाउदनगर नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत आपातकालीन स्थिति में नागरिक सुरक्षा तथा अनिवार्य सुविधा एवं सेवा से संबंधित पुर्नस्थापन (Restoration) तथा मरम्मत के उद्देश्य से निविदा प्रक्रिया के माध्यम से संवेदकों का सूचीबद्ध किया जाना है।

अतः जनहित में इस कार्य को देखते हुए आपातकालीन स्थिति में नाला उड़ाही के पश्चात् नालों की मरम्मति एवं स्लैब निर्माण इत्यादि का अद्यतन अनुसूचित दर (SOR) के आधार पर अधिकतम एक लाख रूपय की लागत तक के कार्य के लिए संवेदको का सूचीबद्ध (Empanelment) हेतु सभी इच्छुक संवेदकों से दिनांक– 19.06.2026 को 5:00 बजे अपराह्न तक बन्द लिफाफे में परिशिष्ट–1 में दिये गए प्रारूप में माँगी गई सूचना और आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। बन्द लिफाफे पर पता के रूप में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद दाउदनगर RFP No-02/2026-27 तथा लिफाफे के उपर आवेदन का विशय अवश्य उल्लिखित होना चाहिए। संवेदकों से प्राप्त आवेदन प्रस्तावों को दिनांक–20.06.2026 को 1:00 बजे अपराह्न में सशक्त स्थायी समिति के समक्ष नगर परिषद दाउदनगर कार्यालय के सभागार में खोला जायेगा। निर्धारित तिथि को किसी कारणवश अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेगी। विस्तृत जानकारी हेतु इच्छुक संवेदक/संस्था किसी भी कार्य दिवस तथा कार्यावधि में नगर परिषद दाउदनगर कार्यालय में स्वंय अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से सम्पर्क कर सकते हैं।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद् दाउदनगर

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR. No.004560 (B&C) 2026-27

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।

# समर कैंप संचालन को लेकर शिक्षा सेवकों की कार्यशाला आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। गर्मी की छुट्टियों के दौरान समर कैंप के सफल संचालन को लेकर रफीगंज प्रखंड के बीआरसी (ब्लॉक रिसोर्स सेंटर) में शिक्षा सेवक एवं तालीमी मरकज कर्मियों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य समर कैंप के संचालन, बच्चों की सहभागिता बढ़ाने तथा शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला में शिक्षा सेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने उपस्थित शिक्षा सेवकों एवं तालीमी मरकज कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने समर कैंप के दौरान बच्चों के लिए आयोजित की जाने वाली शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बच्चों में सीखने की रुचि विकसित करने और उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर रफीगंज प्रखंड के सभी शिक्षा सेवक एवं तालीमी मरकज कर्मी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने समर कैंप को सफलतापूर्वक संचालित करने का संकल्प लिया तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने का निर्णय लिया। कार्यशाला के अंत में समर कैंप के सफल संचालन हेतु आपसी सहयोग और समन्वय बनाए रखने पर बल दिया गया, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके।

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
पशुपालन निदेशालय

पशुधन द्वारा
जीवन में गुणात्मक सुधार

पशु-पक्षियों के पीने के पानी की व्यवस्था एक जरूरत





''जल ही जीवन है'' यह लोकोक्ति नहीं बल्कि यथार्थ सत्य है। जल एक जीवित कोशिका के जीवन का भौतिक आधार है, जिसका अधिकांश भाग लगभग (70%) पानी से बना होता है। बेतरतीब बढ़ती जनसंख्या एवं मानव बस्तियों के कारण वन–पर्यावरण असंतुलन तीव्र गति से बढ़ता जा रहा है। परिणामस्वरूप अनावृष्टि, सूखते जलाशय एवं नदियों का गिरता जल स्तर विकट समस्या बनती जा रही है।

इस धरती पर पशु–पक्षियों का उतना ही हक है जितना कि हम मनुष्यों का

गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है। मूक पशु–पक्षियों को, संचित एवं बहते जल स्रोतों की कमी के कारण, प्यास में तड़पना पड़ता है। गर्मी में पशु–पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिये।

गर्मियों में कई परिंदों व पशुओं की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। लोगों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आस–पास उड़ने वाले परिदों की प्यास बुझाकर उसकी जिंदगी बचा सकता है। पानी न मिले तो पक्षी बेहोश होकर गिर पड़ते हैं। पशु चिकित्सा विज्ञान के अनुसार नमक और ऊर्जा पक्षियों के लिए जरूरी है। इसकी पूर्ति खनिज–लवण युक्त पानी से ही हो सकती है।

क्या करें उपाय:

1. गर्मी में अपने घरों के बाहर, छतों पर, बालकनी में, परकोटों पर पानी के बर्तन भरकर रखें जिससे मवेशी व परिंदें पानी देखकर आकर्षित होते हैं और हो सके तो छतों पर पक्षियों के लिए छाया की व्यवस्था भी करें।
2. उपयोग में लाये गये नारियल डाभ पक्षियों को पानी परोसने एवं आश्रय प्रदान करने हेतु उपयुक्त हो सकता है जो कि बायो–वेस्ट प्रबंधन का एक उदाहरण भी है।
3. पक्षियों के शरीर में इलेक्ट्रॉलाइट्स की मात्रा संतुलित रहे इसके लिए पानी में गुंड. की थोड़ी मात्रा मिलानी चाहिये।
4. कम पानी वाले जल स्रोतों को गंदा न करें, इससे पशु–पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हो सकती है।

अधिक जानकारी के हेतु पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना के दूरभाष संख्या 0612–2230942 पर की जा सकती है

पशुपालन निदेशालय, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा जनहित में प्रचारित @BiharDFARD

PR No.- 004677 (Animal)D. 2026-27

# मरीजों के साथ करें बेहतर व्यवहार : मंत्री

## गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान ने बखरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बखरी।** गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान ने सोमवार को बखरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीएचसी के ओपीडी, प्रसव कक्ष, दवा वितरण काउंटर और रोगी रजिस्ट्रेशन काउंटर सहित विभिन्न अनुभागों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री पासवान ने अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने प्रभारी को निर्देश दिया कि मरीजों की सुविधा में कोई कटौती न हो और सभी रोगियों की जांच कर उनकी बीमारी के अनुसार दवा उपलब्ध कराई जाए। मंत्री ने अस्पताल कर्मियों को मरीजों और उनके अटेंडेंट के साथ अच्छा व्यवहार करने की भी सलाह दी, ताकि अस्पताल पहुंचने वाले लोगों को संतुष्टि मिल सके। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अस्पताल के चिकित्सक डॉ. पंकज को फटकार लगाई। उन्होंने मौके पर मौजूद एसडीओ सन्नी कुमार सौरव को डॉ. पंकज के खिलाफ रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। यह घटना पिछली रात की है, जब मंत्री ने भाजपा नेता पवन सिंह को एक मरीज का हालचाल जानने के लिए पीएचसी भेजा था। उस समय डॉ. पंकज ने पवन सिंह के साथ बेरुखी से व्यवहार किया। इसके बाद उन्होंने पहले तो मंत्री से मोबाइल पर बात करने से इनकार कर दिया और जब बात की भी तो उनका व्यवहार रूखा था। मंत्री ने इस व्यवहार को प्रोटोकॉल का उल्लंघन माना और डॉ. पंकज को फटकार लगाई। उन्होंने सिविल सर्जन से भी इस मामले की शिकायत की और डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस निरीक्षण के दौरान बीडीओ कुमार मुकेश, जिला परिषद सदस्य घनश्याम राय, अमित कुमार देव, लोजपा (आर) के प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान, भाजपा नेता पवन सिंह, अमरनाथ पाठक सहित बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# 4.79 एकड़ में निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का पूर्व डिप्टी सीएम ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने नगर के राजेंद्र स्टेडियम में 4.79 एकड़ में निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कंपलेक्स का बिहार राज्य भवन निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक, महाप्रबंधक एवं निगम के अभियंताओं के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने प्रशासनिक भवन, बहुउद्देशीय प्रशाल, मैदान एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का चल रहे निर्माण कार्य को दिखा। इन निर्माण कार्यों की लागत राशि लगभग 28 करोड रुपए हैं।

उन्होंने बताया कि बहुउद्देशीय प्रशाल में 17 प्रकार के खेलों का आयोजन किया जा सकेगा। इसके भूतल पर चार बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण एवं प्रथम तल पर टेबल टेनिस का पांच कोर्ट बनाने के साथ ही योग एवं ध्यान कक्ष का भी निर्माण कराया जा रहा है । प्रशासनिक भवन में 30-30 खिलाड़ियों का प्रशिक्षण कक्ष, एक चिकित्सा कक्ष, खेल पदाधिकारी का कक्ष एवं एक सभा कक्ष के साथ ही सुसज्जित स्नानागार एवं शौचालय का निर्माण कार्य चल रहा है।

इस अवसर पर पूर्व उप मुख्यमंत्री के साथ भाजपा के खेल प्रकोष्ठ के सहसंयोजक बबन झा भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री वीरेंद्र यादव, गजेंद्र नाथ पाठक, अमित गुप्ता उर्फ बबलू उपस्थित थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, औरंगाबाद**

बिहार सरकार

**निविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिला बल के विभिन्न पुलिस प्रतिष्ठानों / थानों एवं कार्यालयों में सरकारी उपयोग किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के निम्नलिखित लेखन – सामग्रियों / प्रपत्रों छपाई हेतु वित्तीय वर्ष–2026–27 के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है।

जो कोई भी निबंधित फर्म क्रेडिट पर समान की आपूर्ति करना चाहते है वे अपना निविदा सीलबंद लिफाफे में भरकर अद्योहस्ताक्षरी के प्रपत्र शाखा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, औरंगाबाद में **दिनांक– 17.06.2026 समय– 05.00PM बजे** पूर्वाह्न तक कार्यालय अवधि में निम्नांकित शर्तो के साथ जमा करें।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि–17.06.2026 समय–05.00PM बजे

निविदा खोलने की तिथि–18.06.2026 समय 11.00AM बजे।

सामग्री का विवरण एवं निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 004695 ( Police ) 2026-27

पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


# बेटियां बनेंगी राष्ट्र निर्माण का आधार : रवीन्द्र कुमार

## एनटीपीसी कहलगांव में बालिका सशक्तिकरण अभियान का आगाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कहलगांव (भागलपुर)।** एनटीपीसी के कहलगांव विधुत परियोजना में सोमवार को बालिका सशक्तिकरण अभियान' का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (प्रचालन) रवीन्द्र कुमार थे। इस अवसर पर संयुक्त महिला समिति की वरिष्ठ सदस्य चंदना कुमारी, एनटीपीसी कहलगांव के परियोजना प्रमुख रवीन्द्र पटेल, सृष्टि समाज की अध्यक्षा सहित एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, अभिभावक एवं भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### कल के भारत का नेतृत्व करेंगी आज की बेटियां

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रवीन्द्र कुमार (निदेशक) ने कहा कि बालिका सशक्तिकरण अभियान केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह समाज में लैंगिक समानता एवं पाज़िटिव बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम है। वर्ष 2018 में महज तीन परियोजनाओं से शुरू हुआ यह सफर आज एक देशव्यापी आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज की ये बेटियां कल की वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी और उद्यमी बनकर राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देंगी। एनटीपीसी का लक्ष्य इन बच्चियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और जीवन कौशल का विकास करना है ताकि वे अपने सपनों को हकीकत में बदल सकें। परियोजना प्रमुख रवीन्द्र पटेल ने कहा कि एनटीपीसी सदैव अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों को निभाने में अग्रणी रहा है। उन्होंने बालिका सशक्तिकरण अभियान की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इस अभियान के तहत चयनित बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यक्तित्व विकास एवं नेतृत्व क्षमता का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही इन छात्राओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, खेलकूद और डिजिटल साक्षरता से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियां भी दी जाएंगी। श्री पटेल ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपनी बेटियों की शिक्षा और सपनों को पूरा करने में उनका निरंतर सहयोग करें। उद्घाटन समारोह के दौरान चयनित नन्हीं बालिकाओं द्वारा रंगारंग और प्रेरणादायक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। समारोह के समापन पर आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों, सृष्टि समाज के सदस्यों और वालंटियर्स के प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया।



# दिनदहाड़े सीएसपी संचालक से ढाई लाख की लूट

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी प्रखंड पंचायत के अंतर्गत आने वाले निंगा शिवरौना में रविवार को बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े लूट की एक बड़ी घटना को अंजाम दिया। मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाशों ने एक सीएसपी (ग्राहक सेवा केंद्र) संचालक से 2.5 लाख कैश लूट लिए और मौके से फरार हो गए। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। संचालक प्राप्त जानकारी के अनुसार, निंगा पंचायत निवासी और सीएसपी संचालक उमाकांत पोद्दार रविवार को बीआरसीएसबीआई बेगूसराय से 2.5 लाख की राशि निकालकर अपने गांव लौट रहे थे। दोपहर करीब 2:15 बजे जैसे ही वे शिवरौना के पास पहुंचे, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात अपराधी वहां आए। बदमाशों ने झपट्टा मारकर उमाकांत पोद्दार से रुपयों से भरा बैग छीन लिया और तेज रफ्तार में फरार हो गए। पुलिस को सूचना मिलते ही मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर कांड संख्या 76/26 दर्ज कर ली है। पुलिस आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और हुलिए के आधार पर बाइक सवार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी कर रही है।


**बिहार सरकार**

**कार्यालय नगर परिषद, दाउदनगर (औरंगाबाद)**

nagarparishad.daudnagar@gmail.com

**भाड़े पर वाहन रखने हेतु कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–01/2026–27**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण वाहन मालिक को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् दाउदनगर क्षेत्रान्तर्गत अन्तर्गत माननीया मुख्य पार्षद को नगर परिषद् दाउदनगर के क्षेत्र भ्रमण हेतु (योजनाओं के अनुश्रवण एवं परीक्षण) कार्यों हेतु 01 (एक) अदद् ए0सी0 / नन ए0सी0 वाहन यथा स्कॉपियो / बलोरो के लिए निम्नांक्ति शर्तों के अधीन इच्छुक वाहन मालिक / फार्म से मुहर बंद दर कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

1. कोटेशन आमंत्रित सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक–27.05.2026
2. कोटेशन जमा करने की तिथि :– दिनांक–23.06.2026 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. कोटेशन जमा करने का सीान :– कार्यालय नगर परिशद् दाउदनगर।
4. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक–23.06.2026 को अपराह्न 3:30 बजे।
5. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यालय नगर परिषद् दाउदनगर।

PR- 004555 ( Ni Ni ) 2026-27

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् दाउदनगर।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर माउंट लिट्रा स्कूल में कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल, बेगूसराय के विद्यार्थियों ने शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को तंबाकू और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने सबसे पहले बेगूसराय रेलवे स्टेशन परिसर में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके बाद हीरालाल चौक एवं मुख्य बाजार क्षेत्र में भी प्रभावशाली प्रस्तुति देकर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। शनिवार की शाम को विद्यार्थियों ने टाउनशिप कोऑपरेटिव मार्केट में भी नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जहां बड़ी संख्या में लोगों ने प्रस्तुति देखी और बच्चों के प्रयासों की सराहना की। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने बताया कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक है और यह किस प्रकार व्यक्ति, परिवार तथा समाज को प्रभावित करता है। बच्चों के सशक्त अभिनय और जागरूकता भरे संदेश ने उपस्थित लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। स्थानीय लोगों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों द्वारा दिया गया यह संदेश समाज को गुटखा और तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का एक सराहनीय प्रयास है। विद्यालय की प्राचार्या डॉ शीतल ने विद्यार्थियों एवं गतिविधि शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबों तक सीमित नहीं है। बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना भी है। बच्चों ने आज जिस आत्मविश्वास और संवेदनशीलता के साथ लोगों को जागरूक किया है। वह अत्यंत सराहनीय है। मैं सभी गतिविधि शिक्षकों, विशेष रूप से सचिन सर, के प्रयासों की प्रशंसा करती हूँ। जिनके मार्गदर्शन में यह अभियान सफल हुआ। विद्यालय के निदेशक डॉ मनीष देवा ने कहा जब बच्चे समाज के बीच जाकर जागरूकता का संदेश देते हैं, तो उसका प्रभाव और भी अधिक होता है। यह केवल एक नाटक नहीं, बल्कि स्वस्थ और नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक सार्थक पहल है। हमें विश्वास है कि बच्चों का यह संदेश अनेक लोगों को तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित करेगा।यह अभियान विद्यार्थियों के लिए सीखने का एक अनूठा अनुभव रहा और समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश बनकर उभरा।




# सेवा नियमितीकरण को लेकर एमएलसी से मिला अतिथि प्राध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार विधान मंडल की समितियों के निर्णयों के अनुपालन को लेकर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के निर्देश के बाद राज्य के विश्वविद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण की मांग तेज हो गई है। बीआर अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय अतिथि प्राध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल एमएलसी व शिक्षा समिति सदस्य डॉ संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर प्रतिवेदन सौंपा। एमएलसी डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि अतिथि सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति यूजीसी अधिनियम के अनुरूप आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए विश्वविद्यालय चयन समिति द्वारा की गई है। इनकी मांग बिल्कुल जायज है। विगत वर्षों में अतिथि शिक्षकों ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अध्यापन कार्य, परीक्षाओं का संचालन, मूल्यांकन कार्य के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक निरंतरता को बनाए रखा है। इसके साथ ही शिक्षकों की भारी कमी के बावजूद संस्थानों को सुचारू रूप से चलाने में इन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2025 में विधान परिषद की शिक्षा समिति ने उनकी सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष निर्धारित करने की सिफारिश की है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही सरकार के निर्देश के आलोक में शिक्षा समिति की बैठक की जाएगी एवं मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से मिलकर 65 वर्ष तक के सेवा समायोजन को लेकर पहल की जाएगी। बिहार विश्वविद्यालय अतिथि प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ ललित किशोर ने बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति की अनुशंसाओं को जल्द लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ के तत्वावधान में सभी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधिमंडल इसी सप्ताह शिक्षा समिति के अध्यक्ष समेत सभी सदस्यों से मुलाकात कर मांगो के समर्थन में पहल करेगा। राज्य प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से समय लेकर अपनी मांगों को रखेगा। मौके पर संघ के डॉ सर्वेश्वर कुमार सिंह, डॉ नितेश कुमार, डॉ राकेश कुमार, डॉ मयंक कुमार, डॉ राकेश रंजन, डॉ राजेंद्र राय, प्रो सुभाष कुमार आदि उपस्थित थे।

# कला मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आशीर्वाद रंगमंडल कार्यालय परिसर में सोमवार को स्नातक पांचवें सेमेस्टर के छात्रों का इंटर्नशिप प्रारम्भ हुआ। उद्घाटन सत्र के मौके पर मौजूद वरिष्ठ रंगकर्मी परवेज युसूफ ने बच्चों को रंगकर्म के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कला मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। रंगकर्मी मोहित मोहन ने बच्चों को नाटक के विविध आयामों से अवगत कराते हुए नाटक का गुर सीखने के लिए प्रेरित किया। कलाकार नंदू कुमार ने वाद्य यन्त्र से बच्चों को बताया। दिनकर पुस्तकालय सिमरिया के सचिव संजीव फिरोज ने छात्रों को पुस्तक से जुड़ने की सलाह दी। वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण प्रियदर्शी ने छात्रों को संवाद के तरीके और व्यक्तित्व निर्माण में नाटक के महत्व के बारे में बताया। इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू होने के मौके पर आशीर्वाद रंगमंडल के निदेशक डॉ अमित रौशन ने मौजूद अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप प्रोग्राम अगले 20 दिनों तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा रंगकर्म के बारे में बच्चों को अवगत कराया जाएगा। अंत में एक नाट्य प्रस्तुति बच्चों द्वारा की जाएगी।


**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएच/618, दिनांक 29.05.2026; सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/सिग/टी/09/26-27/आरआरएसके; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान: पुराने आरडीएसओ विनिर्देश (2004) वाली आईपीएस को नए आरडीएसओ विनिर्देश (2004) से बदलना अथवा आयु सह दशा के आधार पर उसे बदलना। निविदा मूल्य: रु. 7,44,25,962.10; जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 14,88,500; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। कार्य समापन अवधि: 12 महीने। निविदा जमा शुरू होने की तारीख: 11.06.2026; निविदा जमा करने की अंतिम तारीख: 25.06.2026 को 14.00 बजे तक। निविदा बोली खुलने की तारीख: 25.06.2026 को 14.30 बजे। विस्तृत विवरण: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। पात्रता के तकनीकी मानदंड: निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। पात्रता के वित्तीय मानदंड: निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज: जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। समतुल्य प्रकृति का कार्य: कोई भी एस एंड टी कार्य जिसमें पावर सप्लाई सिस्टम (आईपीएस/बैटरी चार्जर) की आपूर्ति, स्थापना, चालू करना शामिल है। टिप्पणी: निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए।

(SDAH-59/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in / www.er.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @easternrailway @EasternRailway



**FORBESGANG COLLEGE, FORBESGANJ (BIHAR)**
**PURNEA UNIVERSITY, PURNIA (BIHAR)**
**INVITING TENDER NOTICE**

Invited sealed short tenders from the eligible university registered contractors/ of appropriate class of University for the work listed under.

| Sl. No | Name of works | Estimated cost. | Completion time | Amount of Bank Receipt/Cash for cost of tender documents (Rs) | Amount of Earnest Money 2.0% for issue of tender form (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Proposed Work Experience Resource Centre Ground Floor B.Ed. Building | 43,44,410-00 | 6 Months. | 5000=00 | 2% Tender Amount of |
| 2. | Construction of Proposed Class Room, Head Chamber Room Staff Room, Ground Floor B.Ed. Building. | 44,63,552-00 | 6 Months. | 5000=00 | 2% Tender Amount of |
| 3. | Construction of Proposed Office, Visitor Room Seminar Room Ground Floor B.Ed. Building | 42,31,202-00 | 6 Months. | 5000=00 | \ 2% Tender Amount of |
| 4. | Construction of Class Room 1,2 & Girls Common Room ground floor Class Room Building | 46,12,384-00 | 6 Months. | 5000=00 | 2% Tender Amount of |
| 5. | Construction of Class Room 3.4 & Boys Common Room ground floor Class Room Building | 49,06,731-00 | 6 Months. | 5000=00 | 2% Tender Amount of |
| 6. | Construction of Class Room 5,6 ground floor Class Room Building | 45,26,819-00 | 6 Months. | 5000=00 | 2% Tender Amount of |

**Time Schedule**

a) Last Date for purchase of tender Documents from Account Section of the College on All working days during office hours 2PM 02-06-2026 to 14-06-2026.
b) Submission of tender up to 2 pm in the office, or registered post 20-06-2026.
c) Opening of tender by the college and within as per requirement days from the last.

**Condition of Contract:-**

D.D/TD/Should be made in the favor of Principal Forbesgang College, Forbesganj, Bihar.
Tender is open only to the eligible and experienced contractors/firms of Appropriate Class Registered with University.
The intending tender/contractors should apply in writing for issue of tender documents. The application would invariably be signed by the contractor himself/herself the tender.
Undesigned has every right to cancel the tender without assigning any reason.

**Principal,**
**Forbesgang College**
**Forbesganj, Bihar**

# खराब प्रदर्शन वाले बैंकों में सरकारी राशि नहीं रखने पर होगा विचार : वित्त मंत्री

## बैंकों का सीडी रेशियो बढ़ाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मेदिनीनगर (पलामू)।** राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास तथा संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रदर्शन, ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेश्यो), शाखा विस्तार, वार्षिक ऋण योजना तथा सरकार प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत सहित विभिन्न बैंकों के क्षेत्रीय, एसएलबीसी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान मंत्री ने जिले के वर्तमान सीडी रेशियो 36 प्रतिशत रहने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पिछली समीक्षा बैठक में यह आंकड़ा 40 प्रतिशत था, जबकि चार माह के दौरान इसमें वृद्धि होने के बजाय कमी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि बैंकों का दायित्व केवल जमा राशि बढ़ाना नहीं, बल्कि स्थानीय स्तर पर ऋण प्रवाह बढ़ाकर आर्थिक गतिविधियों को गति देना भी है। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि जिन बैंकों का सीडी रेश्यो लगातार खराब रहेगा, उनमें सरकारी राशि रखने के विषय में पुनर्विचार किया जाएगा। मंत्री ने सभी बैंकों की जमा राशि, ऋण वितरण एवं लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए बैंकवार प्रदर्शन का आकलन किया। उन्होंने कृषि, स्वरोजगार एवं लघु उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए ऋण वितरण में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में जिले के बैंकिंग नेटवर्क की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले में विभिन्न बैंकों की कुल 145 शाखाएं संचालित हैं। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। जिन बैंकों की जिले में केवल एक या सीमित शाखाएं हैं, उन्हें नए शाखा विस्तार पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पलामू एक आकांक्षी जिला है और इसके समग्र विकास में बैंकिंग संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैंकों को केवल व्यावसायिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि सामाजिक एवं विकासात्मक दायित्वों को भी ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से संबंधित लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा कहा कि पात्र किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराना बैंकों की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके अलावा वार्षिक ऋण योजना, बकाया अग्रिम, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति ऋण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, बैंक मित्र (बीसी) नेटवर्क तथा सरकार प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गयी।

जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बैठक में बैंकों से समन्वय स्थापित कर वित्तीय समावेशन, स्वरोजगार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग करने का आग्रह किया।बैठक में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, ऋण वितरण में सुधार लाने तथा सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# लापता युवती का शव नाले से बरामद

## हत्या की आशंका, जांच के लिए एसआइटी गठित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** कटकमदाग थाना क्षेत्र से लापता एक युवती का शव कोर्रा थाना क्षेत्र स्थित सिंदूर पंचायत भवन के समीप नाले से बरामद होने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार युवती के लापता होने के संबंध में कटकमदाग थाना कांड संख्या 90/26 दिनांक 30 मई 2026 को दर्ज की गई थी इसके बाद 31 मई को युवती का शव कोर्रा थाना क्षेत्र के सिंदूर पंचायत भवन स्थित नाले से बरामद किया गया। मामले के उद्भेदन और घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष एसआईटी टीम का गठन किया गया है। टीम का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) अमित कुमार और पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) ज्ञान रंजन कर रहे हैं। टीम में पुलिस निरीक्षक सपन कुमार महथा, कटकमदाग थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, पुलिस अवर निरीक्षक चितरंजन कुमार सहित टेक्निकल सेल के अधिकारी एवं कर्मी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि गठित एसआईटी द्वारा घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर मामले की पड़ताल की जा रही है ताकि घटना में शामिल लोगों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल पुलिस जांच जारी है।

# विभिन्न सड़क योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

**गुमला (नवबिहार टाइम्स संवादाता)।** गुमला उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राजकीय राजमार्ग से संबंधित विभिन्न सड़क निर्माण योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित पलमा-गुमला पथ चौड़ीकरण योजना, भारतमाला परियोजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ झारखंड बॉर्डर से गुमला, बाईपास सड़क निर्माण योजना एवं एनएच-143डी जमटोली-रांची-संबलपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर सहित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए योजनाओं की प्रगति एवं भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों पर विस्तार से चर्चा की। समीक्षा के क्रम में पलमा-गुमला पथ निर्माण कार्य के दौरान भू-अर्जन संबंधी विभिन्न बाधाओं एवं समस्याओं की जानकारी प्राप्त हुई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा निर्माण कार्य को निर्बाध रूप से संचालित करने का निर्देश दिया।

# जेईई एडवांस में जेनिसिस क्लासेस का शानदार प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**करनाल।** देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस 2026 के घोषित परिणामों में जेनिसिस क्लासेस के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता की नई इबारत लिखी है। संस्थान के 40 से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि संस्थान और क्षेत्र का नाम भी गौरवान्वित किया है। संस्थान के छात्र सम्पन कक्कड़ ने ऑल इंडिया कॉमन रैंक लिस्ट में 1257वीं तथा कैटेगरी रैंक 133 प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं एताशा मलिक ने 1600, गायत्री ने 3841, युव बंसल ने 4187 तथा वत्सल जैन ने 4500वीं रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। संस्थान के अन्य सफल विद्यार्थियों में मनन केश्वर, दिव्यांश राणा, शशांक अत्रेजा, रुहान दलाल, शौर्य कम्बोज, अवनी चौहान, शुभ झांब, संयम चौधरी, गौरव सेहरावत, शिवांशु कुमार, गुरशरण सिंह, मोहित, हर्षिता, शौर्य गुप्ता, चेरुब अरोड़ा, प्रियाम सुखीजा, रोनित खुराना, आर्यन कुमार, अस्मी गोयल, एंजेल, परनीत सेलवाल, विराट राज, प्लाक्षा सारोहे, अयान मेहला एवं अग्निवेश कुमार सहित अनेक विद्यार्थियों ने शानदार रैंक प्राप्त की। निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत एवं नवनीत सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संस्थान का मूल मंत्र गीता का यह संदेश है कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन, अर्थात मनुष्य का अधिकार केवल कर्म करने में है, फल पर नहीं। इसी सिद्धांत को अपनाकर विद्यार्थी बिना परिणाम की चिंता किए निरंतर मेहनत करते हैं और सफलता अर्जित करते हैं।

# पर्यटन को गति देने को लेकर पर्यटन संवर्द्धन परिषद की बैठक में मंथन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** गिरिडीह में पर्यटन को नई रफ्तार देने की तैयारी तेज हो गई है। आज जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की शासी निकाय की अहम बैठक जिला समाहरणालय में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राज्यसभा सांसद, जमुआ विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष, गिरिडीह महापौर, पर्यटन मंत्री के प्रतिनिधि और कई विधायकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में जिले के अधिसूचित पर्यटन स्थलों की स्थिति और पर्यटन विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पर्यटन विकास को गति देने और पर्यटक सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया। उपायुक्त ने कहा कि बैठक में अहम फैसले लिए गए। धार्मिक और पर्यटन महत्व को देखते हुए कई स्थलों को 'डी' श्रेणी से 'सी' श्रेणी में अपग्रेड करने की अनुशंसा पर्यटन विभाग को भेजी जाएगी। वहीं विधायक मंजू कुमारी सहित अन्य ने बताया कि 'बी' श्रेणी के पर्यटन स्थलों के समग्र विकास के लिए कंसल्टेंट के जरिए डीपीआर तैयार कराया जाएगा। जो पर्यटन स्थल अब तक अधिसूचित नहीं हुए हैं, उनके लिए भी दोबारा प्रस्ताव भेजा जाएगा। साथ ही पर्यटकों की सुविधा के लिए जिले के प्रमुख मार्गों और पर्यटन स्थलों की ओर जाने वाले रास्तों पर टूरिज्म साइनेज लगाने का भी फैसला लिया गया है। बैठक में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नए पर्यटन स्थलों के संवर्द्धन और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के सुझाव भी दिए। उपायुक्त ने सभी विभागों को समन्वित प्रयास करने और स्वीकृत प्रस्तावों पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# गिरिडीह को स्वच्छ और सुंदर बनाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने को लेकर सोमवार को नगर निगम सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गिरिडीह जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपमहापौर सुमित कुमार से मुलाकात कर शहर के समग्र विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में गिरिडीह जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला, सचिव प्रमोद जैन, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष सह गिरिडीह जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सचिव राकेश मोदी सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे। प्रतिनिधियों ने शहर को अधिक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए सुझावों का एक विस्तृत प्रस्ताव उपमहापौर के समक्ष रखा बैठक के दौरान बड़ा चौक स्थित ऐतिहासिक कुएं के जीर्णोद्धार, टुंडी रोड की जर्जर सड़क की मरम्मत, नालियों की सफाई एवं निर्माण तथा अन्य जनसुविधाओं से संबंधित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधियों ने कहा कि शहर के प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों की स्थिति में सुधार से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और गिरिडीह की पहचान भी मजबूत होगी। उपमहापौर सुमित कुमार ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि नगर निगम शहर के सर्वांगीण विकास और स्वच्छता को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और प्रभावी बनाने, जलनिकासी व्यवस्था में सुधार, यातायात सुविधाओं को बेहतर करने तथा बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर भी विस्तार से विचार विमर्श हुआ।

# बीसीसीएल-सीसीएल-इसीएल की परियोजनाओं से प्रभावित परिवारों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**धनबाद।** धनबाद परिसदन में सोमवार को विधानसभा की ध्यान आकर्षण विशेष समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने की। बैठक में बीसीसीएल, सीसीएल और ईसीएल की खनन परियोजनाओं से प्रभावित रैयत परिवारों को मुआवजा, पुनर्वास और नियोजन उपलब्ध कराने के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान प्रभावित परिवारों से आवेदन भी लिए गए और विभिन्न मामलों की समीक्षा की गई। विशेष समिति के अध्यक्ष एवं टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बताया कि समिति का उद्देश्य खनन कार्यों के कारण भूमि गंवाने वाले रैयतों को न्याय दिलाना है। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों के भूमि दस्तावेजों की जांच के बाद उन्हें नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही खनन कंपनियों द्वारा उपयोग की गई सरकारी जमीन की भी समीक्षा की जा रही है। मथुरा प्रसाद महतो ने बताया कि बीसीसीएल द्वारा उपयोग की गई सरकारी जमीन के एवज में राज्य सरकार को लगभग 220 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। अन्य खनन कंपनियों से भी राजस्व वसूली की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि समिति के गठन को नौ माह हो चुके हैं और लगातार प्रभावित परिवारों के हित में काम किया जा रहा है। यह बैठक तीन दिनों तक चलेगी। निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि समिति का प्रयास है कि जिन रैयतों को अब तक उचित मुआवजा नहीं मिला है, उन्हें उनका अधिकार दिलाया जाए। उन्होंने बताया कि वैध भूमि दस्तावेज रखने वाले प्रभावित परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा। वहीं दो एकड़ या उससे अधिक भूमि प्रभावित होने पर नियोजन देने के प्रावधान पर भी विचार किया जा रहा है। बैठक में मौजूद बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि कंपनी प्रभावित रैयतों को नियमानुसार मुआवजा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पात्रता के लिए भूमि संबंधी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना जरूरी होगा। साथ ही प्रभावित परिवारों से बीसीसीएल के पुनर्वास क्षेत्रों में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील भी की।

# तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बोकारो।** सोमवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विश्व तंबाकू निषेध दिवस का शुभारंभ एवं जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की अब तक की प्रगति की समीक्षा की गई तथा अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत सिविल सर्जन ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2026 की थीम - आकर्षण को पहचानें तंबाकू और निकोटीन की लत का मुकाबला करें की जानकारी देकर की। उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण अभियान का प्रभाव केवल गतिविधियों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसका सकारात्मक परिणाम जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि तंबाकू उत्पादों के बाजार में सक्रिय असंगठित क्षेत्र युवाओं को नशे की ओर आकर्षित कर उन्हें खोखला करने का काम कर रहा है। ऐसे तत्वों और इनके नेटवर्क से समाज तथा देश को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। उपायुक्त ने कहा कि पंचायत स्तर पर मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से तंबाकू मुक्त गांवों को विकसित किया जाए तथा ऐसे गांवों में तंबाकू मुक्त ग्राम के बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान को परिणामोन्मुख बनाते हुए ऐसा वातावरण तैयार करें, जिससे लोग स्वयं तंबाकू और नशे की आदत छोड़ने के लिए प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि आने वाले एक माह में सभी विभाग बेहतर कार्य करें और उसका सकारात्मक सामाजिक प्रभाव भी दिखाई दे। मौके पर पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने कहा कि अभियान की सतत मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि विद्यालयों एवं थाना परिसरों के आसपास निर्धारित मानकों के अनुरूप साइनबोर्ड लगाए जाएंगे। साथ ही, थाना प्रभारी पेट्रोलिंग वाहन की टीम कोटपा अधिनियम के तहत सक्रिय रूप से कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रभावी तंबाकू नियंत्रण के लिए डेटा संग्रहण अत्यंत आवश्यक है।

# ऑटो-ट्रक की टक्कर में वृद्ध की मौत, पांच घायल, सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हुसैनाबाद (पलामू)।** जपला-छतरपुर मुख्य सड़क पर सोमवार की सुबह गम्हरिया गांव के समीप एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में दो बच्चों को भी चोटें आई हैं। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, एक ऑटो में दो बच्चों समेत आठ लोग सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान गम्हरिया के पास एक बोरवेल ट्रक और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गोरयाथान निवासी 65 वर्षीय चन्द्रिका यादव का पैर कटकर अलग हो गया। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।घायलों में समसुन बीबी (65 वर्ष), पीर मोहम्मद (35 वर्ष), समीरा खातून (30 वर्ष), लालदेव (36 वर्ष), सरिता देवी (54 वर्ष) समेत अन्य शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल समसुन बीबी और पीर मोहम्मद को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे में अभिषेक कुमार (10 वर्ष) सहित दो बच्चों को भी चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने हादसे के लिए सड़क किनारे पाइपलाइन बिछाने वाली कंपनी को जिम्मेदार ठहराया। ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क किनारे मिट्टी को ऊंचा छोड़ दिया गया था, जिससे सड़क संकरी और असुरक्षित हो गई है। इसी कारण यह दुर्घटना हुई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा सड़क जाम हटाकर यातायात सामान्य कराने का प्रयास किया गया। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। जामस्थल पर हुसैनाबाद के अंचल अधिकारी पंकज कुमार और थाना प्रभारी चंदन कुमार पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने बुझाने में लगे हुए हैं। ग्रामीण उचित मुआवजा और पाइपलाइन संवेदक के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं।

# टिकाऊ कृषि विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण हैं जैव आधारित कृषि उत्पाद

## अगली पीढ़ी के जैव-आधारित कृषि उत्पादों पर केंद्रित संगोष्ठी-सह-कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नई दिल्ली/रांची।** कीटनाशक सूत्रीकरण प्रौद्योगिकी संस्थान (आईपीएफटी), गुरुग्राम ने रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के रसायन और पेट्रोरसायन विभाग के तहत अपने 36वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर (एनएएससी), नई दिल्ली में दो दिवसीय संगोष्ठी-सह-कार्यशाला बायोपीएसएफ 2026: नेक्स्टजेन बायो-इनपुट्स जैव-आधारित कीटनाशक, बायोस्टिमुलेंट्स और जैव उर्वरक का आयोजन किया। कार्यक्रम में नीति-निर्माताओं, वैज्ञानिकों, उद्योग प्रतिनिधियों, नियामकों, शिक्षाविदों, उद्यमियों, स्टार्टअप्स, छात्रों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया। संगोष्ठी का उद्घाटन रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के संयुक्त सचिव (पेट्रोरसायन) डॉ. जी. वेंकटेश ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। डॉ. वेंकटेश ने कहा कि अगली पीढ़ी के जैव-आधारित कृषि उत्पाद मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार, पर्यावरणीय प्रभावों में कमी और टिकाऊ कृषि विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में नवाचार आत्मनिर्भर भारत और देश की जैव-अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक होगा। आईपीएफटी के निदेशक डॉ. एम.के.आर. मुदियम ने स्वागत भाषण में कहा कि कीटनाशक प्रतिरोध, जलवायु परिवर्तन और मिट्टी के क्षरण जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए जैव-आधारित कीटनाशकों, बायोस्टिमुलेंट्स और जैव उर्वरकों का उपयोग आवश्यक है। उन्होंने अकादमिक संस्थानों, उद्योग और नियामक एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। उद्घाटन सत्र में बायोपीएसएफ 2026 सार-पुस्तिका का विमोचन किया गया तथा हिंदी प्रकाशन कृषि रसायन दिग्दर्शिका का लोकार्पण हुआ। साथ ही एएसटीआरए दिल्ली-एनसीआर चैप्टर का शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर आईपीएफटी और कई प्रमुख संस्थाओं के बीच अनुसंधान, नवाचार, प्रौद्योगिकी विकास और क्षमता निर्माण के लिए समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ। फसल संरक्षण, पोषण और मृदा स्वास्थ्य के लिए स्मार्ट एवं टिकाऊ रणनीतियां विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में 23 आमंत्रित व्याख्यान तथा 80 मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं। इनमें सूक्ष्मजीवी जैव-इनपुट्स, नैनो-जैव कीटनाशक, आरएनए आधारित प्रौद्योगिकियां, फॉर्मूलेशन इंजीनियरिंग, बायोस्टिमुलेंट्स, सुरक्षा मूल्यांकन और नियामक ढांचे जैसे विषय शामिल हैं। कार्यक्रम का समापन 2 जून 2026 को होगा, जिसमें श्रेष्ठ मौखिक एवं पोस्टर प्रस्तुतियों के लिए पुरस्कार, उद्योग संवाद तथा भारत के जैव-इनपुट पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ बनाने संबंधी सिफारिशें प्रस्तुत की जाएंगी।

# सांसद ने झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान देने की उठाई मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** तोपचांची प्रखंड के मानगो भवानी चौक में झारखंड आंदोलनकारी और आजसू नेता स्वर्गीय भवानी महतो की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और ग्रामीण मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने स्वर्गीय भवानी महतो के झारखंड आंदोलन में योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि भवानी महतो ने राज्य के अधिकार और पहचान के लिए संघर्ष किया था। उनका जीवन और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने झारखंड आंदोलनकारियों को लेकर राज्य सरकार पर सवाल भी उठाए। उन्होंने कहा कि आज तक वास्तविक आंदोलनकारियों को उचित सम्मान नहीं मिल पाया है। कई ऐसे लोगों के नाम आंदोलनकारियों की सूची में शामिल कर दिए गए हैं, जिनका आंदोलन के समय जन्म तक नहीं हुआ था। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि झारखंड आंदोलनकारियों की सही और प्रमाणिक सूची तैयार की जाए तथा वास्तविक आंदोलनकारियों को उनका हक और सम्मान दिया जाए। सांसद ने कहा कि जिन लोगों ने झारखंड राज्य निर्माण के लिए संघर्ष किया, उन्हें सम्मानित करना सरकार की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं, समाजसेवियों और ग्रामीणों ने भी स्वर्गीय भवानी महतो को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभा के दौरान उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने और समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# लंबित योजनाओं को समय सीमा के भीतर करें पूरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिला पदाधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, सिविल सर्जन, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुख्य सचिव द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) अंतर्गत जिले में खराब पड़े सभी चापाकलों की समीक्षा की गई।



उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में जितने भी चापाकल खराब हैं, उनकी मरम्मति का कार्य मिशन मोड में संचालित करते हुए 15 जून 2026 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि किसी भी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति प्रभावित न हो तथा कोई भी चापाकल खराब स्थिति में न रहे। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जिन मृत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित किए गए हैं, उनके नाम से निर्गत ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड जांच कर उनका नाम विलोपित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने को कहा गया। इसके अतिरिक्त फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने सभी जिलों को निर्धारित लक्ष्य एवं समय-सीमा के अनुरूप कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसान पंजीकरण का कार्य मिशन मोड में संचालित करते हुए अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक कार्रवाई करने तथा कार्यों की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया।

# जेईई एडवांस में लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन, तीन छात्रों का चयन

## छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित करता है लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल : डॉ. धनंजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा, कठिन परिश्रम और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन का परिचय देते हुए जेईई एडवांस 2026 में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विद्यालय के तीन मेधावी छात्रों ने शानदार रैंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार और विद्यालय, बल्कि पूरे औरंगाबाद जिले को गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यालय के छात्र दानी बिगहा निवासी समीर रंजन ने ऑल इंडिया रैंक 2497 प्राप्त कर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। वहीं कर्मा रोड के पुलिस लाइन निवासी अंकित कुमार ने ऑल इंडिया रैंक 5200 प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।







इसके साथ ही सिन्हा कॉलेज रोड निवासी रौशन राज ने ऑल इंडिया रैंक 5997 हासिल कर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ दिया। इस शानदार सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. धनंजय कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल हमेशा से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करता रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जेईई एडवांस जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करना असाधारण मेहनत, धैर्य और समर्पण की मांग करता है। उन्होंने कहा कि इन छात्रों ने अपनी लगन और निरंतर प्रयास से यह साबित कर दिया है कि सही दिशा में किया गया परिश्रम अवश्य सफलता दिलाता है। गौरतलब है कि लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल पिछले दो दशकों से आईआईटी, मेडिकल एवं अन्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार उत्कृष्ट परिणाम देता आ रहा है। जेईई एडवांस 2026 की यह सफलता विद्यालय की उसी गौरवशाली परंपरा का विस्तार है, जिसने इसे क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में विशिष्ट पहचान दिलाई है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की है कि वे देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे।

# दुष्कर्म सहित अन्य मामलों में 29 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 12 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, बलात्कार के शीर्ष में एक, दहेज़ मृत्यु के शीर्ष में एक, मद्य निषेध अधिनियम के तहत आठ तथा अन्य मामलों में 19 लोगों की गिरफ्तारी की गई। वहीं तीन लीटर विदेशी शराब एवं एक बाइक बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1182 वाहनों की जांच की गई जिसमें 7000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है।

# नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती : विजय रजक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नशा मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करने और विद्यार्थियों को सामाजिक जागरूकता, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं युवा सशक्तिकरण के उद्देश्य से राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय नशा मुक्त भारत अभियान का भव्य एवं सफल समापन हुआ। अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के बीच नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने तथा उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समापन समारोह के अवसर पर अभियान के दौरान आयोजित सभी प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों




में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्राचार्य डॉ. विजय रजक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ सामाजिक चेतना को भी मजबूत बनाते हैं। प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी एवं सकारात्मक जीवन दृष्टि का विकास करना भी है। नशा आज समाज के सामने एक गंभीर चुनौती बनकर उभरा है, जिससे युवाओं को विशेष रूप से प्रभावित होने का खतरा रहता है। ऐसे में शैक्षणिक संस्थानों की यह जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों को जागरूक करें तथा उन्हें स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन की ओर प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान जैसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह के दौरान उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली।

# पुलिसिंग व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने को दिया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो एनसीआरबी द्वारा विकसित व राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र एनआइसी बिहार द्वारा क्रियान्वित किये जा रहे सीसीटीएनएस यानी कोर एप्लीकेशन के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिले में नवस्थापित आजन, कंचनपुर, देवजरा, बड़ेम साइबर एवं यातायात थाना के पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस कार्यालय स्थित सभा कक्ष में किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य नवस्थापित थानों में सीसीटीएनएस प्रणाली का सुचारू संचालन सुनिश्चित कराते हुए पुलिस पदाधिकारियों को डिजिटल पुलिसिंग प्रणाली के प्रति प्रशिक्षित व दक्ष बनाना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों को सीसीटीएनएस प्रणाली के विभिन्न महत्वपूर्ण मॉड्यूलों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। इसमें मुख्य रूप से सामान्य डायरी जीडी प्रविष्टि, आईआईएफ-1 प्राथमिकी प्रविष्टि, क्लाइंट एप्लीकेशन व मोबाइल एप इंस्टॉलेशन व इसका उपयोग, लॉगइन, व सिस्टम एक्सेस प्रोसेस जैसे विषयों का शामिल किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस पदाधिकारियों को विस्तार पूर्वक बताया कि डिजिटल पुलिसिंग आधुनिक कानून व्यवस्था प्रणाली की आधारशिला है। सीसीटीएनएस प्रणाली पुलिस प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही, दक्षता व त्वरित सूचना प्रबंधन सुनिश्चित करेगी। यह प्रणाली अपराध व अपराधियों से संबंधित सूचनाओं के राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

# गैस सिलिंडर नहीं मिलने पर किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गैस वितरण में अनियमितता और कालाबाजारी के आरोप को लेकर दर्जनों उपभोक्ताओं ने पटना से औरंगाबाद के हरिहरगंज होते हुए झारखंड तक जाने वाली एनएच-139 को गैस सिलेंडर रखकर जाम कर दिया। मामला जम्होर थाना क्षेत्र के कुमार गैस एजेंसी की है जहां सोमवार को उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। इस दौरान क़रीब एक घंटे तक सड़क जाम की स्थिति बनी रही। सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन प्रभावित हो गया। उपभोक्ताओं का आरोप था कि पिछले करीब 15 दिनों से उन्हें घरेलू गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है, जबकि एजेंसी संचालक की ओर से गैस सिलेंडरों को दूसरे वाहनों के माध्यम से ऊंचे दामों पर बाजार में बेचा जा रहा है। लोगों का कहना था कि वे कई दिनों से एजेंसी का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन हर बार गैस खत्म होने या आपूर्ति नहीं होने का हवाला देकर वापस लौटा दिया जाता है। स्थिति उस समय बिगड़ गई जब सोमवार को गैस लेने पहुंचे लोगों ने सिलेंडरों को दूसरे वाहन से भेजे जाते देखा। इसके बाद उपभोक्ताओं ने जिलाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी को मोबाइल फोन के माध्यम से मामले की सूचना दी और कार्रवाई की मांग की। हालांकि तत्काल कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा जिससे लोगों का आक्रोश और बढ़ गया। नाराज उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर सड़क पर रखकर एनएच-139 को पूरी तरह जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। इसके बाद थानाध्यक्ष ने मामले की जानकारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दी। सूचना मिलते ही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि सभी उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जाएगी तथा एजेंसी के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ और सड़क जाम समाप्त कर दिया गया।

# किसान के बेटे अभिषेक सिंह का वाइएससीएल में चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के माली थानांतर्गत कमदरपुर गांव के युवा क्रिकेटर अभिषेक सिंह ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के बल पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन प्रतिष्ठित यंग स्टार क्रिकेट लीग (वाइएससीएल) में तेज गेंदबाज (फास्ट बॉलर) के रूप में हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे गांव और जिले में खुशी का माहौल है। अभिषेक सिंह एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता स्वर्गीय कृष्णा सिंह थे। सीमित संसाधनों और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद अभिषेक ने क्रिकेट के प्रति अपने जुनून को कभी कम नहीं होने दिया। उन्होंने लगातार अभ्यास और मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है।



अभिषेक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में क्रिकेट अभ्यास की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य को लेकर निरंतर मेहनत जारी रखी। पटना में दोस्तों और क्रिकेट प्रेमियों के सहयोग से उन्हें ट्रायल की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर चयन हासिल किया।

# महाराणा प्रताप चौक का होगा सौंदर्यीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर क्षेत्र स्थित महाराणा प्रताप चौक के प्रस्तावित सौंदर्यीकरण कार्य का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा आज स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चौक को और अधिक आकर्षक, सुव्यवस्थित एवं जनोपयोगी बनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर संबंधित पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने चौक पर स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के आसपास के क्षेत्र के समुचित विकास, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, हरित क्षेत्र के विस्तार, सौंदर्यपरक लैंडस्केपिंग, रंग-रोगन एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने



कहा कि महाराणा प्रताप चौक नगर की एक महत्वपूर्ण पहचान है तथा इसके सौंदर्यीकरण से न केवल शहर की सुंदरता में वृद्धि होगी, बल्कि आम नागरिकों एवं आगंतुकों को भी एक बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अभियंताओं एवं नगर परिषद के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सौंदर्यीकरण कार्य की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध ढंग से कार्य प्रारंभ किया जाए। साथ ही चौक के आसपास यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुविधाएं विकसित करने का भी निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता उपेन्द्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी, यातायात पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार, सदर अंचलाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# जनता और पुलिस के बीच विश्वास बनाए रखना अत्यंत आवश्यक : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आम जनता की समस्याओं को सुनने और पुलिस प्रशासन के प्रति उनका विश्वास मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 50 फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं और शिकायतें रखीं। जनता दरबार के दौरान भूमि विवाद, आपसी रंजिश, चोरी, घरेलू हिंसा और पुलिस कार्रवाई में देरी से जुड़े कई मामले पुलिस अधीक्षक के सामने आए। पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्याएं सुनी और शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लिया। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर ही मौजूद अधिकारियों और फोन के माध्यम से संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए। जनता दरबार से सीधे पुलिस अधीक्षक तक अपनी बात पहुंचाने वाले फरियादियों में काफी संतोष देखा गया। कई पीड़ितों ने बताया कि एसपी के त्वरित निर्देश के बाद अब उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनता और पुलिस के बीच विश्वास बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए प्रत्येक शिकायत का पारदर्शी एवं संवेदनशील तरीके से निस्तारण किया जाए।

# लूट के सोना-चांदी के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद एवं ओडिशा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ओडिशा के कोइंदर जिले के बरबिल थाना क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा में हुए लूटकांड का सफल उद्भेदन करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान चौरी पंचायत के बहादुरपुर निवासी अखिल यादव तथा चौरी निवासी जितेंद्र सोनी के रूप में हुई है। अखिल उर्फ अखिलेश दाउदनगर के प्रमुख रहे हैं। पुलिस ने उनके पास से लूटे गए सोने एवं चांदी के आभूषण भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा में हुई लूट की घटना के बाद मामले की जांच लगातार



चल रही थी। तकनीकी अनुसंधान एवं खुफिया सूचना के आधार पर औरंगाबाद तथा ओडिशा पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान लूटकांड में शामिल दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर लूटे गए आभूषणों की बरामदगी की गई। जांच के दौरान यह भी पता चला कि अखिल यादव ने लूटे गए आभूषण कलेर स्थित एक ज्वेलरी दुकान में जितेंद्र सोनी को बेचे थे। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है तथा मामले से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# विभिन्न मांगों को लेकर को-ऑपरेटिव बैंककर्मियों ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक एंप्लॉइज फ़ेडरेशन यूनिट, औरंगाबाद के बैनर तले सोमवार को बैंक कर्मियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों के समर्थन में बैंक के औरंगाबाद शाखा परिसर में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया। पूर्व निर्धारित आंदोलन कार्यक्रम के तहत बैंक परिसर में ही कर्मियों ने एक दिवसीय शांतिपूर्ण हड़ताल कर धरना दिया। इस दौरान कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। संघ के नेताओं ने स्पष्ट कहा कि उनका आंदोलन पूरी तरह लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से चलाया जा रहा है तथा वे वार्ता के माध्यम से समाधान चाहते हैं। कर्मचारियों ने बैंक प्रबंधन पर लंबे समय से उनकी जायज मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि 5 जून तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे। धरना कार्यक्रम के दौरान कर्मचारी नेताओं ने कहा कि बैंक कर्मियों की समस्याएं वर्षों से लंबित हैं, लेकिन प्रबंधन स्तर पर उनके समाधान को लेकर कोई गंभीर पहल नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं पर विचार करने के लिए दो नवंबर 2025 को संघ की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किए गए थे। इसके बाद बैंक के प्रबंध निदेशक एवं निदेशक मंडल को पत्र भेजकर कर्मचारियों की मांगों से अवगत कराया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# सहयोग शिविर में अधिकाधिक लोगों को लाभ देने का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आज मंगलवार को जिला अंतर्गत आयोजित होने वाले सहयोग शिविर के सफल संचालन हेतु सभी निर्धारित पंचायतों में व्यापक स्तर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार तैयारी कर ली गई है। जिला प्रशासन द्वारा सभी जिलावासियों से अपील की गई थी कि वे अपने-अपने पंचायत सरकार भवन में जाकर अपनी समस्याओं का आवेदन समय पूर्व जमा करें ताकि ससमय निष्पादन किया जा सके। इसी क्रम में अधिकतम आवेदनों का निष्पादन संबंधित विभागों द्वारा कर दिया गया जिसकी सूचना सभी लाभार्थी को दे दी गई है एवं वे शिविर के दिन आकर अपने आवेदन पर कृत कार्यवाही भी देख सकेंगे। सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों की सुलभ प्राप्ति एवं उनके त्वरित, पारदर्शी तथा प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इस अंतर्गत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक शिविर के आयोजन से पूर्व संबंधित पंचायतों में कम-से-कम 30 दिन पूर्व से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है ताकि प्राप्त आवेदनों का पूर्व परीक्षण कर उनके निष्पादन की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक शिविर हेतु वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को शिविर के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में आज बारून प्रखंड के पिपरा व धनगाईं, औरंगाबाद प्रखंड के पड़रावाँ व खैराबिन्द, देव प्रखंड के पवई व खरकनी, मदनपुर प्रखंड के पिपरौरा व वार, रफीगंज प्रखंड के पौथु, इटार, लट्टा व कजपा, कुटुम्बा प्रखंड के भरौंधा, कर्मा बसंतपुर, डुमरा घेउरा, नबीनगर प्रखंड के महुआंव व अंकोरहा, ओबरा प्रखंड के तेजपुरा व डिहरा, दाउदनगर प्रखंड के शमशेर नगर व अरई, गोह प्रखंड के हथियारा, बनतारा, अमारी व तेयाप, हसपुरा प्रखंड के पीरु, पुरहरा में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शिविर का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी तरीके से सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिकाधिक नागरिकों को इस पहल का लाभ मिल सके। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे अपने पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# महिला उत्पीड़न मामले का अभियुक्त गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** महिला उत्पीड़न मामले में एक आरोपी को महिला थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया गया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के महुआ शहीद निवासी करण पासवान के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष अंजली कुमारी ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त के भाई महेंद्र पासवान ने अपनी पहली पत्नी के रहते झूठ बोलकर दूसरी शादी की थी। शादी का खुलासा होने पर दूसरी पत्नी ने महेंद्र पासवान और करण पासवान सहित अन्य परिजनों को नामजद अभियुक्त बनाया था जिसमें बताया कि झूठ बोलकर शादी की तथा अक्सर मारपीट व शारीरिक उत्पीड़न करते हैं।

# समस्याओं के समाधान में नहीं हो अनावश्यक विलंब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब नहीं हो।